जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

सिरोही, रविवार, 16 मार्च 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 56 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.



'सिकंदर' की शूटिंग खत्म होते ही नए... पेज -09

शक्ति वंदन भारत के स्व का अभिनंदन महोत्सव

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकताः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## सशक्त और विकसित देश-प्रदेश के निर्माण में आधी आबादी की अहम भूमिका





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा किसशक्त और विकसित देश-प्रदेश बनाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। आधी आबादी की भागीदारी के बिना विकास की यात्रा अधूरी है। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में भी शक्ति के लिए मां दुर्गा, धन के लिए मां लक्ष्मी और बुद्धि के लिए मां सरस्वती की उपासना करने की परम्परा रही है। शर्मा ने कहा कि यह शक्ति वंदन महोत्सव हमारे महिला सशक्तीकरण के प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान का प्रतीक है। हमारी सरकार राज्य में महिलाओं को विकासोन्मुखी वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है।

मुख्यमंत्री शनिवार को जवाहर कला केन्द्र में शक्ति वंदन भारत के स्व का अभिनंदन महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने अपने जीवन और कार्यों से एक स्थायी विरासत छोड़ी है। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महेश्वर में स्थानीय हथकरघा उद्योग का विकास कर दुनिया को महेश्वर साड़ी की सौगात दी। वे एक साहसी योद्धा सक्षम प्रशासक और सनातन संस्कृति की समर्पित संरक्षिका थीं।

### » प्रधानमंत्री की आधी आबादी की उन्नति और प्रगति की सोच

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आधी आबादी की उन्नति और प्रगति में विश्वास रखते हैं। यह महोत्सव प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और विलुप्त होती कलाओं को पुनर्जीवित करने के प्रयासों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश के आस्था केन्द्रों का तेजी से विकास हो रहा है। हमारे पौराणिक धार्मिक स्थलों को उनका दिव्य एवं भव्य रूप वापस लौटाकर सनातन संस्कृति का उत्थान किया जा रहा है। राज्य सरकार भी प्रदेश के आस्था स्थलों का पुनरूद्धार कार्य करवा रही है।

### » महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना हमारा लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान के लिए तेजी से काम कर रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना हमारा लक्ष्य है। हम राजीविका के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देकर उनको स्वरोजगार से जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए भी राज्य सरकार द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। हाल ही में होली के पावन अवसर पर सरकार ने स्वयं सहायता समूहों की माताओं-बहनों द्वारा तैयार हर्बल गुलाल खरीदकर उन्हें प्रोत्साहित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर तीन दिवसीय 'नारी शक्ति वंदन भारत के स्व का अभिनंदन' महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने शक्ति वंदन पुस्तक में उद्यमी महिलाओं के लिए संदेश लिखा। शर्मा ने जयपुर नगर निगम ग्रेटर द्वारा आयोजित देवी अहिल्याबाई होल्कर प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और प्रदर्शनी के रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकिल आधारित उत्पादों की सराहना की। इस अवसर पर नगर निगम जयपुर ग्रेटर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने मुख्यमंत्री को अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा भेंट की। कार्यक्रम में जयपुर सांसद मंजू शर्मा सहित जनप्रतिनिधिगण, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिला उद्यमी एवं बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा किप्रदेश में हमारी सरकार भी वंदनीय और गौरवशाली सनातन संस्कृति के उत्थान के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में हमने राजस्थान दिवस भी अंग्रेजी तारीख की जगह हमारे पंचांग की तिथी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाये जाने का निर्णय लिया है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का श्रीलंका दौरा अप्रेल में

## सोलर पावर प्लांट का करेंगे उद्घाटन

### » 2015 के बाद मोदी की यह चौथी यात्रा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अप्रेल में आधिकारिक यात्रा पर श्रीलंका जाएंगे। इस दौरान वह सरकारी विद्युत इकाई सीलोन विद्युत बोर्ड और भारत की एनटीपीसी ने साल 2023 में पूर्वी त्रिंकोमाली जिले के सामपुर शहर में 135 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। पीएम का ये दौरा दोनों देशों के रिश्तों को मजबूती देने, द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने और महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत करने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।



साल 2015 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की श्रीलंका की यह चौथी यात्रा होगी। यात्रा के दौरान पीएम मोदी श्रीलंका सरकार के साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। जिसमें मछुआरों के विवाद, व्यापारिक संबंध, सुरक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सहयोग जैसे मुद्दे शामिल हैं। श्रीलंका भारत का एक महत्वपूर्ण पड़ोसी और रणनीतिक साझेदार है।

पीएम मोदी की यह यात्रा दोनों के रिश्तों को एक नई दिशा देने का कार्य करेगी, खासकर जब दोनों देशों के बीच आर्थिक और राजनीतिक सहयोग को मजबूत करने की जरूरत है। पिछले साल श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके भारत आए थे। इस दौरान हुए कई समझौते हुए थे। इन्हीं समझौतों को अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी श्रीलंका की यात्रा करेंगे।

महाराष्ट्रः बीड एसपी का फैसला

## वर्दी पर नेमप्लेट से 'सरनेम' हटाएं

**बीड।** महाराष्ट्र के बीड पुलिस की वर्दी पर अब केवल उनका ही नाम लिखा होगा पर सरनेम नहीं होगा। महाराष्ट्र के बीड जिले में पुलिस अधीक्षक (एसपी) नवनीत कंवत ने पुलिसकर्मियों की नेमप्लेट से उपनाम (सरनेम) हटाने का निर्णय लिया है। पुलिस के अनुसार अब नेमप्लेट पर केवल उनका पहला नाम और पद ही लिखा होगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जाति-आधारित भेदभाव को समाप्त करना और पुलिस बल के भीतर निष्पक्षता सुनिश्चित करना है। एसपी नवनीत कंवत के अनुसार, 'हम पुलिस वालों की कोई जाति नहीं होती, हमारा कोई धर्म नहीं होता, हम सबके लिए बस 'खाकी' हैं।'

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला

## बेटे को नहीं मिला कोई नोटिसः भूपेश बघेल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि उनके बेटे को प्रवर्तन निदेशालय से एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कोई नोटिस नहीं मिला है। बघेल का बयान समय आया जब बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को 15 मार्च को केंद्रीय एजेंसी के सामने अपना बयान दर्ज कराने के लिए पेश होने के लिए बुलाया गया है। मीडिया ने सवाल पूछा कि क्या उनके बेटे ईडी के समक्ष पेश होंगे, भूपेश बघेल ने कहा कि यदि नोटिस नहीं मिला है तो (ईडी के पास जाने का सवाल ही नहीं उठता। जब समन तामील होगा, तो उसका अनुपालन किया जाएगा। ईडी का काम मीडिया में सनसनी फैलाना है। मेरे खिलाफ सात साल से सीडी का मामला चल रहा था। हाल ही में अदालत ने मुझे सभी आरोपों से बरी कर दिया। यह एक राजनेता को बदनाम करने की भाजपा की साजिश है। 10 मार्च को ईडी ने भिलाई शहर में भूपेश बघेल के आवास पर छापा मारा था। इसके अलावा, चैतन्य के कथित करीबी सहयोगी लक्ष्मी नारायण बंसल उर्फ पप्पू बंसल सहित 13 और ठिकानों पर भी पीएमएलए के प्रावधानों के तहत तलाशी ली गई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### यूपीः सीतापुर में नाव पलटने से तीन की मौत

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर में एक नाव पलटने से 15 लोग नदी में डूब गए। इनमें से तीन लोगों की मौत हो गई। डीएम अभिषेक आनंद ने बताया कि हादसा शारदा नहर में हुआ। यहां 15 लोग एक नाव में सवार होकर अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। बीच में ही उनकी नाव पलट गई। इससे तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई। वहीं,12 लोग लापता हैं।

### बलूचिस्तान में पाक सेना पर दूसरी बार हमला

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान में 24 घंटे में शनिवार को दूसरी बार पाकिस्तानी सेना पर बम से हमला हुआ है। इस हमले में कई जवान घायल हो गए हैं जबकि कइयों के मारे जाने की भी खबर है। पाक सेना पर यह हमला केच जिले में हुआ है। बलूच सेना ने शुक्रवार को पाक के बंधक बनाए गए सभी 214 जवानों को मार डाला था।

### बीरभूम में तनाव, 21 गिरफ्तार

**सैंथिया।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में दो समूहों के बीच झड़प के सिलसिले में 21 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह झड़प शुक्रवार शाम सैंथिया पुलिस थाना क्षेत्र में हुई। एक आदेश के अनुसार, किसी भी तरह के अपराध को भड़काने से रोकने के लिए राज्य सरकार ने सैंथिया शहर और सैंथिया पुलिस थाना क्षेत्र के पांच अन्य निकटवर्ती पंचायत क्षेत्रों में 17 मार्च तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी हैं। एक अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। स्थिति शांतिपूर्ण है। हिंसा में दोनों समूहों के कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं और उन्हें चिकित्सा सहायता दी गई।

मप्र सरकार के कैबिनेट मंत्री को धमकी

# विजय शाह तीन दिन में हो जाएगा तेरा मर्डर

### राजस्थान सीमा से आरोपी गिरफ्तार

### फेसबुक पार दी थी हत्या की धमकी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय शाह को जान से मारने की धमकी देने का आरोपी अब पुलिस गिरफ्त में है। खंडवा पुलिस ने फेसबुक पर पोस्ट कर जान से मारने की धमकी देने के आरोपी मुकेश दरबार को राजस्थान सीमा से गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी को अरेस्ट कर खंडवा ले आई है और उससे पूछताछ कर रही है। आरोपी मुकेश दरबार ने मंत्री विजय शाह के खिलाफ फेसबुक पर पोस्ट कर लिखा था कि 'हरसूद विधायक 176 तेरी मौत तय है, तीन दिन में तेरा मर्डर हो जाएगा, बच सके तो बच'। फेसबुक पर यह पोस्ट वायरल होने के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। खंडवा एसपी मनोज कुमार राय ने बताया कि हरसूद विधानसभा के विधायक तथा कैबिनेट मंत्री विजय शाह को लेकर सोशल मीडिया पर अपशब्द लिखकर पोस्ट की गई थी। शिकायत पर हरसूद थाना पुलिस ने आरोपी मुकेश दरबार के खिलाफ गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। आरोपी मुकेश को मध्य प्रदेश से लगी राजस्थान बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं सुरक्षा के लिहाज से मंत्री विजय शाह की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

टीएमसी के दावे से बीजेपी में हड़कंप

## टीएमसी में 12 विधायक होंगे शामिल!

**कोलकाता।** कुछ दिन पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने बीजेपी नेता शुभेंदु अधिकारी को बड़ा झटका दिया था। हल्दिया विधायक तापसी मंडल बीजेपी छोड़कर टीएमसी में शामिल हो गई थीं। अब टीएमसी नेता नाटाबाड़ी के पूर्व विधायक और उत्तर बंगाल के पूर्व विकास मंत्री रवींद्रनाथ घोष ने दावा किया कि अब भाजपा के 12 विधायक तृणमूल कांग्रेस में शामिल होना चाहते हैं। उनके दावे को लेकर अब उत्तर बंगाल के राजनीतिक हलकों में अटकलें तेज हो गई है। रवींद्रनाथ ने साफ तौर पर कहा कि कूचबिहार में तीन विधायकों के साथ बातचीत चल रही है। वे आपस में इस पर बातचीत करके धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं। अब देखते हैं क्या होता है। इसके बाद उन्होंने एक बहुत ही विस्फोटक दावा किया। उन्होंने कहा, कि उत्तर बंगाल के विभिन्न जिलों में कई भाजपा विधायक हैं जो हमारे राज्य नेतृत्व के निकट संपर्क में हैं। मुझे लगता है कि चुनाव से ठीक पहले उत्तर बंगाल में 10-11 से अधिक विधायक दल बदल लेंगे। यह संख्या एक दर्जन हो सकती है।

### 2026 में होंगे विस चुनाव

पूर्वोत्तर में अमित शाह का कांग्रेस पर हमला

# 'अशांत असम को मोदी सरकार ने किया शांत'

## डेरगांव में पुलिस अकादमी का उद्घाटन



**गोवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को असम के डेरगांव में लचित बरफुकन पुलिस अकादमी का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने अशांत असम को शांत किया। यहां बुनियादी ढांचे का विकास किया और पूर्वोत्तर राज्य के युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित किया। शाह ने कहा कि मैंने असम में कांग्रेस सरकार के डंडे भी खाए और जेल की रोटी भी खाई। मैं विद्यार्थी काल में असम आया था। हितेश्वर सैकिया असम के मुख्यमंत्री थे। सात दिनों तक मैंने असम के जेल की रोटी भी खाई है। पूरे देश से लोग असम को बचाने आए। आज मैं असम सरकार को बधाई देना चाहता हूं। आज असम विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि असम में पुलिस पहले आतंकवादियों से लड़ने के लिए थी, लेकिन अब यह लोगों की मदद के लिए है। पिछले 10 वर्षों के दौरान असम में दस हजार से अधिक युवा हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं और राज्य में शांति लौट आई है। मोदी सरकार असम में हाल ही में आयोजित व्यावसायिक सम्मेलन में प्रस्तावित पांच लाख करोड़ रुपए के निवेश के अलावा तीन लाख करोड़ रुपए की बुनियादी ढांचा परियोजनाएं लाएगी। लचित बरफुकन पुलिस अकादमी अगले पांच वर्ष में शीर्ष अकादमी बन जाएगी, जिसमें विभिन्न चरणों में कुल 1050 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

आईआईटी चेन्नई के छात्र का दावा

# 1000 किलोमीटर की रफ्तार से चलेगी ट्रेन

## रेलमंत्री ने किया ट्यूब का निरीक्षण



FILE PHOTO



**चेन्नई।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आईआईटी चेन्नई में उस ट्यूब का निरीक्षण किया जिसमें 1000 किलोमीटर की रफ्तार से ट्रेन चलाने का दावा किया जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आईआईटी मद्रास में एक यंग इंजीनियर्स की टीम है। उसको रेलवे की तरफ से और इंडस्ट्री की तरफ से सपोर्ट किया जा रहा है जिससे की नए तरह के एक्सपेरिमेंट हो सकें। यह पूरा हाइपरलूप जो बनाया है 400 मीटर का यह पॉड इसके अंदर चलता है और वैक्यूम जब क्रिएट हो जाएगा तो यह पार्ट मैग्नेटिक लैविटेशन यानी ट्रैक के ऊपर नहीं चलेगा, ट्रैक से ऊपर उठ के चलेगा। उन्होंने जनरल मैनेजर आईसीएफ को बोला है सारे इलेक्ट्रॉनिक्स जो वंदे भारत में और दूसरी ट्रेन में लगते हैं वैसी ही हाई क्वालिटी के इलेक्ट्रॉनिक यहां के लिए बनाएं तो आने वाले भविष्य में हाइपरलूप एक रियलिटी बनेगा।

### अभी एक्सपेरिमेंट स्टेज पर : अश्विनी वैष्णव

### क्या है हाइपरलूप

*हाइपरलूप तकनीक में खंभों के ऊपर (एलिवेटेड) ट्रांसपेरेंट ट्यूब बिछाई जाती है। इसके अंदर लंबी सिंगल बोगी हवा में तैरते हुए चलती है। इसमें घर्षण बिल्कुल नहीं होता। इसी के चलते इसकी स्पीड 1100 से 1200 किमी प्रति घंटे तक होती है।*

### अभी तक की प्रगति

*आईआईटी मद्रास द्वारा 422 मीटर का सफल परीक्षण ट्रैक बनाने के बाद भारत वाणिज्यिक परिवहन के लिए 50 किलोमीटर के हाइपरलूप कॉरिडोर के विकास के लिए काम किया जा रहा है। अगर यह बन जाता है, तो यह दुनिया का सबसे लंबा हाइपरलूप ट्रैक हो सकता है।*

### कितनी होगी कैपेसिटी

*हाइपरलूप प्रोजेक्ट से जुड़े छात्र सचिन पाण्डेय ने बताया कि अभी जो पॉड डिजाइन किया जा रहा है वह 1000 किलो की परिवहन क्षमता का है। इसका मतलब यह है कि उसमें लगभग 11 व्यक्ति या 1000 किलो के सामान को लाया ले जाया सकता है।*

मौसम विभाग की चेतावनी

## गुजरात-ओडिशा में भीषण गर्मी

**नई दिल्ली।** आईएमडी वैज्ञानिक डा सोमा सेन रॉय ने कहा कि उत्तर हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और आसपास के इलाकों जैसे पंजाब, हिमाचल प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश में गरज के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। रविवार से मौसम में बदलाव होगा और बारिश की तीव्रता और आर्द्रता कम हो जाएगी। गुजरात में गर्मी तेजी से बढ़ रही है और वहां ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, रविवार से प्रदेश में येलो अलर्ट जारी किया जाएगा। गुजरात के साथ ही ओडिशा में भी भीषण गर्मी जारी रहेगी, इसलिए रविवार को ओ़डिशा के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही झारखंड और पश्चिम बंगाल में दो से तीन दिनों तक येलो अलर्ट के साथ हीटवेव की स्थिति जारी रहेगी, मौसम में बदलाव होगा फिर गर्मी थोड़ी कम हो जाएगी। वहीं पूर्वी अरुणाचल, पूर्वी असम और मणिपुर में भी तेज हवाओं के साथ ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

# मुख्यमंत्री शर्मा केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के पिता के अंतिम संस्कार में शामिल हुए





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जमालपुर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को केन्द्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव के पिता स्व. कदम सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। शर्मा केन्द्रीय मंत्री के हरियाणा स्थित पैतृक गांव जमालपुर पहुंचे और उनके पिता की पार्थिव देह पर श्रद्धासुमन अर्पित कर अंतिम यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। यादव के पिता का शनिवार सुबह निधन हो गया था।

# जिलेभर में होली जश्न मनाया, गेरियों ने फाग धुन घोली



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिलेभर में गुरु- शुक्र फाग मस्ती में रंगा रहा। गुरुवार को जहां शुभ मुहूर्त में होलिका दहन, शुक्रवार को रंगों की बौछार और जगह जगह लूर मस्ती के साथ गेरियों ने अपनी अपनी प्रस्तुतियों से परम्पराओं को बांधे रखा। बच्चों ने अबीर, रंग और गुलाल से जहां जमकर अठखेलिया की वहीं युवाओं एवं बड़े बुजुर्गो ने माथे पर रंग और गुलात का तिलक कर होली की शुभकामनाएं दी।

**रामसीन।** कस्बे के गुरूवार को रात को 11 बजकर 30 मिनट पर प्रजापत चौक पर ढोल-ढमाकों के साथ लोग इकठ्ठे होने लगे। प्रजापत चौक से एकत्रित होकर विभिन्न समुदाय के लोग गेर नृत्य के साथ महिलाओं द्वारा फागण के गीत गाते हुए आपेश्वर महादेव के पहुंचे। 36 कौम के लोगों ने शुभ मूर्हत में होलिका दहन किया गया। उसके बाद विभिन्न समुदायों लोग इकठ्ठे होकर घर-घर जाकर ढुंढोत्सव कार्य म मनाया गया। फिर शुक्रवार को घर-घर जाकर एक-दूसरे पर रंग के साथ रंगो की होली मनाई गई। शाम ढलते समय समस्त समाज के लोगों द्वारा आपेश्वर महादेव के दर्शन के साथ गेर-नृत्य का आयोजन किया गया। लोगों द्वारा घडे में कण देखकर अच्छी बारिश की कामनाओं के साथ नूतन वर्ष की दुआ की। विभिन्न समाज के लोगो द्वारा अलग-अलग गेर प्रस्तुत की गई । इसके अलावा कस्बे सहित सीकवाड़ा, वाडकागोगा, चान्दना, बुगांव, चान्दुर, तातोल, माण्डोली, पूनककलॉ, आकुना, सोमता, जोडवाड़ा, लुर, थुर, मुड़तरासिली, बीठन, कोलर, आजबर सहित कई गांवों में भी होली का त्योहार विभिन्न समाज के लोगों ने पानी की बचत करते हुए तिलक लगाकर व गुलाल के साथ मनाई। इस मौके पर थानाधिकारी तेजुसिंह ने बताया कि होली को लेकर कस्बे के थानाधिकृत क्षैत्रों में पुलिस कॉस्टेबल लगाएं गए। हिराजी महाराज मंदिर प्रांगण में शु' वार का शाम को 36 कौम द्वारा गेर नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें मांडोली निवासी रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी, समाजसेवी तुलसीराम रावल, राणाराम देवासी, जगदीश रावल, लक्ष्मण देवासी सहित समस्त समाज के लोगों ने मिलकर गेर नृत्य कर होली मनाई।



**जीवाणा।** हरि हरि ने हरिया दे, ढूंढोत्सव के तहत परम्परा निभाई। जीवाणा सांगाणा कस्बे सहित क्षेत्र भर में होली पर्व को लेकर ग्रामीणों ने परम्परा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष जन्मे बच्चे की ढूंढ करने से पर्व बच्चे में मामा या चाचा बच्चे को लेकर पाठ पर बैठते है। इसके बाद एक बड़ी लकड़ी पर युवाओं द्वार लकड़ियों से मारते हुए पारंपरिक गीत हरि हरि ने हरिया दे,इण घर पर जितरा घोड़ा, ऊंट गेरियों री पूरी आस की प्रस्तुति देते हुए ढूंढ का कार्यक्रम की रस्म निभाई। सांगाणा गांव में बेटों के साथ बेटियों का भी ढूंढोत्सव मनाया जाता है। सांगाणा में आज से कई साल पहले शुरु की इस परंपरा को ग्रामीण आज भी जोश के साथ मना रहे हैं।



इधर कस्बे में युवा गुलाल से होली खेलते हुए एक दूसरे के गुलाल लगा कर शुभकामनाएं दी। देर शाम को शुभ मुहुर्त पर होलिका दहन किया गया। गुरुवार को क्षेत्र सहित में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसके अगले दिन शुक्रवार को धुलण्डी पर सुबह से ही एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाने के लिए बच्चे, युवा-युवतियों व अन्य लोग टोलियां बनाकर घरों से निकले। लोगों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली का पर्व मनाया व गले लगकर रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं दी। लोगों ने अपने खेतों में पकी हुई फसलों की लूरी बांधकर अग्नि को भोग लगाया। इसके बाद ढोल-ढमाकों के साथ होलिका स्थलों पर लोगों ने गेर नृत्य का आनंद उठाया।

**रानीवाड़ा।** होली का दो दिवसीय त्योहार धूमधाम से मनाया गया है। शुक्रवार को पूरे क्षेत्र में धुलंडी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर की गलियों और मोहल्लों में लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल-अबीर लगाया और गले मिलकर बधाइयां दीं। महिलाओं और युवाओं में त्योहार को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। इस अवसर पर शहर में गांव गेर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को ढूंढने की परंपरागत प्रथा निभाई गई। त्योहार के मद्देनजर रानीवाड़ा पुलिस ने भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की और हर कोने पर निगरानी रखी।



रानीवाड़ा

**सांचौर।** होली का पर्व हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। नगर के विभिन्न इलाकों में लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर और मिठाइयों का आदान-प्रदान कर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, वहीं दोपहर होते ही चौक-चौराहों और गलियों में रंगों की धूम मच गई। युवा ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते नजर आए, जबकि महिलाओं और बच्चों ने फूलों और अबीर से होली खेली। नगर के मुख्य चौक पर आयोजित होली मिलन समारोह में समाज के नागरिकों ने भाग लिया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

**सायला।** शहर में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सायला के पुराना बस स्टैंड पर गुरुवार रात्रि को शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ होलिका दहन किया गया। इसी प्रकार कात्यायनी माता मंदिर, राजाराम नगर गोलियां एवं अम्बेडकर चौक पर भी होलिका दहन किया गया। दूसरे दिन शुक्रवार को धुलन्डी पर लोगो ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। वही होलिका दहन स्थल पर नौनिहालों को लाकर फेरे खाने की रस्म अदा की गई। दोपहर के बाद गेरियों ने ढूंढ़ोत्सव वाले घरो में जाकर नोनिहालो को ढूंढकर स्वस्थ व दीर्घायु होने की कामना की। वही धुलण्डी पर सायला की प्रसिद्ध सात दिवसीय डबल गेर का आयोजन किया गया। कस्बे में उदेशो का वास, सांथुआ वास व मेघवालों के वास में गेर नृत्य के लिए दोपहर में गेरियो का पारम्परिक वेशभूषा धोती, साफा व कुर्ते में सजधज कर आने का सिलसिला शुरू हो गया था। गेर नृत्य देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ भी जमा हो गई थी। इसके बाद गेरियो ने देशी ढोल की थाप पर नृत्य की प्रस्तुति दी। गेर नृत्य में डांडियों की खनक पर पूरा माहौल झूमने के लिए मजबूर हो रहा था। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।





**जसवंतपुरा।** रंगों का त्यौहार होली गुरुवार को कस्बे सहित क्षेत्रभर में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दूसरे दिन शुक्रवार व शनिवार को रंग खेलकर धुलंडी का त्यौहार उत्साह और उमंग के साथ मनाया। सुबह से ही एक दूसरे को रंग गुलाल लगाने के लिए बच्चे, युवा-युवतियां व अन्य लोग टोलियां बनाकर घरों से निकल पड़े। लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। रात 11बजकर 29 मिनट बाद पंडित छगन शर्मा द्वारा होलिका का मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से दहन किया गया, लोगों ने होलिका की परिक्रमा कर सुख समृद्धि की कामना की। इससे पूर्व शाम को महिलाओं ने होलिका की पूजार्चना की। होली दहन के बाद युवाओं की टोलियों द्वारा नवजातों को ढूंढने की रस्म निभाई गई।



**मुड़तरा सिली।** कस्बे सहित आसपास गांव सोमता थूर, जोडवाड़ा मालपुरा में होली धूमधाम से मनाई। ग्राम वासियों ने एकजुट होकर पंडित मदनभाई दवे द्वारा होली दहन शांतिपूर्वक विधि विधान के साथ किया। श्रद्धालुओं ने अपने परिवार सहित यहां पर माथा टेक दुआएं मांगी। इस पर्व को बुराई पर अच्छाई और शक्ति पर भक्ति की विजय के रूप में मनाया जाता है। शुक्रवार को रंगों का त्यौहार होली धूमधाम के साथ मनाया गया वही होली के दूसरे दिन गैर नृत्य कार्य म पुरुषों व महिलाओं ने ने बढ़ चढ़कर गेर नृत्य का आयोजन मे भाग लिया गया जिसमें आपेश्वर मंदिर के प्रांगण में सरिया देवी मंदिर के प्रांगण में हीराजी महाराज मंदिर के प्रांगण में यह आयोजन हुआ। शीतला माता मंदिर प्रांगण, गणपति मंदिर प्रांगण जुझार तोलाजी बाजी प्रांगण में भी होली की गेर देखने को मिली।

# ऑर्गेनिक कलर से सन टू ह्यूमन परिवार ने मनाया होली स्नेहमिलन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** नेहरू पार्क परिसर में सन टू ह्यूमन परिवार की ओर से होली स्नेह मिलन का आयोजन किया। मिशन के साधकों ने एक दिन पूर्व बिना नुकसान पहुंचाने वाली वस्तुओं से ऑर्गेनिक कलर बनाकर स्नेहमिलन में एक दूसरे पर सूखे रंगों को लगाकर होली खेली। इस अवसर पर सन टू ह्यूमन के योग प्रशिक्षक एवं निमित्त सेवाधारी कन्हैयालाल खंडेलवाल ने साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि भीतर के असली उल्लास के लिए शरीर और मन के नैसर्गिक नियमों को जीवन में उतरना पड़ेगा। उसके बिना संसार या संन्यास की कोई भी यात्रा संभव नहीं है। शरीर की शुद्धता हर यात्रा की पहली सीढ़ी है और वह भोजन को समझ पूर्वक करने से ही संभव हो सकती है। खंडेलवाल ने कहा कि पेट में लिए जाने वाले पदार्थों को हल्के में ले लेना ही बेहोशी भरा कदम है। आज जो बीमारियां और अस्पतालों की संख्या में वृद्धि हो रही है इसका एक मात्र बड़ा कारण हमारा खानपान है। हनुमान शर्मा ने साधकों को योग करवाए। होली के इस आनंदोत्सव मे होली के भक्ति गीतों, विशेषकर कृष्ण राधा और वृंदावन के होली गीतों पर झूमकर साधक आनंद से सराबोर हो उठे। पिछले वर्ष की भांति इस बार भी सन टू ह्यूमन ने धुलंडी के इस स्नेहमिलन में बाजार में मिलने वाले तमाम तरह के कलरों से परहेज करते हुए एक दिन पूर्व अपने दैनिक योग प्रयोग के दौरान गुलाब की पंखुड़ियों, फूलों ,आरारोड , मीठे खाने के कलर और अन्य कुछ वस्तुओं का मिश्रण करते हुए पांच छह तरह के अलग अलग जैविक कलर तैयार किए और उससे होली खेलकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। इस नवाचार को कुमारी दिशा खंडेलवाल, मुस्कान, विनीता आदि बालिकाओं के निर्देशन में साधकों ने अंजाम दिया। एक स्वस्थ परंपरा की ओर कदम बढ़ाने के इस कार्य की सभी ने सराहना की। इस स्नेहमिलन में नगर की महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में भागीदारी निभाई।




## यह भी थे मौजूद

इस अवसर पर परम आकाश के साथ ही जयरूपराम माली, नारायण जांगिड़, जोगाराम चौधरी, कोलचंद सोनी, हनुमान शर्मा, हरिराम विश्नोई, दिनेश भाटी, समित बाहेती, सुरेश कुमार माली, जीवाराम विश्नोई, बाबूलाल सोलंकी, अमित व्यास, मुकेश व्यास, बाबूलाल होंडा, अशोक मेहता, सुनील जैन, सुरेश अग्रवाल, गोपाल बालोत, संदीप देसाई, नवरत्न अग्रवाल, लादूराम गौड़, नवलाराम चौधरी, विनोद जीनगर, रमेश शर्मा , पारस घांची, प्रभुराम पांचाल, हीरालाल सोलंकी, मंछाराम बोराना, किशनाराम विशनोई, कैलाश माहेश्वरी, प्रतिभा शर्मा, हरिकृष्ण द्विवेदी, जेठाराम आचार्य, दौलत मेहता, सहित मुंबई से आए प्रवासी रमेश बाफना, सुरेश हुंडिया सहित बड़ी संख्या में साधकों ने भाग लिया।



# विधानसभा क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक विकास कार्य : मुख्य सचेतक गर्ग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** शहर के जूना गालां स्थित विश्वकर्मा मंदिर में शनिवार को भाजपा मंडल सायला के तत्वावधान में होली स्नेहमिलन समारोह का मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल एवं जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित के आतिथ्य में आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों की ओर से भारतमाता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद आगन्तुक अतिथियों का साफा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचेतक गर्ग ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार के 15 महीने के कार्यकाल में जालोर विधानसभा में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यो की जानकारी दी। जिस पर कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं मुख्य सचेतक गर्ग का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही आगामी विधानसभा चुनावों से पहले सायला को विधानसभा बनाने की मांग की। भाजपा जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभान्वित करवाने की बात कही। इसके बाद भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने केबिनेट मंत्री गर्ग एवं जिलाध्यक्ष राजपुरोहित का गुलाल से तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा करवाकर होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया एवं होली के गीतों का गायन किया। अंत मे मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन मुकुंद दवे ने किया। इस दौरान भवानीसिंह बाकरा, पूर्व प्रधान रामप्रकाश चौधरी, मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बलवंतसिंह तूरा, उदयसिंह दादाल, वि' मसिंह दहिया, उदयसिंह चौहान डूंगरसिंह देवड़ा, सुरेश राजपुरोहित, मांगीलाल राजपुरोहित, मूलसिंह चम्पावत, राहुल भंडारी, मुल्तानमल आचार्य, राजेन्द्र माहेश्वरी, रूपकिशोर अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, जोमताराम माली, दीपसिंह पांचलोड, ताराराम चौधरी, खंगारसिंह दहिया, पदमाराम चौधरी, मोटाराम चौधरी, रगाराम देवासी, रेवाराम घांची, जगाराम माली, राणसिंह पुरोहित, रमेश आचार्य, नवाराम सुथार, रूपाराम सुथार, प्रशांत रावल, पारसाराम राणा, भेरगिरी गोस्वामी समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।



# ग्रामीणों ने की बैठक, प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर चर्चा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** निकटवर्ती दांता गांव में पातालेश्वर महादेव मंदिर में शनिवार को ग्रामवासियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बारे में चर्चा की गई । इसके बाद कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से कमेटी के गठन में अध्यक्ष पद पर हरचंदराम चौधरी को संस्था का अध्यक्ष पद घोषित किया गया। इस प्रकार उपाध्यक्ष पद पर केहराराम व भूराराम सिलाणा, सचिव भूराराम करड़, कोषाध्यक्ष वेलाराम, सह कोषाध्यक्ष रुगनाथराम व सदस्य समिति के तौर पर कूंपाराम, मोटाराम, गणेशाराम, हीराराम, प्रेमाराम, मूंगाराम एस, मूंगाराम वी, वरदाराम नाई, जगदीश लुहार का चयन कर कार्यकारिणी का गठन किया गया। साथ ही मोटाराम ने अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# नील गाय की चपेट में आने से बाइक चालक जखमी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा से भीनमाल जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग पर शुक्रवार देर शाम साढे सात बजे बाइक नीलगाय से टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे एम्बुलेंस के जरिए राजकीय अस्पताल लाया गया,जहां पर घायल युवक का प्राथमिक उपचार कर सांचौर रैफर कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार घायल युवक डोडवाडिया निवासी 28 वर्षीय सुरेश पुत्र कृष्ण कुमार भील जो कि बाइक पर सवार होकर भीनमाल से रानीवाड़ा की ओर आ रहा था इसी दौरान रानीवाड़ा भीनमाल सड़क मार्ग पर मालवाड़ा रेलवे ब्रिज के पास बाइक नीलगाय से टकरा गई। इस दौरान बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# खेतेश्वर भगवान का बैनर फाड़ा, पुरोहित समाज में रोष

## पुलिस के हाथ लगा एक आरोपी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** सेवाड़िया में खेतेश्वर भगवान के नाम से लगे बैनर उखाड़ने के मामले ने तूल पकड़ लिया। पुरोहित समाज के लोग एकत्रित हुए और जमकर आक्रोश प्रदर्शन कर बोले दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। पुलिस ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। होली के दिन सेवाड़िया आपेश्वर महादेव मंदिर के सामने खेतेश्वर चौक पर पुरोहित समाज के युवाओं सहित गांव के लोगों ने खेतेश्वर भगवान का बैनर लगाया था। वही चौक पर पूजा अर्चना भी की गई थी। उसके बाद कुछ और असामाजिक तत्व के लोगों ने उसी स्टीकर को फाड़ दिया जिस पर पुरोहित समाज के लोगों में आक्रोश देखने को मिला। रानीवाड़ा पुलिस थाने में पुरोहित समाज के लोगों ने मामला दर्ज करवाया। इसी मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले मे कार्रवाई कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।




# फसल बीमा क्लेम, अनुदान को लेकर किसानों ने की बैठक



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** फसल बीमा क्लेम और आदान अनुदान की बकाया राशि एवं अन्य समस्याओं को लेकर नारायणपुरा में सत्य प्रकाश गोदारा सेवा निवृत्त थानेदार की अध्यक्षता और ईशराराम बिश्नोई, मकाराम चौधरी और विरद सिंह चौहान की देखरेख में बैठक आयोजित हुई। संयुक्त किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ईशराराम बिश्नोई ने बताया कि किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आगामी 20 मार्च को सांचौर उपखंड मुख्यालय पर डाक बंगला में किसानों का महापड़ाव रखा गया है। रिलायंस कंपनी की ओर से रबी 2023 का फसल बीमा क्लेम सांचौर और चितलवाना की आधी से अधिक ग्राम पंचायतों को वंचित रख दिया गया है, फसलों में 70 से 80 प्रतिशत खराबा होने के बावजूद भी रिलायंस कंपनी क्लेम नहीं दे रही है, उन्होंने कहा कि इस कंपनी पर किसानों के साथ धोखाधड़ी और फर्जी कागजात तैयार कर बीमा हड़पने के मामले को लेकर पुलिस में मुकदमे दर्ज हो चुके हैं, उनकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

## यह है समस्याओं का पिटारा

करोड़ों रुपए आदान अनुदान की राशि लंबे समय से बकाया पड़ी है, किसान मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। जिससे किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है, बिजली के बिल मनमानी रिडिंगें बताकर थमाए जा रहे हैं, नर्मदा नहर का सिस्टम सही नहीं चल रहा है, अनकमांड क्षेत्रों को कमांड से जोड़कर सिंचाई की मांग की, साथ ही सांचौर जिले को यथावत रखने की पुरजोर मांग की, जिला उपाध्यक्ष विरदसिंह चौहान ने बताया कि किसानों की गंभीर समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है, लंबे समय से दिल्ली बॉर्डर पर जगजीत सिंह डल्लेवाल फसलों के भावों को लेकर न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू कर खरीद की गारंटी एवं स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। केंद्र सरकार को वार्ता कर समाधान करना चाहिए, भारमल गोदारा, सत्य प्रकाश गोदारा ने बताया कि किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आगामी 20 मार्च को किसानों के महापड़ाव में नारायणपुरा क्षेत्र से 150 किसान पहुंचेंगे। बैठक में भैराराम खीचड़, भभूताराम, मोहनलाल गोदारा, भेराराम मण्डा, किशनाराम, पाबूराम, बलवंत सिंह राठौड़, हरीराम खीचड़, राजूराम, कमलेश गोदारा, बलवंतराम, जबरसिंह, भाखराराम, ईश्वरसिंह सहित कई किसान मौजूद रहे।

# होली: हर रंग में रंगी युवाओं की टोली, जमकर खेली होली








## उत्साह से मनाया रंगों का त्योहार, किया होलिका दहन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिलेभर में होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरुवार देर रात को जगह-जगह पर सामूहिक रूप से होलिका दहन किया गया। होलिका दहन की ज्वाला में लोगों ने नई गेहूं की बालियां सेकी गई। महिलाओं व बच्चों ने दहकती होलिका की परिक्रमा कर आशीष लिया। जिला मुख्यालय स्थित राजमहल में पूर्व नरेश रघुवीरसिंह देवड़ा ने होलिका दहन किया। इसके बाद शहर और गांव के क्षेत्रों में शुभ मुहूर्त में विधि विधान के साथ होलिका दहन कार्य' म का आयोजन किया गया।

घरों में इसी वर्ष जन्मे बच्चों का ढूंढोत्सव उत्साह से मनाया गया। धुलण्डी पर शुक्रवार सवेरे से ही रंग.गुलाल की धूम मच गई। एक-दूसरे को रंगों में सरोबार कर लोगों ने बधाई दी। दोपहर तक बाजार भी पूरी तरह बंद रहे। शाम को मिठाइयों सहित अन्य जरूरत के सामानों की दुकानें खुली। हाउसिंग बोंर्ड कॉलोनी मेंगुरुवार रात को भद्राकाल के बाद गायत्री परिवार के रमेश गोमतीवाल एवं शुचिता ने मिलकर दीप यज्ञ किया बाद में दीप यज्ञ की ज्योति से होलिका का दहन किया गया। हाउसिंग बोर्ड के संजय कुमार वर्मा ने बताया कि शुक्रवार सवेरे लोगों ने रंग गुलाल खेलना शुरू कर दिया है। जैसे जैसे दिन चढ़ा लोगो में होली का खुमार चड़ता रहा। नरपतसिंह देवड़ा, विजय शर्मा, सुरेन्द्रसिंह परिहार, जंयतीलाल, मयंक, मगनसिंह, वैभव वर्मा, जिज्ञासु, केपीसिंह, प्रिसं, सवाईसिंह समेत कई जने मौजूद थे। वहीं त्योहार को देखते हुए पुलिस भी मुस्तैद रही। डाबी लाईन स्थित होली चोक पर होली का दहन किया गया। इस वर्ष 72वां होलिका दहन किया गया। मनीष खत्री, अभिषेकसिंह, योगेन्द्रसिंह, विपिन बारिया, रिषभ सोनी, शैतानसिंह, शुभम खत्री का सहयोग रहा। इसके बाद प्रसादी वितरित की गई।



### धुलंड़ी पर महाआरती का आयोजन

*सारणेश्वर गांव में धुलंडी पर महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें शाम को गांव के पूजारी परिवार के सभी सदस्यों ने मुख्य मंदिर से आरती शुरु की जो मंदिर के सभी छोटे मोटे मंदिरों में सामूहिक आरती की गई। इसके बाद आरती मंदिर से कुण्ड, लक्ष्मीमाता मंदिर, मठ स्थित गोगाजी मंदिर, सुंधामाता मंदिर होते हुए परशुराम सर्किल होते हुए फिर से महादेव मंदिर पहुंची जहां मंत्रोच्चार एवं स्तुति की गई।*











## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई धुलंडी





**रेवदर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित और पूर्व जिला अध्यक्ष नारायणलाल पुरोहित के निवास पर मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में गुलाल लगाकर धुलंडी मनाई। इस दौरान सोशल मीडिया जिला संयोजक पूरण राव, मंडल महामंत्री अनिल वैष्णव, अमराराम मेगवाल, जिला जिला परिषद सदस्य मगन कोली, वरिष्ठ नेता भीमाराम लोहार, मंडल उपाध्यक्ष विष्णु जोशी, मंडल मंत्री गणपत सिंह, मंडल आईटी सेल प्रभारी नरेश छिपा, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी ईश्वर घांची, गोदाराम चौधरी, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष भैरा राम भील, शक्ति केंद्र संयोजक अशोक माली, चेतन राव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**झाड़ोली।** कस्बे समेत आस-पास में होली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। सरपंच कैलाश सुथार ने पूजा अर्चना के बाद होलिका दहन किया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए। सवेरे बच्चों को ढूंढ़ने की रस्म अदा की। सभी बच्चों को लेकर होली चोक लेकर गए एवं वहां पर पूजा अर्चना करवाई गई। दूसरे दिन एक दूसरे पर रंग डालकर धुलंडी मनाई।

## किसी की गाड़ी में तो किसी की घोड़े पर निकली बंदोली





जिले में होली का त्योहार अनोखी परंपराओं और उत्साह से मनाया जाता है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में इसी वर्ष जनमे बच्चों को ढूंढने की खास परंपरा निभाई जाती है। गांव-मोहल्लों के युवा और बच्चे ढोल-चंग बजाते ढूंढ वाले घर पर जाते है। जहां फाग गीत और लोक देवताओं के जयकारों के बीच बच्चों के स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की कामना की जाती है। इस दौरान बच्चे को चाचा, मामा या बड़े भाई की गोद में बैठाकर लकड़ी की डांडियों से समूह गायन किया जाता है। इसी दिन बच्चों के ननिहाल और बुआ के घर से कपड़े और उपहार भी आते है। ढूंढ के दौरान होली स्थल पर बच्चों को अलग अलग रुप से तैयार करके लेकर गए।



## कुछ झलक यह भी



**सिलदर।** गांव में महिपालसिंह देवड़ा ने विधिवत रूप से होलिका दहन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। पूर्जा अर्चना के बाद देवड़ा ने ग्रामीणों की उपस्थिति में होलिका दहन किया। इसके बाद सभी ने होलिका की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना की।



**पोसालिया।** कस्बे में सारणेश्वर महादेव मन्दिर प्रांगण में माली समाज धर्मशाला के मैदान में होलिका दहन किया गया। दूसरे दिन धुलण्डी पर्व पर गुलाल से होली खेली गई एवं नवजात बच्चों को ढूंढ़ने की परंपरा का निर्वहन किया। इसके बाद नव विवाहित जोड़ों ने भी धोक लगाई। उधर, रोवाड़ा के ठाकुर बावसी रावला में होलिका दहन को लेकर गेर नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के सभी वर्ग के लोगों ने भाग लिया।



**मंडार।** कस्बे के मुख्य बस स्टैंड व तीन रास्ते पर विधिविधान के साथ होलिका दहन किया गया। कस्बे के मुख्य बस स्टैंड पर सौंदर्यकरण के बीच होलिका दहन देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ नजर आई। होलिका दहन खुशी व उमंग के साथ हुआ। जिसके तहत देर रात्रि तक ग्रामीणों ने होली चौक पर गैर नृत्य भी किया। बाद होली की परिक्रमा करने के बाद होली दहन करने के समय उपस्थित लोगों ने उनका अभिवादन भी किया। मंडार सरपंच परबतसिंह देवड़ा, रणजीतसिंह परिहार, शंकरलाल घांची, रमेश घांची, दिनेश घांची, कालूराम घांची, हरिराम आदि मौजूद थे।



**कालंद्री।** कस्बे समेत आस-पास में होली का पर्व धूमधाम से मनाया। शुक्रवार सवेरे रंगोत्सव और ढुढोत्सव मनाया गया। हर कोई रंगों से सराबोर नजर आए। एक दूसरे को रंग लगाकर खुशी का इजहार किया। शुक्रवार को दिनभर होली से पहले जन्मे बच्चे को होली की परिक्रमा करवाने के लिए होलिका दहनस्थल पर परिजनों सहित सगे संबंधी डीजे संग नाचते गाते हुए आए।



**पोसालिया।** सारणेश्वर महादेव मन्दिर माली समाज धर्मशाला चौक में गैर नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के युवाओं ने ढोल की थाम के अनुसार गैर नृत्य किया। इसमें माली समाज की ओर से बेहतर गैर का आयोजन किया गया। माली समाज धर्मशाला में पंच पटेल के साथ 36 कौम के लोग मौजूद थे।



**शिवगंज।** नगर सहित उपखंड में होली व धुलंडी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। धुलंडी के इस पर्व पर बच्चों से लेकर युवाओं, बुजुर्गों में खासा उत्साह रहा। लोगों ने एक-दूसरे के घर-घर जाकर गुलाल से सुखी होली खेलकर पर्यावरण संरक्षण व जल बचाने का संदेश दिया। नगर के छावणी क्षेत्र स्थित हनुमान चौक में शुक्रवार को धुलंडी के दिन शाम को गेर का आयोजन किया गया। बजरंग युवा मंडल की ओर से आयोजित गेर में गेरियों ने डीजे की धून पर धमचक मचाई। पारंपरिक वेशभुषा पहनकर व पांवों में घुंघरू बांधकर गेरियों ने गैर नृत्य में भाग लिया। मंडल के दिनेश परमार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऐतिहासिक गेर का आयोजन किया गया। घांची व कुमावत सहित अन्य समाज के लोगों ने होलिका के साथ फेरे लेने वाले बच्चों को घर-घर जाकर ढूंढ़ने की रस्त अदा की। गैर व्यवस्था में बजरंग युवा मंडल के दिनेश परमार, ओमप्रकाश, सोहनलाल परमार, भरत परमार, रमेश प्रजापत, विजय बोराणा, ललित भाटी, भरत सोनी, रमेश परमार आदि का सहयोग रहा।

# मासमा का होली स्नेह मिलन एवं भव्य कवि सम्मेलन संप न्न

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मेटल एंड स्टेनलेस स्टील मर्चेंट एसोसिएशन (मासमा) के अध्यक्ष चंदन भंसाली के नेतृत्व में अति उत्साह और उमंग के साथ होली स्नेह मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समारोह के शुभारंभ में मासमा सचिव प्रवीण अंगारा ने सभी का आभार प्रकट किया। मासमा सह सचिव अमृत संघवी ने समारोह का संचालन करते हुए मंच पर मासमा अध्यक्ष चंदन भंसाली, सचिव प्रवीण अंगारा, उपाध्यक्ष गणपत पुरोहित, सोशल एक्टिविस्ट कमेटी कन्वेयर अशोक भंडारी, निर्वतमान अध्यक्ष विक्रम दोशी, कार्यक्रम प्रायोजक अरणाय ट्यूब मैन्यूफैक्चरर्स एस.एस.पाईप के जीएम और प्लांट हेड प्रकाश सेन एवं अन्य पदाधिकारियों को मंच पर आमंत्रित किया। कवि मंच संचालक गोविंद राठी, राजस्थान गीतकार बाबू बंजारा, वीर रस अनिल तेजस्व, कवयित्री प्रिया खुशबु, हास्य रस मुन्ना बैटरी और व्यंग्यकार कामता माखन का तालियों से सभी ने स्वागत किया। अमृत संघवी ने अपनी स्वरचित कविता से संचालन की शुरुआत की। प्रकाश सेन ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। मासमा अध्यक्ष चंदन भंसाली को मंच संचालक अमृत संघवी ने अपने अंदाज में कविता के माध्यम से सभा को संबोधित करने के लिए आंमत्रित किया। मासमा अध्यक्ष चंदन भंसाली ने अपने संबोधन में आगंतुक व्यापारी बंधुओं का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी के साथ-सहकार से ही कार्यक्रम सफल हो रहे हैं और हमें कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। विशेष फाम द्वारा सहयोगी संस्था के रूप में मासमा को मोमेन्टो देकर सम्मानित करने पर फाम का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। भंसाली ने कहा कि यह मोमेन्टो मासमा के सभी पूर्व अध्यक्षों, पदाधिकारिगणों एवं सभी व्यापारी बंधुओं को समर्पित हैं। सभी के साथ सहकार के कारण यह सम्मान मिला और आशा करता हूं ऐसे ही साथ सहकार सदैव मिलता रहेगा। भंसाली ने दिनेश सेन और प्रकाश सेन का भी आभार प्रकट किया। अध्यक्ष चंदन भंसाली के स्वरचित काव्य पाठ को सभी ने करतल ध्वनि के साथ खूब सराहा।




### मासमा 'मां सबसे सच्ची मां'

▪ मंच संचालक गोविंद राठी मासमा का विश्लेषण करते हुए कहा कि मा स मा 'मां सबसे सच्ची मां' बोलना चाहिए। व्यापारी बंधुओं ने तालियों से गगन गुंजायमान कर दिया। जय श्री राम के जय घोष से वातावरण ही बदल गया।

### लोढ़ा ने मोबाइल पर दीं शुभकामनाएं

▪ मुख्य अतिथि एवं महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने किसी कारणवश व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं रहने के कारण मोबाइल फोन द्वारा मासमा को होली की शुभकामनाएं दीं।

### इनका किया सम्मान

कार्यक्रम के अतिथि पुलिस डीसीपी डा. मोहित गर्ग, वी.पी. रोड पुलिस सीनियर जगदीश कुलकर्णी, पुलिस अधिकारी एसीपी ज्ञानेश्वर वाघ का पुष्पगुच्छ और शाल-साफा से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश प्रवक्ता अतुल शाह एवं दक्षिण मुंबई के जिला महामंत्री शरद पेटीवाला का भी सम्मान किया। वहीं फाम अध्यक्ष जितेंद्र शाह, उद्योगपति गणपत कोठारी सत्कार किया।

### इनका रहा खास योगदान

अशोक भंडारी, सहसचिव अमृत संघवी, कोषाध्यक्ष हनुमान गांधी, सह कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र दोशी, हेमराज पुरोहित एवं अन्य पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम जबरदस्त सफल रहा। सभी ने ठंडाई एवं अल्पाहार का लाभ लिया। प्रवीण अंगारा ने आभार प्रकट किया। यह जानकारी मासमा कन्वेयर मंगलचंद सेठ ने दी।




### कवि सम्मेलन ने मोहा मन

▪ कवि सम्मेलन का शुभारंभ सरस्वती की वंदना से कवयित्री प्रिया खुशबू ने किया। हास्य रस के कवि कामता माखन ने हास्य कविता के माध्यम से लोगों को मंत्र मुग्ध किया। वीर रस के कवि अनिल तेजस्व ने छत्रपति शिवाजी महाराज और महाराणा प्रताप पर कविता पढकर खूब वाह वाही बटोरी। श्रृंगार रस कवयित्री प्रिया खुशबू और मंच संचालक गोविंद राठी के नोकझोंक से पूरा सभागार मस्ती के मूड में आ गया। हास्य व्यंग्य कवि मुन्ना बैटरी ने लोगों को रीचार्य करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। राजस्थानी गीतकार बाबू बंजारा राजस्थानी होली का फागणीया माहौल बनाते हुए लोगों को झूमने के लिए मजबूर किया। झोन दो के पुलिस उपायुक्त डा. मोहित गर्ग ने भी खाकी पर कविता पाठ किया तो सभागार करतल ध्वनि से गूंज उठा।

कला, साहित्य और संस्कृति का त्रिवेणी संगम 'उड़ान'

# श्री अखिल भारतीय 27वां विराट हास्य कवि सम्मलेन संपन्न

▪ उड़ान का लेकर संग
▪ कवियों को चढ़ा हास्य की भंग
▪ श्रोता हुए चंग
▪ चढ़ा सब पर हंसी का रंग

**मुंबई।** कला, साहित्य और संस्कृति के त्रिवेणी संगम के रूप में विख्यात उड़ान संस्था द्वारा आयोजित श्री अखिल भारतीय 27वां विराट हास्य कवि सम्मलेन मुंबई के आजाद मैदान में शुक्रवार को बड़े ही हर्षोल्हास के साथ में संपन्न हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उड़ान संस्था द्वारा आयोजित इस विराट कवि सम्मेलन में मुंबई के आजाद मैदान में अंतराष्ट्रीय कवि युगराज जैन की हंसी के फव्वारों एवं हजारों की तादाद में उमड़े जन सैलाब की तालियों की गड़गड़ाट के साथ अपने चिर परिचित अंदाज में संपन्न हुआ।

### इनका रहा खास योगदान

संस्था अध्यक्ष युगराज जैन, संयोजक लायन सुरेश जैन, सह संयोजक सोहन परमार, उपाध्यक्ष गणपत कोठारी, उपाध्यक्ष नरेश लोढ़ा, उपाध्यक्ष भरत कोठारी, संस्था के कार्यकारिणी दिनेश कुमार फौलामुथा, सुरेश मेहता, निर्मल टीकमगढ़ संजय राजा, सुरेश लोढ़ा, संजय कांकरिया, मुकेश हिसावत का सहयोग रहा।




### राष्ट्रीय स्तर के कवियों ने बनाया माहौल

हासिम फिरोजाबादी, कीर्ति काले, रोहित झन्नाट, लक्ष्मण नेपाली के साथ संस्था के संस्थापक अध्यक्ष युगराज जैन के संचालन में सभी कवियों ने एक से बढ़कर एक कविता पढ़कर ऐसी हंसी के फव्वारों को छोड़ा कि सभी काव्य श्रोता दांतों तले अंगुली दबाने मजबूरी हो गए। सभी काव्य रसिक श्रोताओं ने तालियां बजाकर उनका अभिवादन किया। इस बार का कवि सम्मेलन अपने आप में ऐतिहासिक रहा।

### अतिथियों का सत्कार

कवि सम्मेलन के अतिथि पारसमल गुंदेचा, कुसुमबेन अरविंद राणावत, चंद्रशेखर पालीवाल, सुरेश जैन, कैलाश कावेड़िया, दिनेश पांडे, एस.पी. जैन (प्राइड होटल), मनोज जैन, करनाराम माली (इटार के मैनेजिंग डायरेक्टर), पूर्व कैबिनेट मंत्री राज के पुरोहित, पूर्व नगरसेवक जनक संघवी, आकाश पुरोहित, आजाद मैदान के वरिष्ट पोलिस निरीक्षक दलवी के साथ तमाम उपस्थिति गणमान्यों का संस्था द्वारा सभी गणमान्य का बहुमान किया गया।

### बाल कलाकार का अभिनंदन

इस अवसर पर विशेष रूप से आठ वर्षीय बाल अभिनेता निहाम कुणाल जैन को वर्ष 2024 में जी टीवी द्वारा प्रसारित हिंदी सीरियल "मैं हूं साथ तेरे" के मुख्य क़िरदार में श्रेष्ठ अभियान के लिए उड़ान संस्था द्वारा अभिनंदन पत्र देकर सन्मानित किया।

### प्रायोजक परिवार का सम्मान

इस कवि सम्मेलन के प्रायोजक सुप्रसिद्ध उद्योगपति केवलचंद पुखराज रतनपरिया चौहान (किलर जीन्स) सादड़ी मुंबई परिवार थे। संस्था द्वारा शाल, चुनरी, मोमेंटो देकर उनका सन्मान किया गया।




## मुंबई में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को शहर के पवई इलाके में एक वेश्यावृत्ति रैकेट का भंडाफोड़ किया और चार संघर्षरत महिला अभिनेत्रियों को एक होटल से बचाया। पवई पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। पीड़ितों में से एक ने हिंदी टेलीविजन धारावाहिकों में काम किया है। एक अधिकारी ने बताया कि विशिष्ट सूचना के बाद, पुलिस ने होटल में जाल बिछाया और महिलाओं को देह व्यापार में धकेलने के आरोप में श्याम सुंदर अरोड़ा नामक एक व्यक्ति को पकड़ा। आरोपी व्यक्ति और उसके सहयोगी के खिलाफ पवई पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

## बदलापुर में चार बच्चे डूबे

**बदलापुर।** ठाणे में बदलापुर में होली खेलने के बाद नहाने गए चार किशोरों की उल्हास नदी में डूबने से मौत हो गई। इसकी जानकारी ठाणे पुलिस ने शुक्रवार को दी। पुलिस ने बताया कि ठाणे में उल्हास नदी में होली के रंग धोने गए चार बच्चे डूब गए। इन बच्चों के नाम आर्यन मेदार, आर्यन सिंह, सिद्धार्थ सिंह और ओम सिंह तोमर हैं। बदलापुर फायर ब्रिगेड ने शव बरामद कर लिए हैं।

## अजित-युगेंद्र में होगा मुकाबला

**बारामती।** राष्ट्रवादी पार्टी शरद पवार गुट के नेता युगेंद्र पवार ने संकेत दिया है कि वे चीनी मिल चुनाव में उपमुख्यमंत्री अजित पवार के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरेंगे। उन्होंने पैनल बनाने का ऐलान किया है। युगेंद्र पवार ने कहा है कि मजदूर चाहते हैं कि वो चीनी मिल चुनाव लड़ें। इस बीच अब युगेंद्र पवार ने चीनी मिल चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं, जिससे संभावना है कि बारामती में एक बार फिर चाचा-भतीजे आमने-सामने होंगे। युगेंद्र पवार ने चीनी मिल चुनाव में अजित पवार के खिलाफ पैनल बनाने का संकेत दिया है।

### ▶▶ बारामती में चीनी मिल चुनाव

### ▶▶ गन्ना क्षेत्र में पवार का बड़ा योगदान

युगेंद्र ने कहा कि शरद पवार ने मालेगांव शुगर फैक्ट्री, सोमेश्वर शुगर फैक्ट्री या पूरे गन्ना क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान दिया है। पवार साहब ने इस क्षेत्र में चालीस-पचास वर्षों से योगदान दिया है। पवार जी हमारे पीछे हैं। हमारे पास सक्षम उम्मीदवार हैं और अगर हम उस चीनी मिल को बचा सकते हैं तो चुनाव लड़ने में क्या दिक्कत है? युगेंद्र पवार मालेगांव शुगर फैक्ट्री और सोमेश्वर शुगर फैक्ट्री चुनाव में अपना पैनल उतारेंगे।

## बृजवासी हाल में मनाया होली का रंगारंग कार्यक्रम



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** श्री बृज उत्सव संस्थान ट्रस्ट एवं श्री बृज उत्सव सखी क्लब के तत्वावधान में होली का रंगारंग कार्यक्रम संजय गिरी एवं उनकी टीम द्वारा बृजवासी हाल गोरेगांव में प्रस्तुत किया गया। बृज के रसिया बृज के लांगुरिया व अन्य बृज के भजनों से सभागृह में उपस्थित श्रोताओं का मन मयूर नाच उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशोर प्रवेश अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि डा. श्याम अग्रवाल, डालचन्द्र गुप्ता एवं देवेन्द्र गुप्ता तथा अन्य समाजसेवी महानुभावों में कानबिहारी अग्रवाल एवं गोपालदास गोयल ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश पूजन मनोज बाँके बिहारी अग्रवाल एवं दीप प्रज्वलन विशाल अग्रवाल द्वारा संपादित किया गया। संस्था द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान विशिष्ट रूप से किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के कोषाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल द्वारा किया गया। अध्यक्ष महेश बंशीधर अग्रवाल द्वारा होली के उपलक्ष्य में "बुरा न मानो होली है" के संदर्भ में चुटकुले सुनाए। संस्था की कार्यकारिणी के सदस्यों में विनोद गोयल मंत्री, बंशीधर अग्रवाल कार्यक्रम संयोजक, सुभाष अग्रवाल गोकुलधाम मीडिया प्रभारी के साथ चन्द्रकांत अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल थाना, बृजमोहन अग्रवाल, नरेंद्र चेतराम गुप्ता आदि ने कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। बृज उत्सव सखी क्लब की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला विनोद गोयल, श्रीमती कल्पना अग्रवाल, श्रीमती रचना भरत अग्रवाल, श्रीमती सरोज अग्रवाल आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



## सालासर धाम में फूलों एवं लट्ठ मार होली आयोजित

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भायंदर।** भायंदर पश्चिम स्थित गीता नगर के सालासर धाम में होली के अवसर पर सैकड़ों भक्तों ने फूलों की होली एवं ब्रज की मशहूर लठ्ठ मार होली का भरपूर आनंद लिया। होली के गीतों पर लोग जमकर नाच रहे थे। सुबह से ही युवा एवं महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी व पूरा वातावरण खुशी और उल्हास से भर गया। मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ थी जिसमे सभी भक्तों ने होली के रंग में सराबोर कर लिया। सभी के लिए ठंडाई व प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। बड़ी संख्या में आए समाजबंधुओं माताओं बहनों के आनंद को देखकर आयोजकों का उत्साह दुगुना हो गया था। होली के अवसर पर क्या बुजुर्ग क्या बच्चे युवा सभी होली के रंग में रंग गए थे। ट्रस्टी मनोज अग्रवाल, अमित पंसारी,सुरेश खंडेलवाल, नटवर डागा सहित महिला सदस्यों की विशेष उपस्थिति रही।



## भायंदर में "मन रंग लो" कार्यक्रम आज

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी और सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था 'अभियान' के तत्वावधान में 16 मार्च (रविवार) को शाम छह बजे भायंदर में 'मन रंग लो' कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। न्यू गोल्डन नेस्ट, भायंदर पूर्व स्थित प्रिंसिपल डा. इंद्र बहादुर सिंह लाइब्रेरी, गैस गोडाउन में आयोजित इस समारोह में पूर्व राज्यमंत्री अमरजीत मिश्र एवं वरिष्ठ रचनाकार डॉ. सुधाकर मिश्र की अध्यक्षता में प्रसिद्ध कवि सुरेश मिश्र, गीतकार रास बिहारी पांडेय डा. यादवेन्द्र, सुश्री काव्या मिश्रा और एड. राजीव मिश्र काव्य रंग से काव्य रसिकों को आनंदित करेंगे। अकादमी के कार्याध्यक्ष डा. शीतला प्रसाद दुबे ने हिंदी प्रेमी काव्य रसिकों से कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु साग्रह निवेदन किया है।

## 'जीतो' ने किया चंदन भंसाली को आमंत्रित



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** विश्व कल्याण, विश्व एकता एवं विश्व शांति के लिए 'जीतो' ने आयोजित 'विश्व नवकार मंत्र दिवस' के अवसर पर नौ अप्रेल को हिन्दुस्तान और विश्व के सभी देशों में एक साथ नवकार महामंत्र का स्मरण हो, इसमे मासमा के सभी सदस्य जुड़े इसलिए मासमा अध्यक्ष चंदन भंसाली को आंमत्रण देने के लिए गोवालिया टैंक चैप्टर के सचिव महेन्द्र शाह, सह सचिव अमित संघवी, जीतो मुंबई जोन सहकोषाध्यक्ष मुकेश दोशी, मासमा निर्वतमान अध्यक्ष विक्रम दोशी, अर्जुन चौधरी, मंगलचंद सेठ उपस्थित रहे।

▪ 'विश्व नवकार मंत्र दिवस' नौ अप्रेल को

## नौ बांग्लादेशियों के खिलाफ केस दर्ज

**लातूर।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा के लातूर में एक बार फिर अवैध बांग्लादेशी लोगों के फर्जी प्रमाणपत्र बना कर रहने का मामला सामने आया है। इस मामले में नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इसके पहले मालेगांव, अमरावती, जालना, संभाजीनगर में भी बांग्लादेशी जन्म प्रमाणपत्र को लेकर मामले दर्ज हो चुके हैं। लातूर में 13 मार्च को एफआईआर दर्ज किया गया है, जिसमें धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा और जालसाजी जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। सभी आरोपी बांग्लादेश के नागरिक है और अवैध रूप से महाराष्ट्र में रह रहे थे। इन लोगों ने फेक दस्तावेज के आधार पर अपना जन्म प्रमाण पत्र पाने की अर्जी भी दी थी। मुंबई बीजेपी नेता किरीट सोमैया महाराष्ट्र में अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं।

## उत्तर भारतीय संघ में खेली फूलों की होली




▪ बड़ी संख्या में उत्तर भारतीय समाज के लोग शामिल

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** होली के शुभ मौके पर शुक्रवार शाम को बांद्रा पूर्व स्थित उत्तर भारतीय संघ भवन में फगुआ व फूलों संग होली खेली गई। उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष संतोष आरएन सिंह की संकल्पना से शुरू यह आयोजन मुंबई में होली पर सबसे बड़ा आयोजन बन गया है। कार्यक्रम की शुरुआत उत्तर भारतीय संघ के संस्थापक बांकेराम तिवारी और बाबू आरएन सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करने से हुई। सभी आमंत्रित लोगों का सत्कार उत्तर प्रदेश के पारंपरिक गमछे और महाराष्ट्र की सफेद टोपी पहनाकर किया गया। लोक गायक सुरेश शुक्ला ने पारंपरिक होली गीत पेश कर अलग समा बना दिया। इसके बाद उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष संतोष आरएन सिंह ने सभी आमंत्रित लोगों के साथ फूलों की होली खेलकर उन्हें शुभकामनाएं दी। कार्यकारिणी के सभी सदस्य सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संघ के महामंत्री देवेंद्र तिवारी ने किया। इस मौके पर प्रतापगढ़ के पूर्व सांसद हरिवंश सिंह ने स्टेज पर जाकर पारंपरिक होली गीत पेश कर माहौल को रंगीन बना दिया। उन्होंने शेरो-शायरी भी पेश की।

### आयोजन का उद्देश्य समाज को एकजुट करना : संतोष सिंह

इस अनोखे आयोजन का मकसद समाज में एकजुटता लाना है। यहां आकर लोगों को गांव की होली की याद आ जाती है। हम पिछले कुछ सालों से होली के त्यौहार पर फूलों की होली का आयोजन कर रहे हैं। इस त्योहार पर फूलों की होली खेलकर हम सभी के बीच एकता का संदेश देने का प्रयास करते हैं।

### इनकी रही विशेष उपस्थिति

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह, पूर्व मंत्री चंद्रकांत त्रिपाठी, पूर्व सांसद हरिवंश सिंह, मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह, सिद्धि विनायक मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी, उत्तर भारतीय संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेश्याम तिवारी, उपाध्यक्ष संजय सिंह, आरटीआई एक्टिविस्ट अनिल गलगली, संगीतकार दिलीप सेन, धारावाहिक "तेनालीरामा" में कथाचार्य का किरदार निभाने वाले अभिनेता पंकज बेरी, वरिष्ठ पत्रकार अनुराग त्रिपाठी, विमल मिश्र, ओम प्रकाश तिवारी, ब्रजमोहन पांडे, मुंबई हिंदी पत्रकार संघ के अध्यक्ष आदित्य दुबे, उत्तर भारतीय संघ की कार्यकारिणी के सभी सदस्य सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संघ के महामंत्री देवेंद्र तिवारी ने किया।

राजस्थान गैस ने दी सीएनजी, पीएनजी सहित सभी वर्गों को बड़ी राहत

## सीएनजी दरों में 2.12 रु. प्रति किलोग्राम की कमी

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर ।** राज्य सरकार के उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस ने कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) सहित उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जाने वाली डीपीएनजी, सीपीएनजी, आईपीएनजी प्राकृतिक गैस की दरों में कमी कर सभी वर्ग (आल सेगमेंट) के आम उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। अब राजस्थान स्टेट गैस के सीएनजी स्टेशनों पर आमनागरिकों को सीएनजी गैस 2 रु. 12 पैसे प्रति किलोग्राम सस्ती उपलब्ध होगी। नई दरें गुरुवार रात 12 बजे से लागू हो जाएगी। सचिव माइंस एवं चेयरमेन आरएसजीएल टी. रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को राज्य विधान सभा में वित एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए सीएनजी पीएनजी की वेट दर 10 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत करने की घोषणा की है। राज्य सरकार के उपक्रम आरएसजीएल ने गुरुवार रात 12 बजे से नई दरें लागू करने का निर्णय करते हुए आमनागरिकों को राहत प्रदान कर दी है।

# कार की टक्कर से एक की मौत, एक घायल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** फोरलेन हाईवे पर मावल पुलिस चौकी के पास कार की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। गुजरात के कच्छ के गेलीवाली रापड़ निवासी अर्जुन पुत्र कमलेश भाई लोवारिया ने रिपोर्ट देकर बताया कि उसके पिता कमलेश भाई पुत्र धनजी भाई उनके तीन अन्य साथियों धवल भाई, भरत भाई व पांचाल बाबू भाई आबूरोड आए थे। सभी शुक्रवार शाम को हाईवे पर सड़क किनारे मावल की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान प्रताप होटल के पहले पीछे से एक कार के चालक में वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उसके पिता कार के बोनेट में चिपक गए। कार चालक उनको घसीटता हुआ ले गया। कार की गति कम होने पर उसके पिता के साथ आए बाबूभाई व भारत भाई ने गाड़ी के नंबर नोट किए। दोनों ने घायल धवल भाई व उसके पिताजी को 108 एम्बुलेंस में डालकर आकराभटटा राजकीय चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसके पिता को मृत घोषित कर दिया। साथ ही घायल धवल भाई का प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर उसे उपचार के लिए ट्रोमा रेफर कर दिया गया। जहां उसका उपचार जारी है। कार चालक दुर्घटना के बाद वाहन को मावल से वासड़ा होते हुए धनपुरा भगाकर ले गया। पुलिस ने कार चालक सरोत्रा के धनपुरा निवासी सेनजी भाई पुत्र कालाभाई चौहान के खिलाफ मामला दर्ज किया। मृतक का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## नंदीशाला में पंछियों के लिए लगाए 21 परिंडे

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सुमेरपुर।** कामधेनु पुत्र छत्तीस कौम नंदीशाला जाखानगर परिसर में आयुष नर्सेज महासंघ व एक व्यक्ति एक पौधा मिशन के संयुक्त तत्वावधान में प्यासे पंछियों को पानी पिलाएं एक परिंडा अवश्य लगाएं... अभियान के तहत परिंडे लगाए गए। गोशाला सचिव राजेश जोशी ने बताया कि आयुष नर्सेज महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष ललित मेघवाल द्वारा 21 परिंडे लगाए गए। अंतरराष्ट्रीय पौधा रस्म प्रणेता पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत, नंदीशाला उपाध्यक्ष लालचंद अग्रवाल के सानिध्य में वृक्षों पर परिंडे लगाकर नियमित पानी भरने का संकल्प किया गया। पर्यावरण प्रेमी कुमावत ने पूर्व में लगाए पौधों का अवलोकन किया। ललित मेघवाल ने बताया सुमेरपुर ब्लॉक की समस्त 26 गोशालाओं व पशु चिकित्सालय परिसर में परिंडे लगाए जाएंगे। उन्होंने आमजन से अपील की कि अपने घरों के बाहर पेड़ पौधे पर परिंडे लगाकर उसमें नियमित रूप से पानी भरें। ताकि कोई भी पक्षी गर्मी में पानी के अभाव में मरे नहीं। कार्य'म में रुपाराम देवड़ा, नैनमल सोनी, हर्षवर्धनसिंह राठौड़ आदि उपस्थित रहे।

## नाले में गिरने से युवक की मौत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** देलदर में नाले में गिरने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर सदर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के शव को आबूरोड मोर्चरी में रखवाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। सदर थाने के सहायक उप निरीक्षक फूलाराम ने बताया कि देलदर में अस्पताल के पास नाले में युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली। मृतक की पहचान देलदर निवासी दिनेश कुमार पुत्र मालाराम मेघवाल के रूप में हुई। शव को नाले से बाहर निकलवाकर आबूरोड मोर्चरी में रखवाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## आवेदन की बढ़ाई अवधि

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झाड़ोली पी।** मॉडल विद्यालय में आवेदन की समयावधि बढ़ाई है। संस्थाप्रधान श्याम सुंदर व्यास ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार कक्षा 9 में में आवेदन की अंतिम तिथि में वृद्धि कर अब 29 मार्च तक पंजीयन फॉर्म जमा करवाएं जा सकते है।

## कृषि कुएं पर लगी आग, सर्तकता से टला हादसा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालन्द्री।** कस्बे के एक कृषि कुएं पर शुक्रवार शाम को ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। सूचना पर कुएं का मालिक पुष्कर राजपुरोहित मौके पर पहुंचे तथा देखते ही देखते आग तेज रुप लेने लगी। सूचना पर पुलिस थाना कालंद्री से हैड कांस्टेबल सकाराम मीणा, बीट कांस्टेबल शिवलाल मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। फायर ब्रिगेड को पहुंचने में देर होने से बाड़ और बड़े वृक्ष जलकर राख हो गए। सूचना मिलने पर उपखण्ड अधिकारी हरीसिंह देवल भी मौके पर पहुंचे। गनीमत रही कि पकी हुई खड़ी फसल को कोई नुकसान नहीं हुआ।



## मेघवाल सेवा विकास समिति के चुनाव संपन्न



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खौड़।** मेघवाल सेवा विकास समिति के 16 खेड़ा गुंदोज पाली के चुनाव में अध्यक्ष दुदाराम सोलंकी गुड़ा एंदला, सचिव थानाराम थानवी मेघवालों की ढाणी एंदला, कोषाध्यक्ष मांगीलाल परिहार बाला निर्विरोध चुने गए। सचिव थानाराम थानवी एंदला के अनुसार खीमाराम, वेनाराम, प्रकाशकुमार, कानाराम, फुआराम एंदला, मोहनलाल कानेलाव, जसराज, बुदरमल, जगदीश कुरना, मोटाराम, जालाराम, मांगीलाल, रमेशकुमार बाला, केसाराम, चंपालाल, विरमाराम, शंकरलाल, जवानाराम गुंदोज, दुदाराम, कानाराम, मांगीलाल, मांगीलाल, नरेशकुमार, नाथाराम, चंपालाल, मांगीलाल, धनाराम, मांगीलाल, गोविंदराम, मानाराम, चेनाराम, चुनाराम, घेवरराम, सेसाराम सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद थे।

## विश्व उपभोक्ता दिवस मनाया, दी जानकारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पेंशनर भवन में शनिवार को विश्व उपभोक्ता दिवस मनाया गया। जिला रसद अधिकारी मनजीतसिंह ने बताया कि टिकाउ जीवन शैली की ओर एक उचित बदलाव थीम पर कार्यक्रम हुआ। इसमें उपभोक्ता विषयक क्लब प्रभारी, स्वयंसेवी संस्था, अधिवक्ता, राशन डीलर्स, व्यापार संघ के अध्यक्ष, जनचेतना समिति के अध्यक्ष डॉ. केएम शर्मा तथा नूतन महिला पहल की अध्यक्ष श्रीमती नूतन बाला कपिला ने भाग लिया। जिन्होंने अच्छी गुणवत्ता व आइएसओ मार्का वाली खाद्य समाग्री खरीदने, पौलिथीन का उपयोग नहीं करने, वैद्यता अवधि की जांच करने, घटिया क्वालिटी से बचने की जानकारी साझा की। प्रवर्तन अधिकारी कमलकुमार पंवार ने ऑनलाइन खरीद करते सावधानियां बरतने एवं डार्क पैटर्न से सतर्क रहने संबंधी जानकारी प्रदान की। जिला रसद कार्यालय के जितेन्द्रसिंह आशिया, संगीता शर्मा, हेमंत सेन, मोहम्मद मकसूद, पुखराज, इब्राहीम एवं रामसिंह आदि मौजूद थे।

## भगवान श्री चैतन्य महाप्रभु का अवतरण दिवस श्री गौर पूर्णिमा महोत्सव के रूप में मनाया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** युगावतार भगवान श्री चैतन्य महाप्रभु का अवतरण दिवस फौज का मोहल्ला में निर्माणाधीन इस्कॉन झुंझुनूं श्री श्री राधा मदनगोपाल गौर हरि मंदिर में श्रद्धा भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले हरि कीर्तन हुआ। इसके श्री गौर पूर्णिमा महोत्सव पर भगवान श्री गौर निताई जी का महाअभिषेक तथा तत्पश्चात हरि कीर्तन एवं आरती के उपरांत सभी हरि भक्तों को प्रसादी वितरण की गई। इससे पूर्व मंदिर के उदारमना हरि भक्त दानदाता व उपस्थित अन्य भक्तों का माल्यार्पण के साथ स्वागत अभिनंदन भी किया गया। इस अवसर पर इस्कॉन मंदिर के हरि भक्त राधा मदन मोहन दास, डॉ. नवीनकांति दास, प्रमोद शर्मा प्रभु, सोमवीर प्रभु, पवन हितेश केजड़ीवाल, परमेश्वर हलवाई, दामोदर प्रसाद अग्रवाल, अनिता पवन अग्रवाल गुढ़ावाला, डॉ. डीएन तुलस्यान, राजकुमार तुलस्यान, सीए पवन केडिया, अशोक केडिया, विनोद सिंघानिया, दिनेशचंद्र अग्रवाल सहित अन्य हरिभक्त बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस्कॉन मंदिर के हरिभक्त राधा मदन मोहन दास एवं नवीन कांतिदास ने बताया कि निर्माणाधीन श्री श्री राधा मदनगोपाल गौर हरि मंदिर में अभी तक प्रथम चरण का कार्य लगभग पूर्ण किया जा चुका है। द्वितीय चरण निर्माणाधीन है। जिसके लिए सभी उदारमना दानदाता भामाशाहों से सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने बताया कि नित्य सेवा हर व्यक्ति के लिए निस्वार्थ दान कार्यक्रम है। जो इस्कॉन झुंझुनूं से जुड़े हैं या जुड़ने के इच्छुक है। सभी दान राशि का उपयोग श्री श्री राधा मदनगोपाल गौर हरि भोग, वैष्णव सेवा, प्रसाद वितरण, प्रचार कार्यक्रम, उत्सव आयोजन, मंदिर की देखभाल एवं मंदिर निर्माण के उपयोग में किया जाएगा।

## श्री बंधे का बालाजी मंदिर में हनुमान जयंती पर दो दिन होंगे धार्मिक कार्यक्रम



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** चूरू बाईपास स्थित श्री बंधे का बालाजी मंदिर में हनुमान जयंती पर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम होंगे। श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत पहले दिन 11 अप्रेल को भक्ति संगीत से ओत-प्रोत नृत्य नाटिका का कार्यक्रम होगा। वहीं 12 अप्रेल को मंदिर परिसर में रंगारंग मेले का आयोजन होगा। मंदिर ट्रस्ट की बैठक में कार्यक्रम की रुपरेखा तय की गई। बालाजी महोत्सव की तैयारियों को लेकर ट्रस्ट पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। मंदर ट्रस्ट के नरेशचंद्र गाडिया ने बताया कि दोनों दिवस के कार्यक्रम लाइव दिखाए जाएंगे। जिसमें भक्ति संगीत कार्यक्रम में बंटी तिलकधारी एंड पार्टी नई दिल्ली के कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम पेश किया जाएगा। इसके लिए बालाजी दरबार के सामने ग्राउंड में मंच एवं बैठक की व्यवस्था की जाएगी। महोत्सव के तहत 12 अप्रेल को बाबा का रंगारंग मेला लगेगा। इस अवसर पर बालाजी के दरबार का नयनाभिराम श्रृंगार किया जाएगा। दरबार में छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। मंदिर परिसर में फूलों की आकर्षक सजावट की जाएगी। सुजानगढ़ के डेकोरेटर द्वारा मंदिर के शिखरबंद और प्रांगण को रोशनी से जगमग किया जाएगा। रेवाड़ी के नामी कलाकारों द्वारा संजीव झांकियां सजाई जाएगी।

## सीरवी समाज की बैठक में धर्मशाला विकास पर चर्चा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** सीरवी समाज के वागा वाला मोहल्ला में स्थित सभा भवन में वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज के कोटवाल नथाराम सोलंकी और जमादारी कानाराम काग की विशेष उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य एजेंडा होलिका महोत्सव और ढुढ़ोत्सव गैरियों का लेखा-जोखा था। साथ ही धर्मशाला सभा भवन के विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्य'म में समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इनमें पूर्व चेयरमैन जगाराम चौधरी, पूनाराम गहलोत, रामलाल सोलंकी, पोमाराम गहलोत, राजाराम परमार और भीमाराम गहलोत शामिल थे। कृषि अधिकारी राजाराम चौधरी, हेमाराम परमार, प्रदीप फोजी और पूर्व आरआइ कुपाराम गहलोत भी उपस्थित रहे। भगाराम गहलोत, पुखराज चौधरी, मांगीलाल सीरवी, चुन्नीलाल चौधरी, मानाराम सीरवी, तेजाराम, ईदाराम चौधरी, भुराराम सीरवी, पकाराम सीरवी, दुदाराम काग और गोमाराम चौधरी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। यह जानकारी सीरवी समाज के मीडिया प्रभारी खेताराम महाराज ने दी।

## फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप में उमड़ी भीड़



**मंडावा।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत तेतरा में फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप के तीसरे दिन भी किसान अपने रजिस्ट्रेशन के लिए पंचायत भवन कार्यालय में बड़ी संख्या में मौजूद रहे। फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप में ग्राम विकास अधिकारी सुनील कुमार महिचा ने जानकारी देते हुए बताया कि फॉर्मर रजिस्ट्री के तीसरे दिन भी काफी संख्या में किसान लाभान्वित हुए। ग्राम पंचायत तेतरा के किसानों ने अपनी जमीन को आधार कार्ड से लिंक करवाया। फॉर्मर रजिस्ट्री अधिकारी ने बताया कि रजिस्ट्रेशन के तीसरे दिन तक ग्राम पंचायत में कुल 477 किसानों ने अपनी जमीनों को आधार कार्ड से लिंक करवाया। उन्होंने बताया कि किसानों की जमीन राजस्व पोर्टल और आधार से लिंक होने से किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का आसानी से फायदा मिलेगा। इस अवसर पर सरपंच सावित्री देवी पटवारी जितेंद्र कुमार, विजय काला, धर्मेंद्र मीणा, कृषि पर्यवेक्षक विजेंद्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी सुनील कुमार, पशुधन निरीक्षक विजय कुमार जानूं, कनिष्ठ सहायक राजकुमारी ऑपरेटर संदीप दूलड़ सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## एक वर्ष पूर्ण होने पर जिलाध्यक्ष सैनी का अभिनंदन

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**झुंझुनूं।** भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी का सफलतम एक वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका साफा, दुपट्टा, माला पहना राधाकृष्ण का चिह्न भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। होली की पूर्व संध्या पर बगड़ रोड स्थित राजघराना रिजॉर्ट भाजपा जिला कार्यालय में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम एवं एक वर्ष सफलतम पूर्ण होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी के अभिनंदन का कार्यक्रम भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा रखा गया। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा एवं भाजपा कार्यकर्ता द्वारा ढप, चंग पर गीत होली के गीत, धमाल व नृत्य का कार्यक्रम रखा गया। जिसका शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष सैनी ने ढप पर थाप मारकर किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सैनी ने कहा कि मेरे एक वर्ष के कार्यकाल में जिलेभर के सभी कार्यकर्ताओं ने अपना तन, मन, धन से सहयोग दिया। मैं आगे भी इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी की सेवा कार्यकर्ता के रूप में सदैव करता रहूंगा। इनके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभरपूनियां, जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, फूलचंद सैनी ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुनिल लांबा, सुनिता स्वामी, उमाशंकर महमिया, महेश जीनगर, भाजपा नेता महेश बसावतिया, खालिद हुसैन, सावित्री सैनी, अरुणा सिहाग, अनिता सैनी, डॉ. कमलचंद सैनी, सोशल मीडिया जिला संयोजक चंद्रप्रकाश शुक्ला, आईटी जिला संयोजक श्रवण सैनी, संजय मोरवाल, प्रमोद खंडेलिया, कुलदीप पूनियां, विजय सैनी, प्रमोद जानूं, नगर उपाध्यक्ष रामनिवास सैनी, ताराचंद सैनी, ललित जोशी, जगदीश गोस्वामी, कपिल सोनी, जयप्रकाश चौधरी, श्रवण कुमार सैनी, सुरेंद्र शर्मा, मनोहर धूपिया, सत्यनारायण हल्कारा, घड़सीराम सैनी, अनूपम शर्मा, महावीर सैनी, ख्यालीराम कुमावत, श्रीराम सैनी, राजेंद्र ठठेरा, विनोद चौहान, देवेंद्र खत्री सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जीएसटी व आयकर पर एक दिवसीय सेमिनार आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** सीपीइ अध्ययन अध्याय के तत्वावधान में रविवार को जीएसटी और आयकर पर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। आयोजक सीए आशीष बोहरा ने बताया कि यह सेमिनार होटल कांबा में आयोजित होगा, जिसमें पांच सीपीइ घंटे प्रदान किए जाएंगे। उप कन्वीनर सीए मुकुल मूंद्रा ने बताया कि सेमिनार का पहला सत्र सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक होगा, जिसमें सीए अर्पित हल्दिया द्वारा जीएसटी में असेसमेंट और अपील, पूर्वापेक्षाएं और सावधानियां एवं जीएसटी एमनेस्टी योजना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। समन्वयक सीए मनोज सिंघल ने बताया कि दूसरे सत्र में दोपहर ढाई से शाम 5 बजे तक सीए अनूप भाटिया आयकर संशोधनों पर चर्चा करेंगे। जिसमें हाल ही में हुए आयकर विधेयक के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी।


**पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना में संशोधन बाबत्**

क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मण्डल सिरोही के पत्र क्रमांक राप्रनिम/क्षे.का सिरोही/एसएम-545 /2736 दिनांक 11.03.2025 के द्वारा मैसर्स शौकीन खोखर पुत्र श्री हाजी आमीनभाई खोखर की दिनांक 12.03.2025 के अंक में प्रकाशित आम सूचना में लोक सुनवाई की तारीख 17.03.2025 के स्थान पर 17.04.2025 पढ़ा जावें।


## देताखुर्द व रोहिनवाड़ा को मिलाकर नई ग्राम पंचायत बनाने की रखी मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** देताखुर्द व रोहिनवाड़ा के ग्रामीणों ने शनिवार को बैठक कर सर्वसहमति से दोनों गांवों को मिलाकर नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग को लेकर मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि नई पंचायतों के गठन के लिए उपखण्ड प्रशासन द्वारा देताखुर्द को मांडकवाना तथा रोहिनवाडा को पुनावास के साथ सम्मिलित कर नई ग्राम पंचायत बनाने का प्रस्ताव पंचायतीराज विभाग को भेजा है। जबकि देताखुर्द और रोहिनवाडा एक ही गांव है, भले ही राजस्व गांव अलग हो गया हो। यदि इन्हें तोड़कर अलग किया गया तो ग्रामीणों के साथ अन्याय होगा। करीबन 200 किसान परिवार ऐसे है जिनकी कृषि भूमि दोनों गांवों में आई हुई है। ऐसे में अगर इन्हें तोड़कर अलग अलग पंचायत में सम्मिलित किया गया तो उन किसानों को हर काम के लिए अलग अलग पंचायतों एवं पटवारियों के चक्कर काटने पड़ेंगे। साथ ही रोहिनवाड़ा में गोचर व चारागाह भूमि बिल्कुल नहीं है, पशुपालकों के पशु आदि चरने के लिए देताखुर्द गांव में ही ले जाना पड़ता है। रोहिनवाड़ा गांव के सभी वर्गों की श्मशान भूमि भी देताखुर्द क्षेत्र में आई हुई है। दोनों गांव पीढ़ियों से एक दूसरे के पूरक है। उन्हें अलग करना ठीक नहीं। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन द्वारा बनाए गए प्रस्ताव में पुनर्गठन के नियमों की अवहेलना की गई है। क्योंकि राजस्व गांव रोहिनवाडा व पुनावास की राजस्व सीमाएं कही से भी लगी हुई नहीं है तथा मांडकवाना गांव की वर्तमान पंचायत मुख्यालय विशाला से दूरी केवल 400 मीटर ही है, जबकि नवगठित देताखुर्द में सम्मिलित करने पर वहां मुख्यालय से यह दूरी बढ़कर चार किलोमीटर हो जाएगी, जो अव्यावहारिक है तथा विधिसम्मत नहीं है। ऐसे में इन प्रस्तावों को खारिज कर देताखुर्द व रोहिनवाडा को मिलाकर नई पंचायत का गठन किया जाना ही ग्रामीणों के हित में होगा। जिस पर मुख्य सचेतक गर्ग ने सभी ग्रामीणों की मांग को गंभीरतापूर्वक सुनकर इसके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नई पंचायतों के गठन में किसी भी गांव के साथ अन्याय नहीं होगा, सभी के हितों को ध्यान में रखकर कार्य हो इसको लेकर प्रशासन को निर्देशित किया जाएगा। इस दौरान देताकला पूर्व सरपंच अजीतसिंह, नाथूसिंह देता, देवीसिंह दहिया, अर्जुनसिंह दहिया, जोगाराम देवासी, गोपाल देवासी, सुजानाराम देवासी, भवानीसिंह देता, मैसाराम देवासी, ओखाराम माली, मोहन माली, कुम्पाराम मेघवाल, नरपत सुथार, भोमाराम मेघवाल, दीपाराम मेघवाल, सुरेश सुथार, दलाराम राणा सहित ग्रामीण रहे।

## बसपा ने मनाई बहुजन नायक कासीराम की जयंती



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** निकटवर्ती पोषाणा-सियावट में शनिवार को बहुजन नायक और बहुजन समाज पार्टी के जन्मदाता कासीराम का जन्म दिवस जोन प्रभारी एडवोकेट सुखराम बोस की अध्यक्षता मे मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मोहन पोषाणा ने बहुजन नायक कासीराम की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके सिद्धान्तों को आत्मसात करने एवं पदचिन्हों पर चलने की बात कही। इस दौरान तलसाराम, तलेश चौहान, ओटाराम वीराना, कृपाल परिहार और रामाराम सहित कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER P.H.E.D. DN. SOJAT CITY**
E-mail:- eephedsojat@yahoo.com, Ph. No. 02960-222148, Fax No.:- 02960-222148

No. PHE/TA/NIT/2024-25/7018-30 Date :- 07.03.2025

**निविदा सूचना संख्या : 127/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से विभिन्न कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के पंजीकृत संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेंडरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाइन निविदायें प्राप्त करने हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित वेबसाईट **http://sppp.rajasthan.gov.in NIB Code No. PHE2425A5139 UNB No. PHE2425WSOB11248** पर देखा जा सकता है।

(M.K. Meena)
EXECUTIVE ENGINEER
P.H.E.D. DN. SOJAT CITY

DIPR/C/3563/2025



राजस्थान सरकार
**कार्यालय जिला कलेक्टर ( भू.अ. ) पाली**

क्रमांक:-भू.अ./लेखा/2025/35 दिनांक:-06/03/2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for the Crop cutting equipment are invited from interested bidders upto 6:00 PM date 19-03-2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (**https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in**) of the rajasthan state. The approximate value of the procurement is Rs. 32.38 lacs.

UBN No. CPL2425GLOB00016
NIB CODE- CPL2425A0014

प्रभारी अधिकारी ( भू.अ. )
कलेक्ट्रेट पाली

DIPR/C/3500/2025

# हरा-भरा खानपान

**सूरज की रोशनी में 7 रंग होते हैं। 7 रंग के सपने भी होते हैं। अगर स्वस्थ शरीर का सपना पूरा करना हो तो 7 रंगों की जरूरत यहां भी होती है। हमारी कोशिश हर दिन 7 रंगों की सब्जियों, सलाद और फलों को अपनी डाइट में शामिल करने की होनी चाहिए। इन्हें खाने से शरीर में सेहत की सत्ता बरकरार रहेगी। लेकिन इन्हें खाना कैसे है? क्या ध्यान रखना है? क्या इन्हें खाकर वज़न को काबू में रख सकते हैं? क्या खाने से नुकसान भी है? ऐसे ही सवालों के जवाब देश के बेहतरीन एक्सपर्ट्स से लेकर दे रहे हैं**

## इन बातों पर जरूर ध्यान दें

कई लोग सब्जी की ग्रेवी में रोटी का टुकड़ा थोड़ा-सा डुबाकर काम चला लेते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। जब भी खाएं, हर बाइट में चावल या चपाती की तुलना में सब्जी की मात्रा बराबर या उससे दोगुनी हो तो बेहतर है।

हर दिन सुबह-शाम, एक-एक कटोरी हरी सब्जी खाने की आदत डालें। दरअसल, साग-सब्जियों में मौजूद विटामिन-बी और सी को शरीर स्टोर नहीं कर सकता। इसलिए शरीर को इनकी जरूरत हर दिन होती है।

सुबह दाल पकाने की तैयारी रात में और रात को दाल पकाने की तैयारी सुबह के वक्त करना सही रहता है। इसके लिए 10 से 12 घंटे के लिए दाल को पानी में छोड़ने से कुछ हानिकारक तत्व निकल जाते हैं।

काटने से पहले सब्जी धोने की आदत डालनी चाहिए। काटने के बाद सब्जी धोने से पोषक तत्वों का नुकसान मुमकिन है।

आलू को एक पूरी सब्जी मान लेते हैं। आलू में भी स्टार्च की भरपूर मात्रा होती है और चावल व रोटी में भी। आलू अमूमन शरीर के लिए वही काम करता है जो चावल या चपाती करती है। जब भी चावल या रोटी और आलू की सब्जी खाएं तो यही मान लें कि चावल के साथ चावल या रोटी ही खाई है।

जब पत्तेदार सब्जियां, मसलन बंद गोभी, पालक आदि को सलाद के रूप में शामिल करें तो बंद गोभी की हर लेयर को और पालक, मूली, धनिया के एक-एक पत्ते को अलग-अलग करके धोएं। चाहें तो 5 मिनट के लिए गुनगुने पानी में (एक लीटर में 1 चम्मच नमक या विनेगर के साथ) डुबो दें।

किसी भी पार्टी में जाएं तो सलाद खाने से बचें। चूंकि ये कच्ची सब्जियां होती हैं। अगर इन्हें सही तरीके से नहीं धोया गया हो तो इन्फेक्शन का सबसे ज्यादा खतरा इनसे ही होता है। वहीं सड़क किनारे काटकर बेची जा रहे सलाद को भी खाने से बचें।

**अगर आप लंबी और हेल्दी लाइफ चाहते हैं, तो रोजाना फलों और सब्जियों की पांच सर्विंग खाने की कोशिश करें, जिसमें दो सर्विंग फल की और तीन सब्जियों की हों। एक शोध में दुनिया भर की तमाम स्टडीज की एनालिसिस, जिसमें कुल मिलाकर करीब 20 लाख लोगों को 30 साल तक ट्रैक किया गया, शामिल है। ये स्टडी फलों और सब्जियों के एक ऑप्टिमल इनटेक लेवल की पहचान करती है, जिसके मुताबिक लोगों को आदर्श रूप से रोजाना फल और सब्जियों की पांच सर्विंग्स लेनी चाहिए। सभी फल और सब्जियां एक जैसे स्वास्थ्य लाभ नहीं देती हैं. जैसे- आलू, मटर और कॉर्न जैसी सब्जियां जिसमें अधिक स्टार्च पाया जाता है, फलों के जूस वगैरह सभी कारणों या किसी खास पुरानी बीमारी से मृत्यु के कम जोखिम से नहीं जुड़े थे। दूसरी ओर, हरी पत्तेदार सब्जियां, जिनमें पालक, पत्तेदार सलाद और केल शामिल हैं, बीटा कैरोटीन और विटामिन से भरपूर फल और सब्जियां, जैसे कि खट्टे फल, जामुन और गाजर फायदेमंद पाए गए।**

## क्यों है मौसमी साग-सब्जी अहम?



सब्जियां मौसमी सब्जी ही नहीं, स्थानीय भी हों तो बेहतर है। मौसमी सब्जियों को पैदा करने में कम मात्रा में पेस्टिसाइड और केमिकल फर्टिलाइजर की जरूरत होती है। इस वजह से इनका स्वाद भी अच्छा होता है। उदाहरण के लिए आजकल बाज़ार में मूली मिलती है जो ज्यादातर मीठी है। वहीं गर्मियों में आने वाली मूली मीठी कम ही होती है। वह मुलायम भी नहीं होती। ताज़ा और मुलायम मूली व उसके मुलायम पत्तों को सलाद या सब्जी के रूप में खाने का अपना ही मज़ा है। हालांकि मूली पर कई जोक्स भी बने हैं, लेकिन मूली में बहुत गुण हैं। यह ताजा सब्जी फाइबर का बेहतरीन सोर्स होती है। ये फाइबर्स ही हैं जो भोजन को पचाने में मदद करते हैं। शरीर में पानी की कमी नहीं होने देते। ब्लड का सही लेवल मेंटेन करने से लेकर, आंखों की रोशनी, नसों के सही काम करने के लिए, स्किन और फेस पर ग्लो बरकरार रखने में, वज़न को काबू करने में आदि में, सब्जियां, साग और सलाद सबसे अहम भूमिका निभाते हैं। अगर मौसमी छोटी-सी मिर्च भी खाते हैं तो हमारी छोटी आंत के लिए वह काफी फायदेमंद होती है। सीधे कहें तो हमारे शरीर के तमाम जरूरी अंगों की मजबूती में इनकी भूमिका काफी अहम हो जाती है।

### कुदरती रंगीन सब्जियां और फल

हर दिन 7 रंग की सब्जियां खाने की कोशिश होनी चाहिए, अगर यह मुमकिन न हो तो 3 से 4 तरह के रंग से भी काम चल जाता है। बैंगनी के लिए बैंगन और सफेद के लिए गोभी बढ़िया है।

| लाल सब्जियां-फल | पीली सब्जियां-फल | हरी सब्जियां-फल |
| --- | --- | --- |
| टमाटम, गाजर, तरबूज, सेब आदि खाने चाहिए। इनसे कैरोटिनॉइड्स नाम का ऐंटिऑक्सिडेट मिलता है। | पपीता, केला, संतरा आदि। इनमें भी कई तरह के विटामिन्स होते हैं। ये विटामिन-बी-6 के अच्छे सोर्स हैं। | भिंडी, घीया, पालक, बथुआ, अमरूद आदि। ये विटामिन-ए, आयरन के बेहतरीन सोर्स हैं। |

## सलाद खाने का सही तरीका

भारत में अलग-अलग तरह की सलाद खाने का चलाने पश्चिमी देशों से आया है। वहां सलाद के ऊपर चिकन, चीज़ पनीर आदि भी डालने का चलन है। भारत में भी इसी तरह से सलाद खाने का चलन काफी अरसा पहले शुरू हुआ। सलाद में बंद गोभी, मशरूम, हरे पत्ते आदि को खाने चलन आया। कुछ ऐसे रेस्टोरेंट भी चल रहे हैं जहां पर भांति-भांति के सलाद आपको खाने के लिए मिल जाएंगे। कई लोग सलाद में ड्राई फ्रूट्स भी डालकर खाते हैं। इसमें मुनक्का, अखरोट आदि मिला देते हैं। कुछ लोग उबले आलू भी मिलाते हैं। खैर जिस भी तरीके से खाएं, पर सलाद जब कच्चा खाएं तो इस बात का ध्यान रखें कि वह फ्रेश हो, अच्छे से धुला हुआ हो और किसी भी प्रकार की गंदगी न हो। अगर सलाद अच्छे से धुला हुआ नहीं होगा तो उसमें कीट, वर्म आदि हो सकते हैं जिनसे इन्फेक्शन हो सकता है। सलाद में गाजर, चुकंदर, टमाटर, मूली, बंद गोभी, हरे मटर आदि को मिलाकर खाने का चलन सबसे ज्यादा है।

### बनाते समय ये रखें ध्यान

चूंकि आजकल पेस्टिसाइड और फर्टिलाइजर्स की मौजूदगी काफी होती है, इसलिए सलाद बनाने के लिए पहले गाजर, मूली आदि को छील लें। गाजर, चुकंदर, हरी मटर, टमाटर को 5 मिनट के लिए नमकयुक्त गुनगुने पानी में रखने से इनमें मौजूद फाइटोन्यूट्रियंट्स ज्यादा ऐक्टिव हो सकते हैं।

### सलाद खाने के फायदे

दरअसल, सलाद शरीर में ऐंटिऑक्सिडेंट की मात्रा बढ़ाती है जो हर दिन बनने वाले हानिकारक फ्री-रेडिकल्स को खत्म करने में मदद करते हैं। इससे हम ऊर्जावान बने रहते हैं और हमारी इम्यूनिटी भी बेहतर होती है। ऐंटिऑक्सिडेंट हमारे शरीर की आंतरिक सूजन को कम करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इसमें पनीर, चीज़ आदि भी मिला सकता है।

# ऐसे करें सब्जियों का इस्तेमाल

साग-सब्जियों में मौजूद पोषक तत्व शरीर को ज्यादा से ज्यादा मिलें, इसके लिए जरूरी है कि इनकी खरीदारी से लेकर, काटने, धुलाने और पकाने का तरीका सही हो। अगर इन सभी का ध्यान नहीं रखेंगे तो हमें कभी भी पूरा पोषण नहीं मिल पाएगा।

## खरीदते वक्त रखें ध्यान



कई लोग वीकली मार्केट में जाकर एक ही बार में पूरे हफ्ते की शॉपिंग करके आ जाते हैं। यह तरीका सही भी है और गलत भी। सही उन सब्जियों के लिए है जो जल्दी खराब नहीं होती, मसलनः आलू, प्याज, लहसुन आदि। गलत उन सब्जियों के लिए है जो जल्दी खराब होती हैं। इसलिए उन्हें एक से दो दिन में उपयोग में ले आना चाहिए, मसलनः पालक, बथुआ, भिंडी, घीया, गोभी आदि। जब भी बाजार से सब्जी खरीदने जाएं तो यह जरूर देखें कि वह ताजा है या नहीं। पत्ते मुरझाए न हों। अगर तोड़कर देखना मुमकिन हो तो उसे तोड़कर देख लें कि अंदर से सब्जी सूखी है या नहीं। कई बार आप जब रात में बाजार, हाट में सब्जी खरीदने जाएंगे तो देखेंगे कि जिस रंग की सब्जी होती है, उसी रंग की लाइट लगाकर रखते हैं। मसलनः भिंडी, घीया आदि के लिए हरी लाइट, गाजर, टमाटर के लिए लाल, गोभी के लिए सफेद आदि। इन वजहों से सब्जी की ताजगी और उसके असल रंग के बारे में पता नहीं चलता।

1. कोशिश करें कि सब्जी दिन या शाम में खरीदें। दरअसल, जब अंधेरा हो जाता है तब ही आर्टिफिशल रंगीन लाइट लगाई जाती है।
2. अगर रात में सब्जी खरीदने की मजबूरी हो तो पहले सब्जी को रोशनी के सामने से अलग हटाकर देख लें। जरूरी हो तो मोबाइल टॉर्च का उपयोग कर सकते हैं।
3. सब्जी पर रंग की परत तो नहीं चढ़ाई गई है। इसकी परख करने के लिए एक सब्जी को उठाएं और गौर से देखें। जिन सब्जियों को रंगीन करने के लिए रंग का उपयोग किया जाता है, उन पर अक्सर रंग के महीन छींटे भी दिख जाते हैं।

## धोते समय क्या करें, क्या न करें

वहीं जब भी साग, सब्जी आदि को लाएं तो सबसे पहले सभी सब्जियों (आलू, प्याज, लहसुन आदि को छोड़कर) को पानी की तेज धार में धो लें। इसके लिए सब्जियों को किसी टोकरी में रखकर टैप के नीचे रख दें और तेज धार डालें। इस दौरान सब्जी को उलट-पुलट करते रहें ताकि सब्जी हर तरफ से धुल जाए। दरअसल, तेज धार से उस पर चिपकी गंदगी, कीट, कुछ केमिकल्स आदि भी धुल जाते हैं। सब्जियों को 3 से 4 मिनट धोते रहें। इसके बाद साग, सब्जियों को टब या बड़े बर्तन में रख दें। फिर उसमें हल्का गुनगुना पानी जिसमें नमक या विनेगर मिला हो डाल दें। पानी इतना हो कि सभी सब्जियां डूब जाएं। सब्जियों को फिर 5 से 10 मिनट बाद निकाल लें। इसमें साग को चाहें तो 5 मिनट में ही निकाल सकते हैं। ध्यान यह रखना है कि जो सब्जियां मुलायम हैं, उन्हें जल्दी निकाल लेना है। दरअसल, पत्ते वाली साग-सब्जियां गुनगुने पानी में ज्यादा देर रखने पर उनके पोषक तत्व पानी के साथ निकल सकते हैं।

### बंद गोभी और टेपवॉर्म

सलाद, सब्जी खाने से फायदे की बात तो होती है, पर कभी-कभी नुकसान भी होता है। यह नुकसान तब होता है जब सब्जी, सलाद को सही तरीके से धोकर न खाएं। बंद गोभी से टेपवॉर्म के इन्फेक्शन की चर्चा कई बार हुई है। कुछ मामले भी सामने आए जब यह कहा गया कि कच्ची बंद गोभी का सलाद खाने से टेपवॉर्म ब्रेन में पहुंच गया और न्यूरो-सिस्टीसर्कोसिस हो गया। पर इस बात का कोई खास सबूत नहीं है कि यह बीमारी गंदी या सही तरीके से न धुली हुई सब्जी खाने से हुई या फिर खराब पानी पीने से। अगर इन्फेक्टेड मांस भी सही तरीके से न पके तो उससे भी यह बीमारी हो सकती है।

## काटते समय क्या रखें एहतियात



कुछ सब्जियों को हम छीलकर खाते हैं। उनकी बाहरी परत को हटा देते हैं। कई बार इसकी जरूरत होती है और कई बार हम इस वजह से हटाते हैं ताकि ऊपरी परत में मौजूद केमिकल या कीट आदि को हटा सकें। वहीं नेचरोपैथी में कहा जाता है कि सब्जियों की बाहरी परत को नहीं हटाना चाहिए। उसमें काफी मात्रा में विटामिन्स और मिनरल्स होते हैं। इनकी बातें सही भी हैं, लेकिन आज जब हम सभी को पता है कि खेतों में बहुत मात्रा में केमिकल फर्टिलाइजर और पेस्टिसाइड का इस्तेमाल होता है। खेतों की मिट्टी की रासायनिक स्थिति भी बिगड़ती जा रही है। ऐसे में बाहरी परत को हटा देने पर जब भी सब्जियों को पकाने के लिए उनके स्लाइस काटते हैं तो पहली कोशिश यह होनी चाहिए कि उन्हें काटने के बाद धोने की जरूरत न पड़े। इसमें अमूमन सभी तरह की सब्जियां शामिल हैं।

**क्यों नहीं धोना चाहिए काटने के बाद:** अगर सब्जियों को काटने से पहले ही अच्छी तरह से धोया है और गुनगुने पानी से भी साफ किया है तो काटने के बाद धोने की जरूरत नहीं पड़ती। सब्जियों में कई तरह के विटामिन्स और मिनरल्स होते हैं जो वॉटर सॉल्यूबल (पानी में घुलने वाले टामिन-B और विटामिन-C) होते हैं।

**किडनी पेशंट की बात अलग:** किडनी के मरीज के लिए शरीर में पोटैशियम के स्तर को बनाकर रखना जरूरी रहता है। शरीर में पोटैशियम का स्तर बढ़ने से दिल के लिए कुछ परेशानी पैदा हो सकती है। इसलिए किडनी पेशंट को हमेशा सब्जियों को पहले 10 मिनट के लिए उबालकर उसका पानी फेंक देने के लिए कहा जाता है ताकि सब्जी में पोटैशियम की मात्रा कम हो जाए।

## पकाते वक्त का सबसे जरूरी काम

साग-सब्जी पकाने का मकसद सिर्फ स्वाद नहीं होना चाहिए। उनमें मौजूद पोषक तत्व जितनी ज्यादा मात्रा में मिल सके, शरीर के लिए उतना ही बढ़िया होगा। सच तो यह है कि आजकल लोगों को डीप फ्राई चीजें बहुत पसंद आती हैं। स्वाभाविक है कि ज्यादा तेल या घी में ज्यादा तापमान पर सब्जी पकाने से उनमें मौजूद ज्यादातर पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं। मकसद सिर्फ स्वाद का पूरा होता है। इसलिए जब भी सब्जी या साग पकाने के बारे में सोचें तो दिमाग में सबसे पहले यह लाएं कि तेल में कम समय के लिए फ्राई करना है, अगर उबालने की जरूरत हो तो उसी पानी का उपयोग सब्जी की ग्रेवी बनाने के लिए हो जाए तो बेहतर है।

**सूप कितना फायदेमंद:** यह फायदेमंद है, लेकिन कच्ची चीजों की तुलना में कुछ कम। सब्जियों का सूप बनाते समय इन्हें काफी देर तक गर्म करने पर इनमें मौजूद कई पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं। सूप बनाने से वे फाइबर्स जो ज्यादा कठोर हैं, सॉफ्ट हो जाते हैं। इसलिए सूप को पचाना आसान होता है। सूप नुकसानदायक तब हो जाता है जब इसमें सॉस मिला देते हैं। सूप पीने का बेहतर तरीका यह है कि पालक, गाजर, शलजम, चुकंदर, मटर आदि को आधा से एक लीटर पानी में उबाल लें। फिर पकने के बाद उसे बाउल में निकालकर थोड़ी मात्रा में जीरा पाउडर और हल्की मात्रा में काला नमक मिलाकर गर्मागरम पिएं।

### पकाने का नेचरोपैथी तरीका

वैसे तो नेचरोपैथी के अनुसार कुदरती चीजों को खाना ज्यादा बेहतर है। फिर भी जिन चीजों को कच्चा नहीं खा सकते, उन चीजों को पहले उबालने के लिए कहा जाता है। उबालने में कुकर की मदद भी ले सकते हैं। दूसरी तरफ ग्रेवी तैयार कर लें। ग्रेवी में 2 से 3 देसी टमाटर, एक बिस्किट के साइज की कच्चे नारियल की गिरी, एक मुट्ठी धनिया पत्ता, 15 से 20 कड़ी पत्ते, स्वाद के अनुसार सेंधा नमक, एक छोटी मिर्च और आधा चम्मच भुना जीरा मिलाकर मिक्सी में पीस लें। ग्रेवी तैयार हो गई। इस ग्रेवी को कुकर में गर्मागरम उबली हुई सब्जी में डाल दें और कुकर को 10 मिनट के लिए बंद कर दें। गैस को ऑन नहीं करना है। इस तरह तैयार सब्जी एक पौष्टिक सब्जी होगी। दिनभर में ऐसी 2 से 3 कटोरी सब्जी खा सकते हैं।

## कैसे बचाएं खुद को जानलेवा बीमारियों से

दुनिया में कुछ ऐसी जगहें हैं जहां के लोग 100 साल से ऊपर जीते हैं। यहां औसत इंसान 90-100 साल तक जीता है। बता दें हमारे देश में औसत लाइफ एक्सपेक्टेंसी 2022 में 70 साल ही है। दुनिया के सभी ब्लू जोंस में कुछ बातें कॉमन हैं। यहां के लोगों की उम्र लंबी होती है और उन्हें बीमारियों का खतरा भी कम होता है। आइए समझते हैं।

भले ही ये ब्लू जोन्स एक दूसरे से हजारों किलोमीटर दूर हों लेकिन वैज्ञानिकों को इनमें कई समानताएं भी मिलीं। लगभग इन सभी जगहों में लोग साबुत अनाज, ताजी सब्जियां और फल रोजाना खाते हैं। खाने को लेकर यहां के लोग सजग भी हैं। वो जानते हैं कि कितना खाने के बाद उन्हें रुक जाना चाहिए। और वो कभी भर पेट नहीं खाते। जरूरत से ज्यादा कैलोरी पर काबू रखने के लिए यहां के लोग नियमित उपवास वगैरह भी रखते हैं।

नींबू, संतरा जैसे खट्टे फलों को सिट्रस फ्रूट्स कहा जाता है। ब्लू जोंस में रहने वाले लोगों की डाइट में ये सिट्रस फ्रूट्स भी भरपूर मात्रा में शामिल हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि इनका भी बेहतरीन इम्यूनिटी में हाथ हो सकता है। दरअसल हमारा शरीर ज्यादा दिन तक विटामिन-सी स्टोर नहीं कर सकता है। लेकिन ये विटामिन हमारी इम्यूनिटी के लिए अहम है और रोगों से लड़ने में हमारी मदद करता है।



## वजन कम करने में भी मददगार है सलाद

- फाइबर समेत तमाम न्यूट्रियंट्स की भरपूर मात्रा
- इनमें कैलरी की मात्रा कम होती है और पेट भरा रहता है। वजन कम करना आसान होता है।
- सलाद की मात्रा हर दिन की डाइट में जितनी बढ़ाते हैं, स्वाभाविक तौर पर कार्बोहाइड्रेट (रोटी, चपाती, आलू) की मात्रा कम होती जाती है। इससे शरीर में पहले से मौजूद फैट कम होने लगता है क्योंकि शरीर को अपना काम चलाने के लिए ऊर्जा का यही सोर्स बचता है। वजन कम होने लगता है।
- अगर किसी दिन खाने में चीटिंग करनी हो तो उस दिन एक वक्त या उससे एक दिन पहले या एक दिन बाद भी दिनभर सलाद ही खाएं। इससे चीटिंग की वजह से शरीर पर पड़ने वाला बुरा असर काफी कम हो जाता है। वहीं एक दिन में जमा हुई चर्बी भी कम हो जाती है। हमारा डाइजेशन भी सही हो जाता है।
- चेहरे पर ताज़गी का अहसास रहता है। खून की कमी, विटामिन या मिनरल की कमी अमूमन नहीं ही होती, अगर कोई बीमारी न हो तो।

# उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा के लिए सतर्क रहें, जागरूक बनें : जिला कलेक्टर




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी.टी. ने की। संगोष्ठी में उपभोक्ता अधिकारों, टिकाऊ जीवनशैली और जागरूकता बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया। जिला कलेक्टर ने उपभोक्ताओं से सोच-समझकर उपभोग करने की अपील की और कहा कि केवल दिखावे या प्रतिस्पर्धा में आकर अनावश्यक वस्तुएं खरीदने से बचें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आधुनिक उपभोक्ता संस्कृति के दबाव में आकर लोग ऐसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद खरीदते हैं जिनकी उन्हें वास्तव में आवश्यकता नहीं होती, जिससे रेयर अर्थ मिनरल्स का अत्यधिक दोहन हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी जीवनशैली का स्तर ऊंचा हो, लेकिन यह टिकाऊ भी होना चाहिए।

संगोष्ठी का शुभारंभ जिला रसद अधिकारी कल्याण सहाय करोल द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुआ। ग्राहक पंचायत के प्रतिनिधि भगवतीप्रसाद शर्मा ने उपभोक्ता संरक्षण में ग्राहक पंचायतों की भूमिका पर प्रकाश डाला और बताया कि उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने के लिए इन पंचायतों का मजबूत होना आवश्यक है। उन्होंने उपभोक्ता कानूनों के प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया ताकि लोग अपने अधिकारों से भली-भांति परिचित हो सकें। कार्यक्रम में बताया गया कि जिले के 137 स्कूलों में उपभोक्ता क्लब सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, जो विद्यार्थियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बना रहे हैं। जिला कलेक्टर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह जरूरी है कि उपभोक्ता जागरूकता का संदेश स्कूल स्तर से ही दिया जाए, जिससे युवा पीढ़ी माइंडफुल कंजम्पशन यानी सोच-समझकर उपभोग करने की आदत डाले। संगोष्ठी में बार काउंसिल के अध्यक्ष प्रशांत हुंडवाल ने उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आज के भौतिकवादी दौर में उपभोक्ताओं को सजग और सक्रिय होना होगा। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि हर उपभोक्ता को अपनी खरीदी गई वस्तु या सेवा का बिल अवश्य लेना चाहिए, क्योंकि यह न केवल कानूनी रूप से आवश्यक दस्तावेज है, बल्कि किसी विवाद की स्थिति में उपभोक्ता के पक्ष को मजबूत करने का भी कार्य करता है। कार्यक्रम के अंत में सभी विशेषज्ञों ने इस बात पर सहमति जताई कि समेकित प्रयासों से ही उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा संभव हो सकेगी। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी.टी. ने उपभोक्ताओं को जागरूक बनने और अपने अधिकारों की रक्षा करने के लिए प्रेरित करते हुए संगोष्ठी का समापन किया।

## गौ सेवक दुष्यंत शर्मा सम्मानित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में गौशाला क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर गौ सेवक दुष्यंत शर्मा पुत्र स्वर्गीय लख्मीचंद को गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया जाना था लेकिन इनके पिता का स्वर्गवास होने के कारण इनको गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित नहीं किया जा सका। राजगढ़ एसडीएम मीनू वर्मा ने दुष्यंत शर्मा को उपखंड कार्यालय में बुलाकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। शर्मा को उपखण्ड पर सम्मानित करने पर गौशाला के ट्रस्टी सत्यनारायण डोकवेवाला वाला गौ सेवा समिति के मंत्री विजय सिंह गहलोत, एडवोकेट अनिरुद्ध पाटोदिया, गणेश दाधीच, नंदकुमार दाहिमा, मगतूराम दाधीच ने आभार व्यक्त किया।

# कामाण में धूमधाम से मनाया धूलंडी का पर्व

## टोलियों में निकलकर एक-दूसरे को लगाया रंग युवाओं ने जमकर किया डांस



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में बच्चों से लेकर बुजुर्ग महिलाएं और पुरुष हर कोई रंग गुलाब से सरोबार है। तहसील के हरियाणा निकटवर्ती गांव कामाण में होली के दूसरे दिन शुक्रवार को धुलंडी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं आस पास ग्रामीण क्षेत्र भाकरां खैरु बड़ी खैरु छोटी एवं कामाण में बच्चों से लेकर बुजुर्ग, महिलाएं और पुरुष हर कोई रंग गुलाब से सरोबार रहा गांव कामाण के नरेंद्र सिंह मेहरा पुत्र रमेश मेहरा ने बताया की अबकी बार हर साल से अलग ही गांव कामाण मे धुलंडी को लेकर अलग मस्ती दिखाई दे रही थी।

ढोल कुंडी व डफ की थाप पर साथ ही डीजे की धुनों पर युवा जमकर थिरक रहे हैं। हर कोई रंगों के इस त्योहार अपने अलग अंदाज में मनाया गया। होली के त्योहार को लेकर गांव से लेकर गुवाड़ तक उल्लास का माहौल रहा वहीं गांव में अलग-अलग मोहल्लों में बच्चे, महिलाएं और पुरुषों की टोलियां सुबह होते ही रंग गुलाल लेकर निकल पड़े लोगों ने एक दूसरे को जमकर लाल, पीला, हरा, नीला रंग लगाए। ढोल कुंडी की गूंज के साथ ही लोग नाचते हुए एक-दूसरे को रंग लगाते रहे नरेंद्र मेहरा ने बताया की गांव में होलिका दहन भी डीजे के साथ धमाल एवं नाचते गाते हुए ग्रामीणों के साथ किया गया। श्री नरेन्द्र मेहरा ने बताया की गांव कामाण में होली धुलंडी का पर्व भाईचारे, अमन-चैन हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। वहीं होली धुलंडी का खेल देखने कामाण गांव के समस्त ग्रामीणों सहित आसपास के ग्रामीणों की भी भीड़ देखने को मिली।

## न्यूज ब्रीफ

### वार्डवासियों ने किया होलिका दहन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** कॉ-ऑपरेटिव बैंक के पीछे बाबा चौक वार्ड नं 34 में होली पर्व पर गुरूवार देर रात करीब साढ़े 11 बजे होलिका दहन आयोजन किया गया। इस अवसर पर पण्डत देवेश शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार पूजा-अर्चना की आयोजक कर्ता सांवरमल भोजक व कमल भोजक ने होली दहन के बारे में विस्तार जानकारी दी। राट्रीय व घर परिवार में सुख समृद्धि की कामना कर होलीका दहन किया गया। इस अवसर पर डॉ. बजरग लाल, डॉ. गवेश शर्मा, प्रेम प्रकाश शर्मा, कुलदीप शर्मा, दीपक शर्मा, हनुमान प्रसाद भोजक, सुन्द्रर पाल शर्मा, व महेश मीश्रा, शिशपाल गुर्जर आदि ने मंत्रोच्चार से होलिका दहन विधिवत रूप से किया।

### रोजा इफ्तार दावत का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला मुख्यालय पर भरतीया अस्पताल रोड पारख बालिका स्कूल के पास कॉम काजियांन सदर संजय भाटी व आर के कांट्रेक्टर ग्रुप के मोहम्मद इमरान, रहीश भाटी, ने बड़ा रोजा इफ्तार दावत का आयोजन किया। इस अवसर पर मदीना मस्जिद ईमाम मौलाना अब्बास अली और मदरसा तौकीर उलूम के मोलानाओं में देश व प्रदेश की खुशहाली और तरकी की दुवाए की। इफ्तार कार्यक्रम में पूर्व उपसभापति रमजान खान, सुरेश शर्मा, मकसूद अली भींचर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान, आरिफ़ खान, शहर अध्यक्ष असलम खोखर, अबरार खान, अब्दुल जब्बार, जाकिर झरियावाला, हिदायत खान, असलम भाटी, मुराद अली ठेकादार आज़ाद भाटी, सहित अनेक पार्षद शाहरूख खान, बाबू मंत्री, आबिद जाबसरिया, नुमान अहमद, तारीख नागोरी, सलीम गौरी, लाल मोहम्मद हकीमवाला, और शहर के गणमान्य जन शामिल हुवे। इस दौरान मोलाना अब्बास अली ने माहे रमज़ान के महीने पर उपस्थित रोजेदारो को संबोधित करते हुवे कहा यह नेक महीना है इसमें जितनी इबादत करे वो कम है, मोलनाओं ने देश व प्रदेश में खुशहाली और तरक्की की दुआएं की।

### होली धमाल के गीतों पर झूमे जनप्रतिनिधि



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अग्रसेन नगर में अग्रसेन स्पोर्ट्स क्लब की ओर से आयोजित होली धमाल कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण ने चंग की थाप बजाकर होली पर्व पर शांति का संदेश दिया। इस मौके पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने सलामत रहे तेरा मेरा दोस्ताना गाने की प्रस्तुति दी। समिति के मदनलाल राजपुरोहित व स्पोर्टस कलब के अध्यक्ष सीताराम खरोड़ ने बताया कि होली के धमाल कार्यक्रम में अग्रसेन नगरवासियों ने होली गीतों पर भाजपा के पदाधिकारियों ढप बजाए। इस अवसर पर महिलाएं व पुरुष ने धमाल के गीत गाए। इससे पुर्व हनुमान सिंह शेखावत, विमल भटनागर, शुभकरण शर्मा, प्रमेश्वर शर्मा, महेन्द्र शर्मा, जगदीश खेडीवाल, हुकमीचन्द गौड, रामोतार मेहला, सोहन लाल, ओम इन्दोरिया को क्लब के विकाश सोनी, विपिन कस्वा, अभिषेक पाठक, प्रमोद गौड़, बजरंग हर्षवाल, राजेन्द्र शर्मा, मनिष हारित राजेन्द्र राठौड़, शैलेन्द्र सोनी, जितेन्द्र गिरदावर, राकेश, सुभाष, सुमेर स्वामी व कमल आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डॉ.रविकांत शर्मा ने किया।

### भाजपा का होली स्नेह मिलन आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर के विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड की अध्यक्षता में शनिवार को क्षेत्र की चौधरी धर्मशाला में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्रसिँह राठौड व चूरू लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र झाझड़िया, जिला उपाध्यक्ष पराक्रम राठौड ने भी शिरकत की। राठौड़ ने मुख्य बाजार में व्यापारियों से रामा श्यामा की एवं होली पर्व की बधाई दी।

### किसान नेता न्यौल का 73वां जन्मदिवस मनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अखिल राजस्थान किसान मजदूर कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष व कांग्रेस जिलाउपाध्यक्ष किसान नेता आदूराम न्यौल का 73 वां जन्मदिन किसान कार्यालय न्यौल भवन सातड़ा में मनाया गया। इस अवसर पर गायों को गुड़, मूली, गाजर व चारा खिलाया गया। किसान नेता न्यौल ने सभी को नशामुक्ति संकल्प दिलवाया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की लत का त्याग चाहिए। इसके साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के बारे में भी उपस्थित वरिष्ठ ग्रामीण जनों व युवाओं ने गंभीर विचार विमर्श कर त्यागने का निर्णय लिया। न्यौल ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में गाय कन्या नदियों की दुर्दशा हो रही है, उनके संरक्षण एवं बचाव के लिए हम सब को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर खेमचंद माली, मुकनाराम न्यौल, रामानंद न्यौल, विक्रम सिंह राठौर, कबीरदास स्वामी, हरीराम न्यौल, ओमप्रकाश जांगिड़, चेतन गर्ग, राकेश न्यौल, रणजीत न्यौल, राजेंद्र सैनी, बुधराम गर्ग, दिनेश गर्ग, राहुल जांगिड़, रमेश जांगिड़, सुरेश स्वामी, रमेश न्यौल, महेश जांगिड़, रामप्रताप, नरेंद्र न्यौल, दशरथ सिंह, कालूराम मेघवाल, नरपत मेघवाल, शीशपाल न्यौल, लालचंद पटीर, हेमंत, संजय, कपिल, कुलदीप, मोनू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। किसान नेता न्यौल के जन्मदिन पर सभी ने उनकी दीर्घायु की कामना की।

# भजन संध्या में श्रद्धालु हुए मंत्र मुग्ध



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** ढांढण वाली दादीजी का टाबरिया परिवार की ओर से सत्संग भवन में आयोजित भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हिमांशु चोटीया ने किया। मेहुल शर्मा ने मैं रहु ना रहु ईस दुनिया में,तेरा किरतन युही चलता रहे आदि भजन से वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। गायक आशीश डिडवानिया ने माई थारी ज्योत समाई, कृष्णा किशोरी ब्यास ने लुट रहा रहा दादी का खजाना, सुरत की वर्षा सोनी खुब सजा दरबार से श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर दादी जी का विशेष श्रृंगार निदरलेड के फुलों से सजाया गया। इस दौरान संजय बजाज का कोलकाता से ढांढण धाम की पदयात्रा की। रजत जयंती वर्ष होने पर समिति दादी की बहु बेटीयों को दादी जी का लोकेट वितरण किया गया। कार्यक्रम में बीकानेर की एडीएम निधि उडसरीया का सम्मान किया गया। गुजरात के जीएसटी कमिश्नर विमल सोनी का सम्मान किया गया।

# हो रयो ढ़ाढ़ण नगरी में केसर चंदन को छिड़काव : बजाज



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** श्री ढ़ाढ़ण शक्ति भक्त मंडल चूरू के तत्वाधान में निकटवर्ती ग्राम ढ़ाढ़ण में शक्ति मंदिर टिडा गेला धाम ढ़ाढ़ण में 20वां फागोत्सव होली के चंग दादी जी के संग कार्यक्रम का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दादी की ज्योत प्रचलित कर किया। चूरू के राघव चौधरी ने गणेश वंदना से कायक्रम का शुभारंभ किया। कोलकाता के मूलचंद बजाज ने अपनी मधुर वाणी से कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। बजाज ने फूलों की होली, केसर चंदन को छिड़काव होलिया में उड़े रे गुलाल जैसे भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वही अकोला की गायक कलाकार नेतल शर्मा ने होली खेलबा आओ मां मण्ड के बाहर आओ मां, ढ़ाढ़ण दादी के दरबार मची रे होली, लाया थारी चुनरी करियो मां स्वीकार जैसे भजनों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दी जिस पर उपस्थित महिला एवं पुरुष भक्त झूमते नजर आए। इस अवसर पर फूलों की होली, गजरा उत्सव व चुनरी उत्सव भी मनाया गया। चूरू के संजय शर्मा ने भी मेरी दादी का लाडला जैसे भजनों से दादी को रिझाया।

# महिला होली स्नेह मिलन का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** शेखावत कॉलोनी मे गणेश मंदिर के पास महिला होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला होली स्नेह मिलन का आयोजन सुशीला राठौड़,सुमन कवर, मिरा राठौड़, कचन कवंर,निर्मला कंवर,सुशीला लाखलाण, सुमन दुधवाखारा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने आपस मे होली के धमाल पर रंगों के त्योहार का आनंद लिया। महिलाओं ने आपस में एक दूसरे को गुलाल लगाकर, कार्यक्रम को रोचक बना दिया। वहीं कार्यक्रम मे सैकड़ो महिलाओं ने भाग लेकर कायक्रम को सफल बना दिया।

# बाबा श्योपुरी जी महाराज भाकरां धाम जागरण व कलश यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के हरियाणा निकटवर्ती बाबा श्री श्योपुरी धाम भाकरां मंदिर प्रांगण में जागरण कलश यात्रा नानी बाई का मायरा भंडारा की तैयारियों को लेकर प्रबंधक कमेटी सदस्य रामकुमार मितड की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में होने वाले बाबा श्योपुरी धाम मंदिर परिसर भाकरां में सत्संग भजन कीर्तन कलश यात्रा नानी बाई का मायरा संबंधित चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि नागा बाबा आजाद गिरी जी महाराज, भोजारेश्वर धाम बाबा मोहन गिरी जी महाराज, सन्यास आश्रम सुधिवास होंगे। सूबेदार गोपी राम मितड ने बताया कि कलश यात्रा कार्यक्रम 17 मार्च 2025 सुबह



8:15 बजे हवन पूजन 11:15 बजे नानी बाई का मायरा दोपहर 1:15 बजे से हवन पूजन 18 मार्च मंगलवार 9:15 बजे से हवन पूजन पूर्णाहुति बुधवार 19 मार्च दोपहर 1:15 बजे से जागरण 19 मार्च रात्रि 8:15 बजे ईश्वर की कृपा से भजन कीर्तन आयोजित किया जाएगा एवं भंडारा एवं प्रसाद वितरण गुरुवार 20 मार्च 2025 को सुबह 10:15 बजे बाबा श्योपुरी मंदिर धाम भाकरां में हर्षोल्लास के साथ संपन्न होगा।

# शंकरलाल महनसरिया व शांति देवी महनसरिया की स्मृति में आयोजित फाग उत्सव में उमड़ा जनसैलाब



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** स्थानीय प्रतिभा नगर स्थित श्री श्याम मंदिर प्रांगण में आयोजित बाबा श्याम के संग फूलों से फागोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। आयोजक पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया मंदिर के पुजारी संतोष बुढाढरा, रमेश कुमार महनसरिया, पवन कुमार महनसरिया, दलिप महनसरिया ने फाग उत्सव कार्यक्रम शुभारंभ किया। गायकार आशीष शर्मा, आशु व नारायण गोड़ ने सर्वप्रथम गणेश वंदना के साथ शुरू करते हुए बाबा श्याम के दरबार में मची होली रे बाबा श्याम के रंग मत डारे रे सांवरिया मारो गुजर मारे रे खर्चो भेज दे सांवरिया थारो बहुत बड़ो उपकार तो पैदल आशा या रे सांवरिया थारी खाटू नगरी धमाल के साथ बांसुरी वादक चंदनमल मुन्ना ने बांसुरी की बजाते ही दर्शक झूम उठे। गायकार पवन डीडवानिया, रवि शर्मा, अंजनी नवहाल ने पगलारी पायलडि बाजे हाथारोच ुडलो गांजो पिज्जा रे भोलानाथ अमली राजा बल के दरबार में मची होली रे राजा बलके कानुडा लाल घडलो मारो भर दे रे आदि धमाल पर दर्शक झूम उठे महनसरिया परिवार ने मंदिर में सभी कलाकारों व श्याम भक्तों के साथ बाबा श्याम के संग फूलों की होली खेली। पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन कैलाश चंद्र नवहाल ने किया।

### धुलंडी फाग के त्यौहार की खुशियां मातम में बदली

# डिग्गी में डूबने से दो बच्चों की मौत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के हरियाणा सीमावर्ती गांव बालाण में होली धूलंडी फाग की खुशियां उस समय मातम में बदल गई, जब गांव के दो मासूम बच्चों की पानी की डिग्गी में डूबने से मौत हो गई। मृतक बच्चों की पहचान 9 वर्षीय मयंक उर्फ लक्की और 12 वर्षीय विवेक के रूप में हुई है। प्राप्त ग्रामीणों की जानकारी के अनुसार गांव के पास करीब 10 फीट गहरी कच्ची पानी की डिग्गी होद बनी हुई है। फाग का त्यौहार मनाते वक्त चार बच्चे वहां पानी लेने गए पिचकारी भरते समय दो बच्चे वहां पानी में फिसल गए और पानी में डूब गए। साथ में गए दो अन्य बच्चों ने ग्रामीणों और परिजनों को सूचना दी। जब ग्रामीण और परिजन वहां पहुंचे तब तक दोनों बच्चों की मौत हो चुकी थी इसके बाद गोताखोरों की मदद से दोनों बच्चों के सवों को बाहर निकाला गया। त्योहार के इस अवसर पर पूरे गांव में मातम छा गया प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक दोनों संताने अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी।

### जोधपुर में निकली 633 साल पुरानी रावजी की गेर

# तीन किलोमीटर का रास्ता पार करने में लगे पांच घंटे, हजारों लोग शामिल

**जोधपुर।** शहर के मंडोर क्षेत्र में 633 साल से चली आ रही परंपरा के तहत धूलंडी के दिन 'रावजी की गेर' निकली, तो इसमें माली समाज के आठ बेरों के हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। हर बार की तरह इस बार भी रावजी की गेर में सदियों पुरानी परंपरा के साथ अनुशासन का संगम भी बरकरार दिखा। इसमें केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने भी शिरकत की और समाज के माली युवाओं के साथ ढोल बजाकर परंपराओं का निर्वहन कर रहे लोगों को भी इसके लिए बधाई दी। शुक्रवार दोपहर बाद मंडावता बेरा मंदिर चौक से पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुई रावजी की गेर, मंडावता चौराहा, भियांली बेरा, गोपी का बेरा, फतेहबाग होते हुए मंडोर गार्डन काला-गोरा भैरूजी मंदिर के पास नागकुंड तक निकाली गई। करीब तीन किलोमीटर की यह दूरी पूरी करने में तकरीबन पांच घंटे लगे। इसमें चंग की थाप पर थिरकते गेरियों की टोलियां और फाग गीतों में युवाओं का जोश व उत्साह देखते ही बन रहा था। इस दौरान मंडावता बेरा के युवाओं में जगदीश गहलोत, रविंद्र गहलोत, कुलदीप गहलोत, मुकेश गहलोत सहित वरिष्ठजनों की टीम ने रावजी के चारों ओर सुरक्षा घेरा बनाए रखा और रावजी को सुरक्षित मंडोर कुंड तक पहुंचाने की जिम्मेदारी बखूबी निभाते चले।



### परंपरा के अनुसार बेरों के लोग आगे रहते

सदियों से चली आ रही इस पारंपरिक गेर में हजारों लोगों की मौजूदगी रहती है, लेकिन इस दौरान व्यवस्थाएं बनाए रखने में समाज का अनुशासन सबसे अहम रहता है। मंडोर खास के वीरेंद्र देवड़ा कहते हैं कि इस मेले में समाज के लोगों का स्वप्रेरित अनुशासन और आयोजन से जुड़े युवाओं की टीम को समाज के वरिष्ठजनों से मिलने वाला मार्गदर्शन अहम भूमिका निभाता है। यही वजह है कि इस मेले के दौरान पुलिस या प्रशासन को कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ती। आठ बेरों के समाजसेवी व्यवस्था करते हुए आगे-पीछे चलते हुए पूरे आयोजन पर नजर रखते हैं। परंपरा के अनुसार बेरों के लोग आगे रहते हैं, वे आज भी आगे ही चलते हैं, कोई भी युवा दूसरे बेरों से आगे नहीं जाते।

# शेखावत के काफिले की गाड़ी पर हमला करने वाला गिरफ्तार

**जोधपुर।** जोधपुर के मंडोर इलाके में शुक्रवार रात को रावजी की गैर के दौरान केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत के काफिले की स्पेयर गाड़ी का शीशा तोड़ने वाले आरोपी नागौरी बेरा निवासी प्रमोद कच्छवाहा को मंडोर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मंडोर थानाधिकारी किशनलाल ने बताया- रावजी की गैर के मंडोर उद्यान के बाहर शुक्रवार रात को भीड़ थी और सभी का ध्यान गैर में नृत्य करते युवाओं की ओर था। इसी दौरान एक युवक ने पुलिस की एस्कॉर्ट व पायलट गाड़ी के साथ खड़ी काफिले की सरकारी गाड़ी पर हॉकी से वार कर शीशा तोड़ दिया। जब तक कोई कुछ समझ पाता, तब तक बदमाश भीड़ में घुसकर गायब हो गया। हालांकि, उसकी इस कारस्तानी को सरकारी गाड़ी के चालक ने देख लिया। इसके बाद पुलिस की अलग-अलग टीमें उस बदमाश की तलाश में जुटी और देर रात उसे हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी प्रमोद कच्छवाहा (24) ने कार का शीशा तोड़ना स्वीकार किया लेकिन इसके पीछे कोई कारण नहीं होकर सिर्फ मस्ती-मस्ती में की गई हरकत बताया। हालांकि, पुलिस उसके मोबाइल और किसी तरह की आपराधिक पृष्ठभूमि के बारे में भी जानकारी खंगाल रही है। दूसरी ओर, क्षेत्र में लोगों से पता चला कि बदमाश शराब के नशे में था और इसी दौरान उसने यह हरकत की थी।



# रिसॉर्ट में खाने को लेकर झगड़ा, सात गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

### वेटर से मारपीट करने पर रिसॉर्ट संचालक और कर्मचारियों ने टूरिस्ट्स को पीटा



**जैसलमेर।** जैसलमेर के सम थाना इलाके के एक रिसॉर्ट में मारपीट का वीडियो सामने आया है। वीडियो में पर्यटकों और रिसॉर्ट संचालकों में झगड़ा हो रहा है। वीडियो धुलंडी के दिन, शुक्रवार का बताया जा रहा है। मारपीट की घटना का वीडियो सामने आने के बाद सम थाना पुलिस ने दोनों पक्षों के सात लोगों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया है। सम थाना प्रभारी सुरजा राम ने बताया कि दोनों पक्षों में खाने को लेकर झगड़ा हुआ था। जिस पर दोनों पक्षों में बाद में राजीनामा भी हो गया। लेकिन शनिवार को मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद सम थाना पुलिस द्वारा दोनों पक्षों को बीएनएसएस की धारा 170 (शांति भंग) में पकड़कर थाने लाया गया।

### पर्यटकों ने की थी शराब की थी मांग

सम एसएचओ सुरजा राम ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को गुजरात से 18 पर्यटकों का एक ग्रुप सम इलाके में स्थित डेजर्ट हेरिटेज रिसॉर्ट पहुंचा। वहां उन्होंने चेक इन करवाने और लंच की मांग की। मगर चेक इन शाम को होने और पैकेज में लंच शामिल नहीं होने पर रिसॉर्ट संचालकों ने मना कर दिया। इस पर पर्यटकों ने शराब की मांग की। रिसॉर्ट के वेटर ने उनको बाहर से शराब लाकर दी। शराब के नशे में पर्यटकों ने खाना मांगा। खाने की मना करने पर वेटर और पर्यटकों में झड़प हो गई। मारपीट के दौरान वेटर के चीखने-चिल्लाने पर रिसॉर्ट के अन्य लोग वहां आए और पर्यटकों को पीट दिया। कुछ लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत करवाया और दोनों पक्षों में राजीनामा भी करवाया। शनिवार को घटना का वीडियो सामने आने पर सम थाना पुलिस ने संज्ञान लेते हुए पर्यटकों और रिसॉर्ट के करीब सात लोगों को बीएनएसएस की धारा 170 में शांति भंग में पकड़ा और थाने लाए।

# स्कॉर्पियो-बोलेरो भिड़ंत में सात युवक घायल

### ▸▸ थईयात गांव के पास हादसा, सभी अस्पताल में एडमिट

**जैसलमेर।** जैसलमेर के थईयात गांव के पास शुक्रवार देर रात स्कॉर्पियो और बोलेरो गाड़ी की आमने सामने भीषण टक्कर में सात लोग गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर 108 एम्बुलेंस सभी घायलों को जवाहिर हॉस्पिटल लेकर आई जहां सबका इलाज किया गया। हादसे की जानकारी मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों की जानकारी ली। सड़क हादसे की जानकारी मिलने पर हॉस्पिटल में लोगों की भीड़ लग गई। हालांकि अभी तक इस मामले में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है मगर पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। सभी घायलों को हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है और सबकी स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बोलेरो सवार जैसलमेर के भार्गव समाज के पांच युवक भादरिया मंदिर के दर्शन कर वापस जैसलमेर आ रहे थे। इस दौरान मोहनगढ़ से स्कोर्पियो सवार दो युवक सोढ़ाकोर गांव जा रहे थे। थईयात फाटा के पास घुमाव में दोनों गाड़ियों में आपसी टक्कर हो गई। जिसमें सात लोग घायल



हो गए। फिलहाल सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसे की जानकारी के बाद हॉस्पिटल में भीड़ लग गई। सदर थाना एएसआई मुकेश बीरा के अनुसार अभी तक इस मामले में किसी की भी तरफ से कोई मामला दर्ज नहीं करवाया गया है। लेकिन पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# बाड़मेर में एयरपोर्ट को मंजूरी, एयरफोर्स के रन-वे से उड़ान : उत्तरलाई एयरबेस के पीछे बनेगा टर्मिनल, ए-320 एयरक्राफ्ट को मिली मंजूरी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** राजस्थान में इंटरनेशनल बॉर्डर के नजदीक अब ए-320 जैसे प्लेन पैसेंजर्स को लेकर उतर सकेंगे। बाड़मेर के उत्तरलाई एयरबेस (बॉर्डर से 100 किलोमीटर) से सिविल फ्लाइट के संचालन की मंजूरी मिल गई है। एयरपोर्ट की नई बिल्डिंग भी उत्तरलाई एयरबेस के नजदीक बनेगी। इस प्रोजेक्ट को लेकर 24 मार्च तक सरकार को रिपोर्ट सौंपनी है। एयरपोर्ट की बिल्डिंग 127 एकड़ जमीन पर बनेगी। इसके लिए 64.43 एकड़ सरकारी भूमि निशुल्क आवंटित कर दी गई। वहीं, बाड़मेर कलेक्टर टीना डाबी की ओर से 62.93 एकड़ जमीन अवाप्ति की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जल्द ही खातेदारों को बॉन्ड जारी किए जाएंगे। इसके बाद उनके खातों में डीएलसी दर के आधार पर पैसे दिए जाएंगे।




### 2019 में हुई थी एयरपोर्ट की घोषणा

दरअसल, भारत सरकार की उड़ान स्कीम के तहत बाड़मेर में एयरपोर्ट की घोषणा 2019 में की थी। अब छह साल बाद इस प्रोजेक्ट के पूरा होने की संभावना बढ़ गई है। इससे पहले एयरपोर्ट के लिए तीन-तीन ऑप्शन तैयार किए गए थे। अब अंतिम आप्शन को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से मंजूरी मिलने के बाद इसे आगे बढ़ाया गया।

### एयरफोर्स टर्मिनल के लिए सिर्फ एक गेट रहेगा

उत्तरलाई एयरफोर्स के पीछे एयरपोर्ट का टर्मिनल बनेगा। इसके लिए उत्तरलाई रेलवे क्रॉसिंग ओवरब्रिज से दो लेन सड़क बनेगी। इसके लिए उत्तरलाई रेलवे क्रॉसिंग ओवरब्रिज से एयरपोर्ट टर्मिनल की करीब पांच कि.मी. दूरी होगी। एयरफोर्स टर्मिनल के लिए सिर्फ एक गेट ही रहेगा। जहां यात्री विमान तक एयरलाइंस की बस से जाएंगे। यानि जोधपुर एयरबेस की तरह ही यहां भी एयरफोर्स का रनवे विमानों के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। एयरपोर्ट टर्मिनल के पास कार पार्किंग, ऑफिस बनेंगे। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने उत्तरलाई एयरपोर्ट से ए-320 एयरक्राफ्ट के उड़ान की परमिशन दी है।

### सात मेंबर्स की कमेटी बना रही रिपोर्ट

एयरपोर्ट के लिए भूमि अवाप्ति की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सात सदस्य कमेटी रिपोर्ट तैयार कर रही है। एसडीएम वीरमाराम के नेतृत्व में रिपोर्ट बनाने के बाद कलेक्टर को भेजी जाएगी। इसके बाद 24 मार्च तक रिपोर्ट सरकार को भेजी जानी है। जिन किसानों की एयरपोर्ट के लिए जमीन आ रही है, उनको निर्धारित मुआवजा जारी किया जाएगा। अप्रैल से किसानों के खातों में मुआवजा राशि ट्रांसफर करने का काम शुरू हो जाएगा। इनमें पांच कि.मी. एप्रोच रोड और टर्मिनल, पार्किंग और अन्य सुविधा शामिल है। सरकार ने वित्तीय साल 2023-24 में 5.70 करोड़ रुपए भूमि बजट का प्रावधान किया था। बाड़मेर में सिविल एयरपोर्ट की शुरुआत होने के बाद लोगों को काफी फायदा होगा।
हालांकि, फिलहाल नजदीकी एयरपोर्ट जैसलमेर है, लेकिन वो पूरा साल एक्टिव नहीं रहता है। बाड़मेर में सिविल एयरपोर्ट की शुरुआत होने के बाद लोगों को काफी फायदा होगा।

### दो साल तक कुछ भी काम नहीं हुआ

साल 2019 में केंद्र सरकार ने उतरलाई एयरफोर्स के पास सिविल एयरपोर्ट बनाने की घोषणा की गई थी। दो साल तक कुछ भी काम नहीं हुआ। इसके बाद साल 2021 में एयरफोर्स और उतरलाई रेलवे स्टेशन के बीच 7.10 बीघ जमीन यूआईटी ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को दी। इसे एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने खारिज कर दिया। फिर साल 2022 में एयरपोर्ट अथॉरिटी ने 20 साल की यात्री सुविधा और भार को ध्यान में रखते हुए नई जगह देखने की सलाह दी। पिछले साल भारतीय विमानपतन प्राधिकरण की टीम बाड़मेर आई। ऑप्शन-2 के रूप में एयरफोर्स के पीछे से गेट बनाकर एयरपोर्ट संचालित करने के लिए जमीन देखी।

### ट्रेवल एजेंसी के ऑफिस में तोड़फोड़

# पुलिस ने सात आरोपियों को किया गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर की शास्त्री नगर थाना पुलिस ने 12वीं रोड स्थित ट्रैवल ऑफिस में तोड़फोड़ कर कब्जा करने की नीयत से मारपीट करने के मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, प्रार्थी भंवरलाल ने थाने में रिपोर्ट दी थी बताया कि 12 मार्च की सुबह 6:30 बजे के करीब दुकान संख्या 14 बड़ी रोड पर प्रशांत जाखड़ श्रवण जाखड़ पुत्र मोहन राम जाखड़ वह उसके अन्य साथियों ने एक राय होकर एमआर ट्रेवल्स के ऑफिस में आकर शटर तोड़ दिया। इसके बाद अंदर घुसकर उनके फर्नीचर, कांच, कंप्यूटर प्रिंटर दुकान के बाहर से कब्जा करने का प्रयास किया। इस पर पुलिस को सूचना दी गई जब पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी उनके कंप्यूटर प्रिंटर और सामान लेकर चले गए। इस मामले में पुलिस ने मौके से मोहम्मद आबिद पुत्र अहमद रजाक निवासी कालूराम की बावड़ी सूरसागर, फिरोज उर्फ मुर्गी पुत्र सनाउल्लाह निवासी ईदगाह पांचवी रोड, वीरेंद्र जाखड़ उर्फ पीर पुत्र जेदाराम निवासी भोपालगढ़, स्वरूप सिंह पुत्र पप्पू सिंह निवासी भिखोदाई पुलिस थाना फलसूंड को शांति भंग में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। इस मामले में अन्य आरोपी राहुल पुत्र चिरंजीलाल निवासी भुरटिया बाबा जी के मंदिर के पास पुलिस थाना सूरसागर, जहांगीर पुत्र जाकिर खान निवासी नई भाकरी बास कालूराम जी की बावड़ी और प्रशांत जाखड़ पुत्र मोहन राम निवासी 346 डी शंकर नगर पुलिस थाना चौपासनी बोर्ड को गिरफ्तार किया। थाना अधिकारी जुल्फिकार ने बताया कि आरोपी मोहम्मद आबिद के खिलाफ जोधपुर के विभिन्न थानों में 13 मामले दर्ज है। जबकि राहुल पुत्र चिरंजीलाल के खिलाफ पांच, जहांगीर पुत्र जाकिर खान के खिलाफ 12 और प्रशांत जाखड़ पुत्र मोहन राम के खिलाफ तीन मामले दर्ज है।

## व्यापार जगत

# सोना 784 और चांदी 1,598 महंगी



### ▸▸ सोने के भाव 86,843 के ऑल टाइम हाई पर, 72 दिन में 10,681 रुपए महंगा

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोना-चांदी के दाम में तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम पिछले क्लोजिंग यानी सात मार्च से 784 रुपए बढ़कर 13 मार्च को 86,843 रुपए पर पहुंच गया। गुरुवार (13 मार्च) को सोने ने अपना ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल एक जनवरी से अब तक 72 दिन में सोने की कीमतें 10,681 रुपए बढ़ी हैं। वहीं, एक किलो चांदी भी हफ्तेभर के कारोबार के बाद सात मार्च से 1,598 रुपए बढ़कर 98,322 पर पहुंच गई। एक हफ्ते पहले यानी सात मार्च को इसकी कीमत 96,724 रुपए प्रति किलो थी। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो का ऑल टाइम हाई बनाया था।

### इस साल 90 हजार रुपए तक जा सकता सोना

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि एक बड़ी रैली के बाद सोने में गिरावट आनी थी, वह आ चुकी है। अमेरिका के बाद यूके ने ब्याज दरों में कटौती और जियो पॉलिटिकल टेंशन बढ़ने से गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। वहीं गोल्ड ईटीएफ में निवेश भी बढ़ रहा है। इससे भी गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 90 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है।

### जनवरी से अब तक 10,681 रु महंगा सोना

इस साल यानी एक जनवरी से अब तक 72 दिनों में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से बढ़कर 86,843 रुपए पर पहुंच गए हैं। यानी, इस साल सोना 10,681 रुपए महंगा हो चुका है। वहीं, चांदी का भाव 86,017 रुपए प्रति किलोग्राम से 12,305 रुपए बढ़कर 98,322 रुपए पर पहुंच गया है।

### इसर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर छह अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है।
इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी HUID कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- AZ4524।

# एरिसइंफ्रा सॉल्यूशंस का आईपीओ 20 को, 25 तक बिडिंग कर सकेंगे निवेशक

**मुंबई।** एरिसइंफ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपाओ 20 मार्च को ओपन होगा। निवेशक इस इश्यू के लिए 25 मार्च तक बिडिंग कर सकेंगे। 28 मार्च को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल 600 करोड़ जुटाना चाहती है। कंपनी इश्यू में 2,85,71,428 फ्रेश शेयर्स जारी करेगी। इस इश्यू में कंपनी के मौजूदा निवेशक या प्रमोटर ऑफर फॉर सेल यानी ओएफएस के जरिए एक भी शेयर नहीं बेचेंगे। अगर आप भी इसमें पैसा लगाने का प्लान बना रहे हैं तो हम आपको बता रहे हैं कि आप इसमें कितना निवेश कर सकते हैं। एरिसइंफ्रा सॉल्यूशंस ने आईपाओ का प्राइस बैंड 200-210 तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 70 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप आईपाओ के अपर प्राइज बैंड 210 के हिसाब से एक लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,700 इन्वेस्ट करने होंगे। वहीं, मैक्सिमम 13 लॉट यानी 910 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते हैं। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 1,91,100 इन्वेस्ट करने होंगे।

कंपनी ने आईपाओ का 75% हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए रिजर्व रखा है। इसके अलावा 10% हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स और बाकी का 15% हिस्सा नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व है।

### 2021 में हुई थी स्थापना

एरिसइंफ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड की स्थापना 2021 में हुई थी, जो एक बी2बी कंपनी है। यह कंपनी कंस्ट्रक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी से जुड़ी कंपनियों को मटेरियल खरीदने और फाइनेंस मैनेजमेंट में मदद करती है। ड कंपनी के कस्टमर्स में कैपेसिट इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड, जे कुमार इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड, एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, ईएमएस लिमिटेड, एस पी सिंगला कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड आदि शामिल हैं।

# इंडसइंड बैंक को लेकर एक्शन मोड में आरबीआई

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शनिवार को इंडसइंड बैंक के निदेशक मंडल से कहा कि वह चालू तिमाही के दौरान बैंक द्वारा घोषित अकाउंटिंग में 2100 करोड़ रुपए की भारी गड़बड़ी के खुलासे के बीच सुधारात्मक कार्रवाई पूरी करे। बैंक ने इसी सप्ताह अकाउंटिंग में गड़बड़ी का खुलासा किया था। इसका बैंक के निवल मूल्य पर 2.35 प्रतिशत असर पड़ने का अनुमान है। इस खुलासे के तुरंत बाद, बैंक के शेयरों की कीमत में भारी गिरावट देखी गई। इंडसइंड बैंक ने पहले ही अपने मौजूदा आरबीआई ने एक बयान में कहा कि तंत्र की व्यापक समीक्षा करने, वास्तविक प्रभाव का आकलन करने और उसका हिसाब लगाने के लिए एक बाहरी ऑडिट टीम को नियुक्त कर लिया है। रिजर्व बैंक ने कहा- बोर्ड और प्रबंधन को केंद्रीय बैंक द्वारा निर्देश दिया गया है कि वे सभी हितधारकों को आवश्यक खुलासे करने के बाद, जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान पूरी तरह से सुधारात्मक कार्रवाई पूरी कर लें। बयान में कहा गया है कि इस समय जमाकर्ताओं को अटकलों पर प्रतिक्रिया देने की कोई आवश्यकता नहीं है। केंद्रीय रिजर्व बैंक ने ग्राहकों और निवेशकों को आश्वासन दिया कि बैंक की वित्तीय स्थिति स्थिर बनी हुई है और वह इस पर बारीकी से नजर रख रहा है।

# रूस, भारत, चीन... मिलकर तोड़ेंगे ट्रंप का गुरूर ?

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आर्थिक नीतियों से हाहाकार मचा हुआ है। कोई भी देश इससे अछूता नहीं है। खुद अमेरिका में इन नीतियों विरोध होने लगा है। 'सुपरपावर' को ये नीतियां मंदी की ओर धकेल रही है। यह और बात है कि ट्रंप का गुरूर सातवें आसमान पर है। टैरिफ के जरिये वह पूरी दुनिया को नाच नचाना चाहते हैं। इस बीच एक बड़ा अपडेट आया है। बिजनेस स्टैंडर्ड ने ब्राजील के राजदूत केनेथ दा नोब्रेगा के हवाले से बेहद अहम जानकारी दी है। नोब्रेगा ने बताया है कि टैरिफ की धमकियों के बीच ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका ब्रिक्स अमेरिकी चुनौतियों का सामना करने के लिए राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार के संभावित तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं। साथ ही, ब्राजील इस साल के अंत में COP30 की मेजबानी करेगा। ब्राजील और भारत दवाइयों, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा और कृषि जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय



सहयोग को आगे बढ़ाने के नए रास्ते तलाश रहे हैं। COP30 में पेरिस समझौते को लागू करने, जलवायु वित्त के लिए नए सामूहिक लक्ष्यों पर फोकस और क्लाइमेट एक्शन के लिए अधिक संसाधन जुटाने पर जोर दिया जाएगा।

**अपनी करेंसी में बढ़ाएंगे व्यापार**

ब्राजील के राजदूत केनेथ दा नोब्रेगा ने इस इंटरव्यू में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की। उन्होंने ब्रिक्स देशों की अमेरिकी टैरिफ धमकियों से निपटने की रणनीति, ब्राजील और भारत के बीच बढ़ते द्विपक्षीय सहयोग और COP30 की प्राथमिकताओं पर रोशनी डाली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ की धमकियों के जवाब में ब्रिक्स देशों की रणनीति पर उन्होंने खुलकर बात रखी। राजदूत नोब्रेगा के अनुसार, ब्रिक्स देश अपनी मुद्राओं में व्यापार और वित्तीय लेनदेन को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं। यह कदम सदस्य देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के साथ अधिक लोकतांत्रिक और विविध अंतरराष्ट्रीय आर्थिक वातावरण बनाने के लिए उठाया जा रहा है। इससे देश व्यापार के लिए सीमित मुद्राओं पर निर्भर नहीं रहेंगे। यह तंत्र किसी विशेष मुद्रा के खिलाफ नहीं है, बल्कि सदस्य देशों को अपने व्यापार में अधिक लचीलापन प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यहां इस बात का ध्यान रखना होगा कि यह स्थानीय मुद्राओं में व्यापार करने की स्ट्रैटेजी है। भारत पहले ही कह चुका है कि वह रूस और चीन के समर्थन वाले ब्रिक्स करेंसी के किसी भी प्रस्ताव को खारिज करता है। भारत का रुख इसे लेकर बिल्कुल साफ है। वह यह भी कहता आया है कि अमेरिका से उसकी दुश्मनी नहीं है।

**डॉलर का दबदबा होने से अमेरकिा को फायदा**

दरअसल, हाल में इस तरह के प्रस्ताव की बातें उठी थीं। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर ये देश डॉलर के अलावा किसी और मुद्रा में व्यापार करेंगे तो अमेरिका उन पर 100% टैरिफ लगाएगा।

## आप का राशिफल 16 मार्च

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-5-6-7

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। आत्मचिंतन कर। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। यात्रा का योग बनेगा। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-5-7-8

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा
शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। स्वविवेक से कार्य कर। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-7

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-6-7

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-9

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-5-7

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-7-8-9

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-4-6-8

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर वाले मदद करेंगे। शुभांक-5-7-9

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दे शुभांक-2-4-6

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-6-7

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-6-8

# इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट सीरीज में रोहित शर्मा होंगे कप्तान?



**रोहित को बीसीसीआई का समर्थन**

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत के बाद रोहित शर्मा को इंग्लैंड के खिलाफ जून में होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए चुना जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, रोहित इस दौरे पर कप्तानी कर सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले रोहित खराब दौर से गुजर रहे थे और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। रोहित को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान सिडनी में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच से बाहर रखा गया था जिससे इस प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर चर्चा का बाजार गर्म हो गया था।

हालांकि, रोहित के नेतृत्व में भारत ने हाल ही में न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था जो उसका पिछले नौ महीने में दूसरा आईसीसी खिताब था। इससे पहले टीम ने 2024 में रोहित की कप्तानी में ही टी20 विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम की थी। इस रिपोर्ट की मानें तो रोहित को चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत का इनाम मिल सकता है और वह इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी संभाल सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल जीतने के बाद कप्तान रोहित ने भी भविष्य को लेकर चीजें स्पष्ट की थी। उनका कहना था कि वह संन्यास नहीं ले रहे हैं और उनके भविष्य को लेकर अटकलें फर्जी हैं। रोहित ने कहा था, फिलहाल मैं अच्छा खेल रहा हूं और टीम के साथ जो कर रहा हूं उसका आनंद ले रहा हूं। मुझे भरोसा है कि टीम को भी मेरा साथ पसंद आ रहा होगा। मैं 2027 के बारे में अभी कुछ नहीं कह सकता क्योंकि यह अभी काफी दूर है, लेकिन मैंने अपने विकल्प खुले रखे हैं।

## आईपीएल 2025

# सनराइजर्स हैदराबाद के लिए राहत की खबर

### ▶▶ नीतीश रेड्डी ने पास किया फिटनेस टेस्ट

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 से पहले सनराइजर्स हैदराबाद के लिए राहत की खबर आई है। उसके ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी साइड स्ट्रेन से उबर गए हैं और उन्होंने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। नीतीश जल्द ही टीम से जुड़ेंगे। नीतीश चोट के कारण जनवरी से मैदान से बाहर चल रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, नीतीश ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में यो-यो टेस्ट सहित सभी फिटनेस टेस्ट पास कर लिए हैं और फिजियो ने उन्हें आईपीएल में खेलने के लिए हरी झंडी दे दी है।



### नीतीश ने किया था प्रभावित

- हैदराबाद ने आईपीएल 2025 से पहले नीतीश को छह करोड़ रुपए में रिटेन किया था। नीतीश ने पिछले सीजन 13 मैचों में 143 के स्ट्राइक रेट से 303 रन बनाए थे। नीतीश ने भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान भी प्रभावित किया था और मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में 114 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली थी।

# आईपीएल की तैयारियों में जुटे महेंद्र सिंह धोनी

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने आईपीएल 2025 के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। सीएसके का सामना पहले मैच में 23 मार्च को मुंबई इंडियंस के साथ होगा। इसके लिए पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी तैयार हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि धोनी काफी लोकप्रिय हैं और उनको खेलते हुए देखने के लिए फैंस के बीच हमेशा उत्साह रहता है। धोनी इस बार आईपीएल में अनकैप्ड प्लेयर के तौर पर उतरेंगे।



### ▶▶ नेट्स पर जमकर किया बल्लेबाजी का अभ्यास

### अनकैप्ड प्लेयर के तौर पर उतरेंगे माही

धोनी ने कुछ साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। आईपीएल नियम के अनुसार पांच साल या इससे अधिक समय पहले संन्यास ले चुके खिलाड़ी को अनकैप्ड प्लेयर माना जाता है इसलिए सीएसके ने आईपीएल 2025 के लिए मेगा नीलामी से पहले धोनी को अनकैप्ड प्लेयर के तौर पर रिटेन किया था। धोनी ने हाल ही में संकेत दिए थे कि उनमें कुछ वर्ष और खेलने की क्षमता शेष है।

### ▶▶ धोनी को अभ्यास करता देख खुश हुए फैंस

आईपीएल 2025 की शुरुआत होने में अब एक सप्ताह का समय शेष रह गया है और धोनी ने इससे पहले अपने फैंस को टीजर दिखा दिया है। धोनी के अभ्यास करने का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है जिसमें वह नेट्स पर अभ्यास करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि धोनी शॉर्ट डिलेवरी पर शॉट खेल रहे हैं। धोनी के इस शॉट को देखकर फैंस काफी खुश हो गए हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी में धमाल मचाने के बाद आरसीबी कैंप पहुंचे कोहली

**नई दिल्ली।** आईपीएल के आगामी सीजन को शुरू होने में अब सिर्फ एक सप्ताह का समय बचा है। ऐसे में आगामी टूर्नामेंट के लिए सभी टीमें तैयारी में लगी हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम का हिस्सा रहे ज्यादातर खिलाड़ी भी अपनी-अपनी टीम से जुड़ गए हैं। इस बीच भारत के स्टार बल्लेबाज और पूर्व कप्तान विराट कोहली शनिवार को आरसीबी से जुड़ गए हैं। कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने में काफी अहम भूमिका निभाई थी और अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए 18वां सीजन खेलने के लिए तैयार हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीतने के बाद भारतीय टीम के कुछ खिलाड़ियों ने ब्रेक लिया हुआ था, जिसके कारण वह अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी से देरी से जुड़े हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अभी परिवार के साथ ब्रेक पर हैं और वह भी जल्द ही मुंबई से जुड़ेंगे। आरसीबी ने अपने सोशल मीडिया पर कई पोस्ट शेयर किए हैं, जिसमें वह अलग-अलग पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि फ्रेंचाइजी ने उनका चेहरा नहीं दिखाया। हाल ही में विराट कोहली ने नया हेयरस्टाइल कट करवाया है, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।



आरसीबी ने जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, उसमें कोहली के टैटू साफ नजर आ रहे हैं। कोहली पिछले साल टी20 इंटरनेशनल फॉर्मेट से रिटायर हो चुके हैं लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी में वह शानदार फॉर्म में दिखे। उन्होंने पांच मैचों में 218 रन बनाए। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ शतक लगाया था।

# बहरीन ने रच दिया अनचाहा इतिहास

### ▶▶ 16 साल में सुपर ओवर लागू होने के बाद ऐसा पहली बार हुआ



**नई दिल्ली।** टी20 क्रिकेट के पिछले 16 में नहीं हुआ, वह बहरीन और हांगकांग के बीच खेले गए मैच में हो गया। आईसीसी सीडब्ल्यूसी चैलेंज लीग बी के मुकाबले में शनिवार को पहली बार ऐसा हुआ, जब शूटआउट मुकाबले में फेंके गए सुपर ओवर में एक भी रन नहीं बना। और यह दाग लगा बहरीन पर, जिसने शुक्रवार को क्वालालंपुर में हांगकांग के खिलाफ मैच खेला था। दोनों टीमों के बीच बहुत ही रोमांचक मुकाबला हुआ और फिर टी20 के इतिहास में दर्ज हो गया। मलेशिया ट्राई सीरीज में हांगकांग ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए सात विकेट पर 129 रन बनाए। जवाब में बहरीन के ओपनर फियाज अहमद और प्रशांत कुरुप ने शुरुआती चार ओवरों में ही 30 रन जोड़कर अपनी टीम को शानदार शुरुआत दी। लेकिन यहां से नियमित अंतराल पर उसके विकेट गिरने शुरू हो गए और देखते ही देखते स्कोर पांच विकेट पर 67 रन गया। एक समय बहरीन को आखिरी ओवर में 13 रन बनाए थे। ओवर की पांचवीं गेंद पर छक्का जड़कर स्कोर बराबर कर दिया। आखिरी गेंद पर नसरुल्ला आउट हो गए और मैच टाई हो गया।

### सुपर ओवर में हुआ बहरीन के साथ यह ‘हादसा’

मैच सुपर ओवर में पहुंचा, तो नासिर फिर से रन नहीं बना सके। हांगकांग का वेटरन स्पिनर अहसान खान ने उन्हें और सोहैल अहमद को लगातार गेंदों पर आउट किया। आईसीसी के नियमों के हिसाब से लगातार दो गेंदों पर विकेट गिरने के साथ ही टीम विशेष की पारी खत्म हो जाती है। फिर हांगकांग ने सुपर ओवर की तीसरी गेंद पर जीत हासिल कर ली। कुल मिलाकर यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का 33वां ऐसा मैमच रहा, जो सुपर ओवर से तय हुआ।

# आईपीएल के आगाज से पहले आयुष बडोनी का गदर

**नई दिल्ली।** आईपीएल का आगाज 22 मार्च से होने वाला है। आईपीएल में खेलने वाले खिलाड़ी अभ्यास करने में लगे हुए हैं। इस बार सभी टीमें पूरी तैयारी के साथ आईपीएल में उतरना चाह रही है। सभी खिलाड़ी जमकर अभ्यास भी कर रहे हैं। वहीं, आईपीएल के आगाज से पहले आयुष बडोनी ने सुर्खियां बटोर ली है। दरअसल, अभ्यास सत्र के दौरान लखनऊ सुपरजायंट्स के आयुष बडोनी ने एक ऐसा कमाल किया है जिसकी चर्चा हो रही है। अभ्यास करने के क्रम में बडोनी गेंद पर छह छक्के लगाने का चैलेंज पूरा कर लिया है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आईपीएल के आगाज से पहले बडोनी के इस धमाके की गुंज अब दूसरे फ्रेंचाइजी के खेमे में महसूस होने लगी है। बडोनी भले ही अभी तक ज्यादा सुर्खियां नहीं बटोर पाए हैं, लेकिन लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के युवा खिलाड़ी ने आईपीएल 2025 से पहले अभ्यास सत्र के दौरान एलएसजी के सहायक कोच लांस क्लूजनर की ओर से दिए गए लगातार छह छक्के लगाने की चुनौती को स्वीकार कर उसे पूरा भी किया है, जिसके बाद क्लूजनर बडोनी से काफी खुश हो गए हैं। क्लूजनर ने बडोनी को लेकर कहा कि, “अच्छा काम बहुत बढ़िया,”। आईपीएल 2025 में लखनऊ टीम का पहला मैच 24 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होगा। लखनऊ की टीम की कप्तानी ऋषभ पंत करने वाले हैं। बता दें कि आईपीएल ऑक्शन में पंत को 27 करोड़ में खरीदकर टीम में शामिल किया गया है।



## म नो रं ज न

# गौरी से शादी करेंगे आमिर खान?


बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। आमिर खान ने खुद इस बात का ऐलान कर दिया है कि वह गौरी स्प्रैट के साथ रिलेशनशिप में हैं। तो क्या आमिर खान अब तीसरी बार शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं? मिस्टर परफेक्शनिस्ट अपने 60वें जन्मदिन से पहले मीडिया से मिले तो उन्होंने बातचीत के दौरान इस सवाल का भी जवाब दिया। आमिर खान की पहली शादी रीना दत्ता से हुई थी। तकरीबन 16 साल तक शादी के बंधन में रहने के बाद दोनों अलग हो गए और फिर आमिर खान ने साल 2005 में किरण राव से शादी कर ली। फिर 16 साल बाद आमिर खान ने किरण राव से भी तलाक ले लिया। अब जब आमिर खान तीसरी बार रिलेशनशिप में हैं, तो क्या वह गौरी से शादी करेंगे? इस सवाल के जवाब में आमिर खान ने कहा, “पता नहीं अब 60 की उम्र में मुझे शादी शोभा देती है या नहीं। मेरे बच्चे बहुत खुश हैं। गौरी और मैं बीते 18 महीनों से कमिटेड हैं और सीरियस रिलेशनशिप में हैं, जिसकी वजह से हमारी जिंदगी में बहुत खुशी और सुकून आया है। मैं खुशकिस्मत रहा हूं कि मेरी जिंदगी में मुझे बहुत मजबूत रिश्ते मिले हैं। पहले रीना और मैंने 16 साल साथ बिताए और फिर किरण और मैं 16 साल तक साथ रहे। अब इतने सालों के बाद भी हम साथ हैं।” आमिर खान ने कहा कि उन्होंने उनसे (रीना और किरण) से बहुत कुछ सीखा है और अब गौरी के साथ वह खुद को सेटल फील करते हैं। आमिर खान ने मीडिया की टांग खींचते हुए कहा, “देखा, आप लोगों को पता नहीं चला कि हम साथ हैं। क्योंकि मैं उससे मिलने के लिए बेंगलुरू जाया करता था।” आमिर खान ने कहा कि आखिरकार भुवन को उसकी गौरी मिल ही गई। मालूम हो कि फिल्म लगान में उनके किरदार का नाम भुवन था और उनकी पार्टनर का गौरी। आमिर खान ने अपनी उम्र को लेकर मजाक करते हुए मीडिया से कहा, “मैं तो खुद को 60 साल जैसा फील नहीं करता। अब 16 साल का हो गया हूं मैं।” बातचीत के दौरान यह भी पता चला कि आमिर खान और गौरी एक दूसरे को पिछले 25 सालों से जानते हैं लेकिन अब जब दोनों ही सिंगल हैं तो दोनों ने एक दूसरे में अपना सुकून तलाशा।





# ‘सिकंदर’ की शूटिंग खत्म होते ही नए लुक में नजर आए सलमान खान


सलमान खान की मच अवेटेड फिल्म ‘सिकंदर’ की शूटिंग ऑफिशियली तौर पर पूरी हो गई है। सुपरस्टार ने को-एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और निर्देशक ए.आर. मुरुगादॉस और निर्माता साजिद नाडियाडवाला के साथ मुंबई में फिल्म के फाइनल फेज की शूटिंग भी पूरा कर ली है। इसी के साथ फैंस फिल्म की रिलीज को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। इन सबके बीच सिकंदर की शूटिंग पूरी होते ही सलमान खान भी नए अवतार में आ गए हैं। एक्टर के नए लुक की तस्वीरें अब वायरल हो रही हैं।




बता दें कि सिकंदर की शूटिंग पूरी होते ही सलमान खान ने अपनी दाढी मुंडवा ली है। एक्टर एक साल से ज्यादा समय के बाद क्लीन शेव लुक में आ गए हैं। सलमान खान की ये क्लीन शेव की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं जिन पर फैंस फिदा हो रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्रों ने सलमान खान की सिकंदर की फाइनल शूटिंग के बारे में जानकारी दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक सूत्रों ने खुलासा किया, “यह बांद्रा में सलमान और रश्मिका के बीच एक पैचवर्क सीक्वेंस था और टीम ने लगभग 8:30 बजे शूटिंग पूरी की। शूटिंग के ठीक बाद सलमान ने क्लीनशेव लुक ले लिया। बता दें कि सिकंदर के लिए सलमान ने दाढी रखी थी। असल जिंदगी में सलमान हमेशा क्लीन शेव लुक पसंद करते हैं।'' ‘सिकंदर’ की मुंबई, हैदराबाद और भारत के अन्य स्थानों पर 90 दिनों तक शूटिंग की गई थी। टीम ने चार गाने शूट किए, जिनमें तीन डांस नंबर और पांच एक्शन सीक्वेंस शामिल हैं।

कथित तौर पर सिकंदर को बड़े पर्दे के लिए डिज़ाइन किया गया है, इसकी कहानी में रोमांस, राजनीति, नाटक और बदला भी शामिल हैं। रिलीज से पहले फिल्म के बज को देखते हुए लग रहा है कि ये एक बड़ी एक्शन ब्लॉकबस्टर साबित हो सकती है। इसी के साथ बता दें कि सिकंदर इस ईद पर यानी 28 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# भस्म लगाकर भगवान परशुराम बने आशुतोष राणा

बॉलीवुड एक्टर आशुतोष राणा अपने वर्सटाइल रोल्स को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। आशुतोष बहुत काबिल एक्टर हैं। ना सिर्फ एक्टिंग में उनका कोई तोड़ नहीं है, बल्कि उनकी हिंदी के भी लोग कायल हैं। आशुतोष ने विकी कौशल की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म छावा में हंबीराव मोहिते का यादगार किरदार निभाया था। अब आशुतोष ने भगवान परशुराम का गेटअप ले लिया है। आशुतोष को उनके पौराणिक किरदारों के लिए भी जाना जाता है। उनका हाल ही में एक वीडियो सामने आया। इस वीडियो में आशुतोष ने भगवान परशुराम का गेटअप लिया है और वो डायलॉग बोलते दिखाई दे रहे हैं।





उन्होंने चेहरे पर भस्म लगा रखी है। आशुतोष ने ये वीडियो अपने इंस्टाग्राम पंचतंत्र वन पर शेयर किया है। फैंस को एक्टर का ये लुक काफी पसंद आ रहा है। आपको बता दें कि आशुतोष ना सिर्फ फिल्मों में अपने शानदार केरेक्टर रोल्स के लिए जानें जाते हैं। बल्कि उनको थिएटर से भी काफी लगाव है। वो फिल्मों में काम तो करते ही हैं, साथ ही जब मौका मिलता है तो थिएटर प्ले का भी हिस्सा बनते हैं।

# मजाक-मजाक में कील निगल गए थे विकी कौशल

विकी कौशल फैमिली के साथ डिनर कर रहे थे जब किसी ने मजाक-मजाक में उनसे कहा कि तुझमें आयरन की कमी है। विकी ने इसी बात पर झट से वहीं रखी लोहे की कील मुंह में डाल ली और कहा कि लो, कमी पूरी हो गई। विकी को अंदाजा नहीं हुआ कि वह कब बातों-बातों में गलती से यह कील निगल गए। विकी ने घरवालों को बताया कि वह कील निकल गए हैं। यह बताते ही पहले तो उन्हें दो थप्पड़ लगाए गए। विकी सोचने लगे कि एक तो मैं कील निकल गया हूं ऊपर से यह मुझे मार रहे हैं। लेकिन क्योंकि हॉस्पिटल वहां से काफी दूर था तो घरवाले अगले दिन लेकर उन्हें डाक्टर के पास गए। विकी के घरवालों को डाक्टर ने जांच के बाद बताया कि अगर तीन-चार दिन के भीतर यह कील अपने आप मोशन के रास्ते बाहर नहीं निकलती है तो ऑपरेशन करना होगा। लेकिन असली चुनौती इसके बाद शुरू हुई। विकी ने बताया कि वह छोटे थे और क्योंकि ऑपरेशन का नाम सुनकर घर में सभी डर गए थे, तो अगले ही दिन से किसी तरह कील वॉशरूम के रास्ते उनके पेट से निकालने की कोशिश का मिशन शुरू हो गया।

# 1000 करोड़ी फिल्म के सीक्वल पर काम शुरू करेंगे बच्चन

प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन स्टारर कल्कि 2898 एडी ने बॉक्स ऑफिस 1000 करोड़ की तूफानी पारी खेली थी। इस फिल्म की रिलीज के बाद से ही फैन्स कल्कि 2 की अपडेट्स पर अपनी-अपनी निगाहें टिकाए बैठे हैं। अब अमिताभ बच्चन कल्कि 2898 एडी की डायस्टोपियन साइंस-फिक्शन दुनिया में एक्शन से भरपूर वापसी के लिए कमर कस रहे हैं। कल्कि 2 पर अब बड़ा अपडेट सामने आया है। जिसमें बताया गया है कि अमिताभ इस फिल्म की शूटिंग कब से शुरू करने वाले हैं। कल्कि के पहले पार्ट में अमिताभ बच्चन का काम प्रभास और दीपिका पादुकोण पर काफी भारी पड़ा था। हर किसी ने अमिताभ की तारीफ की थी। रिपोर्ट के अनुसार, दिग्गज एक्टर मई में मोस्ट अवेटेड सीक्वल, कल्कि 2 की शूटिंग शुरू करेंगे। अश्वत्थामा के रूप में एक बार फिर से बिग बी वापसी करेंगे। इस फिल्म के जरिए सुपरस्टार के फैन्स को अलग एक्सपीरियंस मिलने वाला है। कल्कि 2 में एक शानदार कहानी और जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे। फिल्म में प्रभास, कमल हासन और दीपिका पादुकोण भी अपने दमदार किरदारों में नजर आएंगे। कौन बनेगा करोड़पति के 16वें सीजन को खत्म करने के बाद, अमिताभ बच्चन अब अपना ध्यान नाग अश्विन के डायरेक्शन में बन रही कल्कि 2 पर दे रहे हैं। रिपोर्ट की माने तो अमिताभ मई में शूटिंग शुरू करेंगे।



शुभ मुहूर्त में हुआ होलिका दहन

परंपरागत ढूंढ़ की रस्म की अदा

# उत्साह व उमंग के बीच मनाई होली, रंगों से एक-दूसरे को किया सराबोर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**पाली।** शहर समेत जिलेभर में होली का पर्व उत्साह व उमंग के बीच धूमधाम से मनाया गया। गुरुवार शाम ढले शुभ मुहूर्त में होलिका का दहन किया गया। श्रद्धालुओं ने होली की परिक्रमा कर सुख समृद्धि की कामना की। नवजात बच्चों को ढूंढ़ने की रस्म अदा की गई। शुक्रवार को एक-दूसरे पर रंग बरसा कर होली खेली गई। शहर में सुबह से ही बच्चों और युवाओं की टोलियां हाथों में रंग गुलाल लेकर निकल पड़ी। बुरा ना मानो होली है के शोर के बीच एक-दूसरे को रंगों से सराबोर कर दिया। ढूंढ़ की रस्म निभाने लोग ढोल ढमाकों के बीच नाचते गाते पहुंचे एवं परंपरा का निर्वहन किया। आगंतुकों की व्यंजनों के साथ आवभगत की गई। उधर गली मोहल्लों लोग जमकर होली खेलते नजर आए। रंग भरे गुब्बारों से कोई भी बच नहीं सका। बच्चों में सर्वाधिक उत्साह नजर आया। विधायक भीमराज भाटी, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, जिला कलक्टर एलएन मंत्री, एसपी चूनाराम जाट सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने भी होली का लुत्फ उठाया। कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस मुस्तैदी से जुटी रही।



**देसूरी।** कस्बे सहित क्षेत्र में परंपरानुसार होली का पर्व मनाया गया। कस्बे में पूर्व बस स्टैंड पर, सेली माता कॉलोनी में विधिवत पूजा अर्चना कर होलिका दहन किया गया। होलिका दहन को लेकर भारी भीड़ उमड़ी। होलिका दहन के बाद नवजात शिशुओं को होली की परिक्रमा करवाई गई। दूसरे दिन रंगोत्सव मनाया गया। अबीर गुलाल व अन्य रंगों से एक दूसरे को सराबोर करते नजर आए। दोपहर बाद सामाजिक रीति रिवाजों के अनुसार समाज के लोगों द्वारा नवजातों को ढूंढा गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित मय जाब्ता गश्त पर रहे। मुस्लिम समुदाय ने पवित्र रमजान माह के शु वार को जुम्मे की नमाज अकीदत के साथ अदा की। हिन्दू मुस्लिमों ने एक दूसरे को पर्व की बधाई दी।




**बाली।** नगर के मैन बाजार मुख्य चौहटे में होलिका दहन शुभ मुहूर्त में गाजे बाजे के साथ किया गया। सनातन धर्म मंडल अध्यक्ष अजयपालसिंह जोधा ने बताया कि होली सनातन धर्म का मुख्य त्यौहार है। नगर के युवाओं द्वारा होलिका दहन तैयारी में सहयोग किया गया। नगर पालिका का भी विशेष सहयोग रहा। सर्वप्रथम पुरानी कचहरी स्थित ठाकुरजी के मंदिर के सामने पं अवधेश व्यास द्वारा मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना कर होलिका की पूजा अर्चना की गई। उसके बाद लोग गाते बजाते मुख्य चौहटे में पहुंचकर होलिका दहन किया। इस दौरान युवाओं ने जयश्री राम और हर हर महादेव के नारे लगाए। दूसरे दिन शु वार को दिनभर नगरवासियों ने नगर की परि मा करते हुए एक दूसरे को गुलाल व रंग लगाकर होली का उत्सव मनाया व एक दूसरे को बधाई दी। शाम को मुख्य चौहटे पर गैर नृत्य का आयोजन किया गया। नवजात शिशुओं को ढूंढने की रस्म अदा की गई।





**नाडोल।** कस्बे व आस पास गांवों में होली का पर्व हर्ष के साथ मनाया गया। शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया गया। होली चौक चौधरियों के दरवाजे पर पं नटवरलाल त्रिवेदी एवं पंचगणों ने पूजा की। इसक बाद होलिका दहन हुआ। नये परिधान में गेरिए रंगीन छाते लहराते धमचक मचा रहे। महिलाएं लुर नृत्य में तल्लीन नजर आई। सिद्धी विनायक मित्र मंडल, किसान नव युवक मंडल व्यवस्था में जुटा रहा। राठौड़ी गेर मंडल नाडोल द्वारा गैर नृत्य किया गया। दूसरे दिन गुलाल व रंगों से एक दूसरे को सराबोर कर होली खेली गई। सुरक्षा व्यवस्था को चौकी प्रभारी भैरुसिंह मय जाब्ता तैनात रहे।



**फालना।** शहर समेत समूचे क्षेत्र में होली का पर्व उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। होलिका दहन के दूसरे दिन रंगों से होली खेली गई। फालना गांव के रावले में गैर नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। ठा अभिमन्युसिंह व कुंवर आदित्यराजसिंह अतिथियों का स्वागत किया। परंपरा का निर्वहन किया गया। इससे एक दिन पहले अभिमन्युसिंह ने अपने जन्मदिन पर सुमेरपुर में मंदबुद्धि बच चों को भोजन कराया।





**नारलाई।** कस्बे सहित क्षेत्र में होली का महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। होलिका दहन के दूसरे दिन रंगोत्सव पर एक-दूसरे पर जमकर रंग बरसाए गए। ढूंढोत्सव पर बच्चों को ढूंढने की रस्म निभाई गई।

**खिंवाड़ा।** कस्बे सहित समूचे अरावल क्षेत्र में गुरुवार को होली का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। गुरुवार शाम को नवजात शिशुओं की बैंडबाजों के संग बंदोली निकालकर होली के फेरों की रस्म अदा की गई। शु वार को नवजात शिशुओं की ढूंढ की रस्म निभाई गई। युवाओं के साथ महिलाओं व नन्हें-नन्हें बालकों ने जमकर रंगोत्सव मनाया। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण परिवेश में नवजात लड़कों के साथ ही नवजात बालिकाओं की भी ढूंढ धूमधाम के साथ की गई।



**सांडेराव।** सामाजिक समरसता का प्रतीक होली का पर्व उत्साह, उंमग और उल्लास के साथ मनाया गया। ग्रामीणों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल से तिलक लगाकर एवं रंगों की बौछार करते हुए होली की शुभकामनाएं दी। गुरुवार रात पं कांतिलाल ओझा व पं राजूभाई दवे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा-अर्चना के साथ नारायणसिंह राजपुरोहित की ओर से मुख्य होली का दहन किया गया। इस दौरान बहादुरसिंह राणावत, रामपालसिंह राणावत, परबतसिंह राणावत, किशोरसिंह राजपुरोहित, महावीर मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या ग्रामीण मौजूद थे। होलिका दहन से पूर्व महिलाओं व पुरुषों ने होलिका की पूजा करते हुए तिल, जौ, माला-नारियल अर्पित किए। दहन के समय प्रहलाद को होलिका से बाहर निकलने की खुब होड़ मची रही। लोगों ने होली की परि मा करते हुए सुख और शांति की प्रार्थना की। शु वार को चंग की थाप पर निकले गेरियों ने खूब धूम मचाई। टोलियों में निकले बच्चों व युवाओं ने एक-दूसरे के घर जाकर रंग लगाया। बड़ों से रामाश्यामा कर होली की शुभकामनाएं दी। गली मोहल्लों में सुबह से ही रंग बरसाने का दौर शुरू हो गया जो दिनभर जारी रहा। बच्चों की टोलियों ने अपने दोस्तों को रंग लगाकर होली खेली। युवतियां भी होली खेलने में पीछे नहीं रही। मंदिरों में फागोत्सव मनाते हुए नारियलों की आहुति दी। निम्बेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चढावे में आए 8 हजार 996 नारियलों के साथ 151 किलो अगरबती जलाकर होली का पर्व मनाया। अम्बिका मंदिर सांडेराव में संत मनसुख हीरापुरी महाराज की निश्रा मे सात रंग के अबीर-गुलाल के साथ फागोत्सव मनाया गया। देर शाम गांव की गेर पं शिवकरण के साथ धमचक मचाते हुए अम्बिका चौक पहुंची। मां के दरबार में भजन-कीर्तन करते हुए होली का रंग बरसाया।



**सुमेरपुर।** नगर सहित उपखंड क्षेत्र में दो दिवसीय होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। गुरुवार देर रात शुभ मुहूर्त में शीतला माता चौक परिसर एवं उंदरी स्थित होली चौक सहित गांवों में होलिका दहन किया गया। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने भी होलिका दहन कार्य म में शिरकत की। लोगों ने होली की आग में गेंहू की बालियां सेकी। होलिका दहन के पश्चात नगर वासियों ने अपने नव जन्में बच्चों को घोड़े, रथ व ऊंट पर बिठाकर डीजे की धून पर थिरकते हुए ढुंढने के लिए लेकर पहुंचे। इससे पहले लोगों द्वारा होलिका का पूजन किया गया। अपने बच्चों की दीर्घायू की होलिका से कामना की गई। सीओ जितेन्द्रसिंह सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। दूसरे दिन शु वार को एक-दूसरे पर गुलाल डालकर रंगोत्सव मनाया गया। कई लोगों ने विभिन्न रंग बरसाए। शाम को नगर के देवनगरी स्थित जागनाथ महादेव मंदिर परिसर में शाही गैर का आयोजन किया गया। जिसमें गैरियों ने ढोल की थाप पर धमचक मचाई। गैर देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। गैरियों ने पारंपरिक वेशभूषा पहनकर गैर नृत्य में भाग लिया। उपखंड के गांवों में भी होलिका दहन कार्य म आयोजित हुआ। जगह-जगह गांव शाही गैर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।



## मधुमक्खियों के हमले में ऑटो चालक घायल

बचने के लिए कूदना पड़ा पानी में



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**बाली।** क्षेत्र के सेवाड़ी में एक ऑटो चालक मधुमक्खियों के हमले का शिकार हो गया। हादसा उस समय हुआ जब चालीस वर्षीय चालक साबिरखान ऑटो लेकर सेवाड़ी गांव जा रहे था। रास्ते में चाय पीने के लिए रुकने के दौरान मधुमक्खियों ने उस पर हमला कर दिया। बचाव के लिए साबिर ने तुरंत पास ही स्थित पानी के अवाले में छलांग लगा मधुमक्खियों के डंग से खुद को बचाया। मधुमक्खियों के शांत होकर चले जाने के बाद अस्पताल पहुंचा। जहां डा कमल किशोर शर्मा ने मधुमक्खियों के डंक को निका उपचार किया।

## नारायणी महिला मंडल ने मंदिर में मनाया होली महोत्सव



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सुमेरपुर।** नगर के पोस्ट ऑफिस रोड जोधेश्वर महादेव मंदिर परिसर स्थित गोपालजी मंदिर में शनिवार को नारायणी महिला मंडल ने होली महोत्सव मनाया। प हरिशंकर ने बताया कि मंडल की महिलाओं ने गोपालजी की पूजा-अर्चना करने के बाद उन्हें फूलों से होली खेलाई। अबीर-गुलाल से आपस में होली खेली। होली पर्व मनाने के दौरान मंदिर परिसर में होली के फाग गीत-गायन का कार्य म भी हुआ। महिलाओं ने एक-दूसरे को होली पर्व की बधाई दी। इस मौके पर मंडल की दमयंती अग्रवाल, सीतादेवी नागर, पुष्पादेवी शर्मा, कांतादेवी अग्रवाल, नीतू शर्मा, रेणू अग्रवाल, आशा अग्रवाल, विनीता, हेमा आदि मौजूद रहे।

## आग ने चार ट्रोली चारा स्वाह, भैंसें झुलसी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**नाडोल।** कस्बे के बेरा दिमरा पर शुक्रवार दोपहर शॉर्ट सर्किट से लगी आग से चार ट्रोली सूखा चारा स्वाह हो गया एवं आग की चपेट में आने से समीप ही बंधी भैंसें झुलस कर घायल हो गई। पुलिस के अनुसार नाहराराम, रईगंराम चौधरी के रहवासी बेरे (वेरा दिमरा) पर तेज हवा चलने के दौरान पेड़ की टहनियों के विद्युत तारों से टकराने के साथ शॉर्ट सर्किट हो गया। इस दौरान नीचे रखे चारे ने आग पकड़ ली। करीब चार ट्रोली चारा स्वाह हो गया। इस दौरान समीप ही बने बाथरूम का दरवाजा जल गया। वहीं बंधी भैंसों को आग ने चपेट में ले लिया जिससे शरीक का कुछ हिस्सा झुलस गया। सूचना मिलने पर मौके पर रानी व सादड़ी से पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। इस बीच नाडोल पुलिस चौकी कार्मिक व पटवारी हजारी विश्नोई ने मौके पर पहुंच मुआयना किया व फर्द रिपोर्ट तैयार की। इस दौरान समाजसेवी अमरसिंह राजपुरोहित, भोलाराम गहलोत, गजाराम, मोडाराम, राजेन्द्रकुमार, चमनाराम, फुआराम, बाबूलाल, मुकेशकुमार, वक्ताराम, इंदाराम, गणेशराम सहित ग्रामीणों ने आग बुझाने में सहयोग किया। पीड़ित किसानों ने बताया कि इस बेरे पर करीब बीस परिवार रहते है। उन्होंने ट्रांसफार्मर को उनके आवास से कुछ दूर लगवाने की मांग की।

## थ्रेसर मशीन की साफ्ट में फंसने से किसान की मौत

फसल निकालते वक्त शर्ट मशीन में फंसने से हुआ हादसा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**बाली।** कस्बे जौ की फसल निकालते समय थ्रेसर मशीन की साफ्ट में शर्ट फसने के साथ चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शु वार दोपहर करीब दो बजे दलावतों का खेड़ा निवासी सवाराम गरासिया (45) अपने खेत में जौ की फसल निकाल रहा था। थ्रेसर मशीन की साफ्ट में अचानक काम के दौरान शर्ट फंस ने से उसके पेट का आगे का हिस्सा भी मशीन में आ गया। किसान की चीखें सुनकर आस-पास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत ट्रैक्टर बंद कर सवाराम को बचाने की कोशिश की। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मशीन में फंसने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। भीमाणा चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मशीन में फंसे शव को बाहर निकाला। शव को चामुंडेरी हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के भाई सोमाराम ने ट्रैक्टर ड्राइवर रेशमाराम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। दोनों भाई दूसरों की जमीन पर काश्तकारी करते थे।



## काणा तालाब दरगाह पर उर्स 21 मई को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**देसूरी।** देसूरी-घाणेराव के मध्य काणा तालाब के किनारे कौमी एकता की प्रतीक शहीद हसन वली बाबा की दरगाह पर सालाना उर्स 21 मई को मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर दरगाह स्थल पर इन्तजामियां दरगाह व उर्स कमेटी की बैठक हुई। जिसमें उर्स के सफल आयोजन हेतु साबीर अशरफी देसूरी व मोंटूभाई घाणेराव को संयोजक नियुक्त किया गया। टी सदर नबाब बेग मिर्जा, नायब सदर व उर्स कमेटी संरक्षक अल्लारक खां पठान, कैशियर मुबारक अली, न्याज मोहम्मद, दिलदार खां, शमशेर खां, बंटीभाई, आशीष, सरफराज सहित दरगाह व उर्स कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

# फाल्गुन की मस्ती से सरोबार सतरंगी बौछार

## धूमधाम से मनाया रंगों का पर्व होली

## ग्रामीण अंचलों में भी रही पर्व की धूम







**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** अंचल में रंगों का पर्व होली धूमधाम व परम्परागत तरीके से मनाया गया। शुक्रवार सुबह से वातावरण गुलाल व विविध रंगों से आच्छादित रहा। दिन भर एक-दूसरे के गुलाल व रंग लगाने का सिलसिला जारी रहा। पर्व के तहत बच्चों व युवाओं ने रंगों का पर्व मनाया। उनकी मस्ती देखते ही बनती थी। अपराह्न तक रंग व गुलाल से सरोबार लोग ढोल व चंग की थाप पर थिरकते रहे। पर्व के तहत पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।

होली पर्व के तहत विष्णु धर्मशाला के बाहर, आबकारी, लुनियापुरा, सांतपुर, सदर बाजार, रेलवे कॉलोनी, महावीर टाकिज के समीप, अम्बिका कॉलोनी, रीको कॉलोनी, आकराभट्टा समेत विभिन्न स्थानों पर गुरुवार को होली बनाई गई। महिलाओं ने होली की पूजा-अर्चना कर मंगल कामनाएं की। इसके बाद शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया गया। अगले दिन शुक्रवार सुबह से शहर के गली-मोहल्ले युवाओं व बच्चों के हुड़दंग व मस्ती से गुंजायमान रहे। महावीर टाकिज के पास स्थित अंबिका कॉलोनी में बुजुर्ग, युवा व बच्चों पर रंगो के पर्व होली का जादू सिर चढ़कर बोला। कॉलोनी के प्रत्येक घर जाकर पर्व की शुभकामनाएं दी। महिलाएं व युवतियां भी होली खेलने में पीछे नहीं रही। लोगों ने एक-दूसरे के घरों पर जाकर रंग-गुलाल लगाया। दिन भर वातावरण फाल्गुन की मस्ती व रंगों की बौछार से सराबोर रहा। पर्व के तहत पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। अम्बाजी व अमीरगढ़ में भी पर्व परम्पपरागत तरीके से मनाया गया।

इसी तरह इसी तरह शांतिवन में होली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। बीके गीता ने कहा कि त्योहार हमें यही सिखाते हैं कि रिश्तों में आपस में जो दूरियां बन गई हैं, संवाद की कमी से जो गलतफहमियां हो गई हैं उन्हें त्योहार के माध्यम से दूर कर दें। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके उर्मिला ने कहा कि परमात्मा कहते हैं कि आत्मा में मूल स्वरूप में खुशी, शांति, प्रेम, सुख, पवित्रता, आनंद और शक्ति यह सात विशेषताएं हैं। अहमदाबाद से आई बालिका ने डांस की प्रस्तुति दी। गायक बीके युगरतन भाई ने होली उत्सव पर गीत गाया। इस मौके पर बड़ी संख्या में देशभर से आए भाई-बहनें मौजूद रहे।

### मेले का उठाया लुत्फ

*केसरगंज में होली के तहत शुक्रवार शाम को भरे मेले में लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। विभिन्न प्रकार के झूलों का आनंद लिया। विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की स्टॉलों पर भीड़ लगी रही। नगरपालिका की ओर से मेला स्थल पर व्यापक इंतजाम किए गए। वहीं सुरक्षा के लिहाज से पुलिस मोर्चा संभाले रही।*

### साकार हुई अग्नीपथ की आदिवासी संस्कृति

*होली पर्व के तहत गुजरात से सटे जाम्बुड़ी में आदिवासी लोक संस्कृति साकार हुई। आदिवासियों ने ढोल की थाप पर लोकगीतों पर नृत्य किया। दहकते अंगारों से नंगे पैर निकले। लोकगीतों के बीच एक दूसरे को होली की बधाई दी।*

## रामनवमीं महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** वैष्णव समाज नगर मंडल की बैठक सिंधी कॉलोनी के झूलेलाल मंदिर परिसर में हुई। अध्यक्ष प्रवीण वैष्णव की अध्यक्षता में हुई बैठक में 6 अप्रैल को रामनवमीं पर्व की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में मंडल के चुनाव करवाए गए। जिसमें सर्व सहमति से दशरथ वैष्णव को सर्व समिति से अध्यक्ष चुना गया। कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश वैष्णव, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश, सचिव नितिन वैष्णव, संगाठन मंत्री खीमदास, मीडिया प्रभारी पंकज वैष्णव, सहलाकार समिति सदस्य शंकरदास, डूंगरदास, संतोष भाई, लोकेश भाई, ताराचंद, सोहनदास मनोनीत किए गए। जगदीश वैष्णव, रमेश वैष्णव, जितेंद्र वैष्णव, तुलसीदास वैष्णव आदि समाजबंधु उपस्थित थे।

## बंद पड़े मकान में चोरों ने मारी सेंध



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** आकराभटटा क्षेत्र में बंद पड़े मकान में चोरों ने सेंध मार दी। आकराभटटा क्षेत्र में हनुमान जी मंदिर के सामने भरतपुर निवासी राजन चौधरी किराए के मकान में रहता हैं। होली पर्व पर वह परिवार जनों के साथ गांव गया था। इसी के चलते चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाया। देर रात को मकान का ताला तोड़ दिया। घर में रखा सारा सामान अस्त-व्यस्त कर दिया। चोरी की भनक लगते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस व रहवासी परिवार को सूचना दी गई। परिवार जनों के आने के बाद ही घर से चोरी हुए सामान के बारे में पता लग सकेगा।

## रमजान माह के दूसरे जुम्मे पर उमड़ी नमाजियों की भीड़



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** पवित्र माह रमजान का शुक्रवार को दूसरा जुम्मा होने के कारण मस्जिद नमाजियों से खचाखच भरी नजर आई। मौलाना सद्दीक अकबरी ने नमाज अदा करवाने के बाद सामूहिक रूप से अमन चैन की दुआ मांगी। मौलाना अकबरी ने अपनी तकरीर में कहा कि इस माहे रमजान में हर नेकी का बदला बड़ा मिलता है। इसलिए इस माह में ज्यादा से ज्यादा इबादत कर अपने गुनाहों से तौबा करनी चाहिए। मौलाना ने कहा रोजा रखने के बाद इंसान को भूख का एहसास होता है। रमजान माह को लेकर छोटे से बड़े लोगों ने रोजा रखने को लेकर उत्साह बना हुआ है।

## माधव विवि के विद्यार्थियों ने किया सूर्य वेधशाला का भ्रमण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय के फिजिक्स विभाग, फैकल्टी ऑफ डिफेंस एंड एप्लाइड साइंसेज के छात्रों ने जापान में स्थित प्रसिद्ध सूर्य वेधशाला का आरंभिक भ्रमण किया। यह वेधशाला मधुशाला सागर झील के मध्य में स्थित है और यह भारत के प्रमुख सूर्य वेधशाला में शामिल है। जो भौतिक अनुसंधान में तीर्थयात्रियों के प्राचीन तीर्थस्थलों और खगोल विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस स्टार्टअप यात्रा में 20 छात्र-छात्रों के साथ डॉ. ममता बेन सोनी, डॉ. रोहिताश कुमार और डॉ. भाविन सोनी ने भाग लिया। भ्रमण के दौरान छात्रों को वेधशाला की यात्रा, सौर्य अन्वेषण और खगोलीय अनुसंधान के विषय में गहन जानकारी दी गई। इस स्टार्टअप टूर का आयोजन फिजिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ममता बेन सोनी के नेतृत्व में, जो इस यात्रा के अतिथि भी घूमे। इस आयोजन के लिए फैकल्टी ऑफफिज एंड एप्लाइड साइंसेज के अधिष्ठाता डॉ. जिगर सोनी ने डॉ. ममता बेन सोनी को बधाई दी और उनकी कृति की अभिनेत्री की। विश्वविद्यालय के वयस्क डॉ. प्रिंस, चेयरपर्सन स्टॉकहोमसिंह डेवेल, प्रेसिडेंट डॉ. राजीव मथुरा और स्केट डॉक्टर भावेश कुमावत ने इस पहल की शुरुआत करते हुए कहा कि इस प्रकार की शुरुआती यात्रा छात्रों के प्राकृतिक ज्ञान को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्हें शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

## नाबालिग ने की आत्महत्या

**आबूरोड।** आवल में अज्ञात कारणों के चलते नाबालिक किशोर ने आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची सदर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के अनुसार धागियाफली निवासी अर्जुन पुत्र बाबूराम गरासिया ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर सहायक उप निरीक्षक हरिदास वैष्णव मौके पर पहुंचे। मृतक के परिजन व रिश्तेदार, सकाराम, बाबूराम, प्रभुराम, पप्पू व अर्जुन आदि मोर्चरी पहुंचे। पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है।

## दो दिवसीय करियर गाइडेंस कार्यशाला आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालन्द्री।** नवोदय विद्यालय कालंद्री में दो दिवसीय करियर गाइडेंस कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्य पी. सेलवम ने अतिथि का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के लिए करियर गाइडेंस की महत्वता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में जाने-माने शिक्षा सलाहकार और जेएस ग्लोबल उदयपुर के करियर काउंसलर जितेंद्रसिंह ने विद्यार्थियों को भिन्न-भिन्न गतिविधियों के माध्यम से खुद से परिचित होने, अपनी रुचियां को चिन्हित करने, कौशल को जानने और व्यक्तित्व से रूबरू होने के तरीके बताएं। आठवीं नवी कक्षा से ही विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व के निर्माण में लग जाए और जरूरी सॉफ्ट स्किल सीखें तो करियर की राह आसान हो जाती है। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों को अपने चुने हुए विषय क्षेत्र में करियर बनाने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। परामर्श दात्री अनामिका चक्रवर्ती और संगीत शिक्षक डॉ. राकेश पालीवाल ने सहयोग दिया।

## सीएम की घोषणा से क्षेत्र का होगा विकास, दायरा भी बढ़ेगा

### मंडार को पंचायत की जगह मिलेगा नगर पालिका का दर्जा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को सिरोही जिले के मंडार पंचायत को नगर पालिका में बदला है। जिससे क्षेत्र के लोग में पंचायत से अब नगर पालिका बनने पर खुशी का माहौल बना हुआ है। पिछले लंबे समय से नगर पालिका की मांग कर रहे थे। मंडार के नगर पालिका बनाने की घोषणा होने से सिरोही जिले में 6 नगर पालिका और एक नगर परिषद हो जाएगी। क्षेत्र के लोगों ने मंडार नवीन नगरपालिका घोषित करने पर सीएम भजनलाल शर्मा, वित्त मंत्री दीया दीया कुमारी, राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, सांसद लुंबाराम चौधरी पूर्व विधायक जगसीराम कोली सहित राजस्थान सरकार का आभार जताया। ग्रामीणों ने बताया कि मंडार पंचायत होने के कारण कई विकास कार्य नहीं हो पा रहे थे, इसके कारण लोगों को आए दिन समस्या का सामना करना पड़ता था। अब सरकार द्वारा मंडार ग्राम पंचायत को नगर पालिका में घोषित करने पर मंडार क्षेत्र का विकास होगा। ग्रामीण कांतिलाल माली, तगतसिंह परिहार, महेश अग्रवाल, अजय कुमार टांक, रावतराम चौधरी, जगदीश कुमार घांची, देवाराम रावल, कल्याण वैष्णव, शांतिलाल पटेल, जगदीश जीनगर, दिनेश कुमार घांची ने बताया कि पिछले काफी समय से नगर पालिका पंचायत समिति बनाने की मांग की जा रही थी। जिसको सरकार द्वारा ध्यान में रखते हुए नगर पालिका बनाने की घोषणा की जिसका ग्रामीणों ने खुशी की लहर छाई।

## भाजपा का जिलास्तरीय होली स्नेह मिलन समारोह आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर के पणिहारी गार्डन में रविवार को भाजपा का जिलास्तरीय होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन जाएगा। भाजपा जिला प्रवक्ता रोहित खत्री ने बताया कि भाजपा का जिलास्तरीय होली स्नेह मिलन में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, सांसद लुम्बाराम चौधरी, विधायक समाराम गरासिया, जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित, पूर्व विधायक जगसीराम कोली के सानिध्य में होगा। जिसमें भाजपा के जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, मोर्चो के जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी, प्रकोष्ठ व विभाग के जिला संयोजक व पदाधिकारी एवं भाजपा के समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## लाठी-डंडों से लैस डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों ने युवक को पीट-पीटकर कर उतारा मौत के घाट

### पुलिस ने दो लोगों को किया नामजद





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** मानपुर-रेवदर मार्ग पर चंडेला में शुक्रवार देर रात को लाठी-डंडों से लैस करीब डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों ने एक युवक को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। दूसरे गंभीर रूप से घायल को मृत समझकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर सदर पुलिस मय जाब्ता मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता के चलते डीएसपी गोमाराम चौधरी मौके पर पहुंचे।

पुलिस के अनुसार चंडेला के समीप लाठी-डंडों से लैस डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों ने तीन युवकों को रोक लिया। इससे पहले की युवक कुछ समझ पाए हमलावरों ने ताबड़तोड मारपीट शुरु कर दी। जिसके चलते एक युवक को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। तीसरे युवक ने भाग कर जान बचाई। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। युवकों के साथ मारपीट होने की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। बड़ी संख्या में मृतक व घायल के परिजन तथा रिश्तेदार मौके पर पहुंचे। मामले की नजाकत के चलते सदर पुलिस का लवाजमा मौके पर पहुंचा। डीएसपी गोमाराम चौधरी भी तत्काल माउंट आबू से घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक की पहचान चंडेला निवासी रोहिन उर्फ मोंटू पुत्र हालियाराम के रुप में हुई। गंभीर घायल चोरवान निवासी पिंटाराम पुत्र अणदाराम को उपचार के लिए आकराभटटा राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। जहां सिर में गंभीर चोट लगने से घायल हुए युवक का उपचार शुरू किया गया। फिलहाल, मौके पर मृतक के परिजन व रिश्तेदार डटे हुए हैं। पंचायती का सिलसिला लगातार जारी है। एहतियात के तौर पर पुलिस लवाजमा मौके पर मोर्चा संभाले हुए हैं। डीएसपी की ओर से समझाइश के प्रयास जारी रहे। इसके बाद शव को आबूरोड मोर्चरी में रखवाने के बाद पोस्टमार्टम आदि की कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा।

### दो आरोपियों को किया नामजद

डीएसपी गोमाराम चौधरी ने बताया कि करीब डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों ने लाठी-डंडों से लैस होकर वारदात को अंजाम दिया। जिसमें दो आरोपियों को नामजद किया गया है। आरोपियों के व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई है। पुलिस टीमों की ओर से लगातार आरोपियों की सघनता से तलाश की जा रही है। जिसके चलते शीघ्र ही वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

## स्टोर व गेराज में लगी आग, लाखों का सामान जलकर खाक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** पुराने किवरली टोल नाके के पास स्थित ब्रह्माकुमारी के मानसरोवर में बनाए गए स्टोर व गेराज में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने दावानल का रूप अख्तियार कर लिया। शैड के चारों तरफआग की लपटे धधक उठी। जिसके चलते लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर नगर पालिका की दोनों दमकल मौके पर पहुंची। दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। मानसरोवर के स्टोर गैराज में शुक्रवार अपराह्न अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने शैड को चारों तरफ से घेर लिया। गैराज व स्टोर में रखा सामान धूं-धूंकर जलने लगा। अंदर रखा ऑक्सीजन व नाइट्रोजन के सिलेंडर में धमाके होना शुरू हो गए। जिससे क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल व्याप्त हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन, सफलता नहीं मिली। इस पर नगर पालिका फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। जिस पर नगर पालिका दमकल प्रभारी जसवंत कुमार के निर्देश पर फायरमैन चिराग परिहार, मोहम्मद युनुस, नवीन कुमार, कमलेश मारू, गौतम बंजारा, अशोक चौधरी, सुरेश देवल, चालक अरुण चावरिया, शरद कुमार मौके पर पहुंचे। आग पर काबू का प्रयास शुरु किया। लगातार दो घंटे तक आग बुझाने की कवायद जारी रही। वहीं आग की भयावयता के चलते गेल इंडिया, माउंट आबू नगर पालिका दमकल, ब्रह्माकुमारी की फायर ब्रिगेड व अल्ट्राटेक की दमकल मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों की सजकता और लगातार चले प्रयास के चलते आग पर काबू पा लिए जाने से बड़ा हादसा टल गया।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने अपनों के 'संग' बजाया 'चंग'

राठौड़ की चंग की थाप, लय, ताल का संगम

फाग गीतों व चंग की रिदम पर जमकर झूमे कार्यकर्ता

राठौड़ की आवभगत से हर कोई हुआ कायल



### कई भमसा, मदन सा तो वेड़ा रा वेड़ा ही है

राठौड़ के आवास से निकली पुराने कार्यकर्ताओं की टोली में शरीक लोग राठौड़ के व्यवहार से काफी खुश नजर आए। सूरजपोल क्षेत्र के उम्रदराज कार्यकर्ता अपनी साथी से बातचीत में बोल पड़े कई भमसा...मदन सा तो मोटा पद माथे पहुंच ने भी कीं बदलिया कोनी। वेड़ा रा वेड़ा ही है पेला जेड़ा, सरल स्वभावी...।

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** मस्ती, उमंग व उत्साह का नाम ही होली है एवं जब मौका होली को हो तो क्या छोटा, क्या बड़ा। हर कोई उत्साह से लबरेज जरुर हो जाता है। कुछ ऐसे ही मस्ती में लबरेज नजर आए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़। अपने आवास पर होली महोत्सव पर आयोजित स्नेहमिलन समारोह में वे कार्यकर्ताओं के बीच चंग को पूरी तन्मयता से लय-ताल के साथ बजाने लगे तो बरबस ही हर कोई थिरकने लगा। कार्यकर्ताओं ने चंग की रिदम पर परंपरागत फाल्गुनी गीत गाए तो राठौड़ पर फाग गीत गुनगुनाते रहे। फाग गीतों से राठौड़ कार्यकर्ताओं के बीच देहाती संस्कृति को साकार करते नजर आए। कार्यकर्ताओं ने गुलाल से तिलक कर राठौड़ को होली की शुभकानाएं दी वहीं राठौड़ ने भी आवभगत में कोई कमी नहीं रखी। वे सभी से सहज भाव से मिले, होली की शुभकामनाएं दी। अपने करीबी परिचितों से परिवारजनों के बारे में भी हाल चाल जाने। भाजपा के इतने बड़े पद पर पहुंच बनाने के बाद भी राठौड़ इस मौके पर सहज कार्यकर्ता की तरह ही सभी से रूबरू हुए। उनके सरल व्यक्ति से हर कोई खुश नजर आया।

## सिरोही

# पुलिस ने वेतन विसंगति और डीपीसी की मांग पर नहीं खेली होली

>> जिले के 18 थाने तथा पुलिस लाइन में होली का किया बहिष्कार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** वेतन विसंगति और प्रमोशन को लेकर सरकार की अनदेखी से जिले के नाराज पुलिसकर्मियों ने इस बार होली के जश्न से दूरी बना ली। सभी थाने समेत पुलिस लाइन में जवानों ने होली के त्योहार का बहिष्कार कर दिया। हर साल पुलिस लाइन और थानों में जहां रंग-गुलाल उड़ते थे और डांस.गीतों का माहौल होता था, इस बार वहां सन्नाटा पसरा हैं। दरअसल, जिले में पुलिसकर्मियों ने सामूहिक रूप से होली नहीं खेली। पुलिस लाइन का गार्डन समेत जिले के



18 थाने सूने नजर आए। जिसमें कांस्टेबल से लेकर इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों ने मैसेज शेयर कर बहिष्कार का समर्थन करने की अपील की।

### यह है मांगें

पुलिस सूत्रों ने बताया कि जवानों की मुख्य मांग प्रमोशन और वेतन विसंगति को लेकर है। उन्होंने बताया कि अन्य विभागों की तरह राजस्थान पुलिस में भी समय पर प्रमोशन होने चाहिए। ऐसे में कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल से एएसआइ, एएसआइ से एसआइ और एसआइ से सीआई बनने के लिए विभागीय प्रमोशन समय पर होना चाहिए। इसके अलावा पुलिसकर्मियों की वेतन वृद्धि भी बढ़ाने की मांग की है।

## जालोर

# पुलिस कप्तान ने बरसाया रंग, अधिकारियों के संग खेली होली

● डीजे की धुन पर एसपी समेत अधिकारियों ने किया नृत्य

**जालोर।** धुलंडी के दूसरे दिन शनिवार को पुलिस लाइन में जमकर होली खेली गईं। पुलिस कप्तान के निवास पर बधाई देने पहुंचे अधिकारियों के संग एसपी ने भी जमकर होली खेली। हालांकि कुछ जवानों ने अपनी मांगों को लेकर आयोजन से अलग-थलग रहे। पुलिस अधिकारी सुबह 11 बजे डीजे के साथ एसपी ज्ञानचंद्र यादव के निवास पर पहुंचें। फिर एसपी को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इसके बाद एसपी सहित सभी अधिकारियों ने डीजे पर नाचते हुए अस्पताल चौराहा, जिला कलेक्ट्रेट से होते हुए पुलिस लाइन परिसर पहुंचे। इसके बाद डीजे पर करीब 2 घंटे



तक जमकर डांस किया। इस मौके पर सभी ने रंग उड़ाकर होली मनाई और फाग के गीत भी गाए। इधर प्रदेशभर में विभिन्न मांगों को लेकर कांस्टेबल से उप निरीक्षक स्तर के जवानों ने होली के आयोजन से दूरी बनाई और इसका बहिष्कार भी किया। जालोर में भी पुलिस कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल के जवानों ने अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर होली के आयोजन का बहिष्कार किया।

# सड़क हादसे में एक की मौत, तीन घायल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरुपगंज।** फोरलेन पर शुक्रवार शाम पांच बजे एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में एक की मौत हो गई और 3 लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस के अनुसार हादसे में खाखरवाडा निवासी ललित पुत्र विनोद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। सरूपगंज निवासी प्रवीणसिंह पुत्र किशोरसिंह, राहुलसिंह पुत्र हरिसिंह एवं पेशुआ निवासी अशोककुमार पुत्र सोमाराम गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको 108 से अस्पताल पहुंचाया। जहां तीनों घायलों की स्थिति गंभीर होने पर अन्यत्र रैफर किए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलि भी मौके पर पहुंची। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया।

# जागरूक गो सेवा संस्थान में मना होली का त्यौहार

## सबसे पहले गोमाता व नंदी को रंग लगा, गुड़ खिलाकर लिया आशीर्वाद



**सिरोही।** रंग, गुलाल प्रेम का त्यौहार पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम जागरूक गो सेवा संस्थान, जीरावल (मोडकनाथ ग्रीन) में भी होली का पर्व बड़े ही प्रेम एवं उत्साह के साथ मनाया गया। जागरूक गो सेवा संस्थान के संस्थापक एवं जागरूक टाइम्स के समूह संपादक गोविंद पुरोहित की उपस्थिति में होली की शुरुवात गौ माता एवं नंदी के साथ हुई। पुरोहित एवं उपस्थित गणमान्यों ने सबसे पहले गोमाता एवं नंदी को गुड़ खिलाकर तथा अबीर का तिलक लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात सभी ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली पर्व की बधाई एवं आगामी दिनों के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं बच्चों ने बड़ों को अबीर लगाकर आशीर्वाद लिया तो बड़ों ने बच्चों पर प्रेम, स्नेह एवं शुभाशीष बरसाए। इस दौरान सभी में विशेष उत्साह एवं उल्लास देखने को मिला।



▪ रंगों के पर्व पर बच्चों को अबीर लगा कर होली मनाते हुए जागरूक टाइम्स के समूह संपादक गोविंद पुरोहित

### ग्वालों संग सबने खेली होली

▪ होली के पावन पर्व पर सभी गणमान्यों एवं संस्थापक गोविंद पुरोहित को अपने बीच पाकर गोमाता एवं नंदी का ख्याल रखने वाले ग्वाल विशेष रूप से उत्साहित एवं प्रफुल्लित दिखे। सभी ने एक दूसरे को रंग एवं अबीर लगाकर बधाई दी। वहीं ग्वाल बंधुओं के जोश, उत्साह एवं उल्लास ने इस होली के पर्व को यादगार बना दिया।

### इनकी रही उपस्थिति

▪ इस अवसर पर गेमाराम पुरोहित, मंछाराम सुथार, मुकेश पुरोहित, तोलाराम माली, राहुल पुरोहित, मुकेश भाटी, बलवंत कोली, मुकेश माली, जवनाराम रेबारी, गमनाराम गरासिया, प्रताप सिंह, गेलाराम रबारी, कालाराम रबारी, जीतू जोगी, मुकेश भील, ताराराम भील एवं अन्य गणमान्यों तथा गो पालकों की विशेष उपस्थिति रही।







# पत्नी को भगाने के शक में साढू की हत्या

>> धारदार हथियार से सीने में किया वार, तीन आरोपी फरार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** कस्बे में पत्नी को भगाने के आरोप लगाते हुए एक युवक ने धारदार हथियार से उसके साढू की देर शाम हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने मौका मुआयना कर निर्देश दिए। थानाधिकारी फगलूराम ने बताया कि पोसालिया में गुरुवार रात करीब पौने 12 बजे मारपीट की सूचना मिली। जिस पर दल सहित मौके पर पहुंचे। वहां उन्हें पता चला कि पत्नी को भगा ले जाने के शक में एक साढू तारू ने अपने साथियों के साथ दूसरे साढू सवाराम पुत्र खीमाराम गमेती पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। उप अधीक्षक पुष्पेन्द्र वर्मा ने मौका मुआयना कर मृतक के ससूर भूराराम पुत्र दीताराम से बातचीत की तो पता चला कि




मृतक पोसालिया में एक खेत में कृषि कुएं पर काम करता था। यहां पर उसकी दूसरी पत्नी के पहले पति की बेटी का पति सकाराम आया हुआ था। शाम को ही सकाराम का साढू तारु भी आया हुआ था। तारु ने अपनी पत्नी को भगा कर ले जाने का आरोप लगाते हुए सकाराम पर अपने साथियों के साथ मिलकर धारदार हथयारों से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने सकाराम के सिर व सीने पर वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया। दूसरे दिन मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। फरार तीनों आरोपियों की तलाश जारी है।

# शार्ट सर्किट से टाटा नेक्सॉल वाहन धधक कर स्वाह

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** क्षेत्र के पहाड़पुरा किलवा फौजी रोड पर शुक्रवार दोपहर एक चलती टाटा नेक्सॉन कार में अचानक आग लग गई। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार में अचानक धुआं उठने लगा, जिसके कुछ ही देर बाद उसने आग पकड़ ली। चालक ने समझदारी दिखाते हुए तुरंत गाड़ी रोक दी और बाहर निकल गया। जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में पूरी कार जलकर खाक हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी गई, लेकिन जब तक दमकल पहुंची तब तक आधा वाहन पूरी तरह जल चुका था। इस दौरान दमकल ड्राइवर नरपत वैष्णव, चेतन कुमार, दिनेश कुमार भाटी ने जान जोखिम में डाल कर आग पर काबू पाया।



# मनमाने दाम पर शराब बेचने पर हुआ विवाद

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** मोही कस्बे मे धुलंडी पर्व पर शुक्रवार को शराब की दुकान पर प्रिंट रेट से ज्यादा पैसे लेने के विरोध में विवाद हो गया। इस पर आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध करते हुए तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। ग्राहक से ज्यादा पैसा वसूलने को लेकर कहासुनी हो गई। जिससे अपने दोस्तों को बुलाकर करीब एक दर्जन लोगों ने शराब की दुकान पर धावा बोल दिया। कुछ लोगों में मारपीट होने से खून से लथपथ हो गए हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा सभी लोगों को मौके से खदेड़ा गया। पुलिस ने दोनों पक्ष को लेकर जांच शुरू कर दी है।

# केशवना के सहायक ग्राम सेवक की इलाज में कथित लापरवाही से मौत

अस्पताल के बाहर करीब तीन घंटे आक्रोश प्रदर्शन

पुलिस ने हस्तक्षेप किया, डाक्टरों के खिलाफ मामला दर्ज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** सहायक ग्राम सेवक की एक निजी अस्पताल में कथित लापरवाही वश मृत्यु हो जाने के मामले ने एक बारगी तूल पकड़ लिया। शुक्रवार को अस्पताल के बाहर लोग पहुंचे और जमकर आक्रोश प्रदर्शन किया। पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। केशवना ग्राम पंचायत के सहायक ग्राम सेवक रूगाराम की तबीयत बिगड़ने पर उसे जालोर स्थित श्रीराम अस्पताल लाया गया। जहां डा. सौरभ त्रिवेदी व डा. अजाराम चौधरी ने आंत में रुकावट होने का हवाला दिया और ऑपरेशन की आवश्यकता जताई। अगले दिन मरीज के परिजनों ने तकरीबन पौने दो लाख रुपए अस्पताल में जमा करवा दिए। बाद में ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद तबीयत ज्यादा बिगड़ती चली गईं।

## परिजनों का आरोप है, चिकित्सकों ने गलत आंत काट दी



इसके चलते 11 मार्च को मरीज को जोधपुर स्थित एक निजी चिकित्सालय में रैफर कर दिया गया। वहां पूर्व में किए ऑपरेशन को गलत बताते हुए दुबारा सर्जरी की सलाह दी। परिजनों के अनुसार 13 मार्च की रात जोधपुर के श्रीराम हॉस्पिटल में रूगाराम का दूसरा ऑपरेशन किया गया। इस दौरान उनकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर शुक्रवार को जालोर के श्रीराम अस्पताल पहुंचे और दोपहर 12 से 3 बजे तक अस्पताल गेट पर प्रदर्शन किया। परिजनों ने श्रीराम हॉस्पिटल को सील करने और दोनों डॉक्टर के खिलाफ हत्या का केस करने दर्ज करने की मांग की। इधर मृतक के चचेरे भाई सूजाराम ने डॉ. सौरभ त्रिवेदी और डॉ. अजाराम चौधरी पर लापरवाही का मामला दर्ज कराया। परिवार का कहना है कि रूगाराम की मौत से पत्नी सीता, तीन बेटियां अनुष्का (19), पोमल (18), निरमा (10) और बेटा विजय (15) पर आर्थिक संकट आ गया है। वहीं अस्पताल में हंगामे की सूचना मिलने पर डीएसपी गौतम जैन और कोतवाल अरविंद कुमार मौके पर पहुंचे और परिजनों को शांत कराया। शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों की रिपोर्ट पर लापरवाही का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.